मंगलवार

09 अप्रैल 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



सीएम नीतीश बोले- झूठ बोलता है लालू परिवार

2



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित चुनावी सभा को किया संबोधित

# मैं अपने देश को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं: मोदी

- पीएम ने लगाए आरोप- गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा नजरअंदाज किया
- कांग्रेस ने कभी गरीबी की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा



**एजेंसी/रायपुर**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनाव प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने कभी गरीबी की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा। कांग्रेस परिवार के अमीरों को कभी महंगाई का मतलब समझ ही नहीं आया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लाखों करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया निकलता था और सिर्फ 15 पैसे गांव में पहुंचते थे। बीच में कांग्रेस 80 पैसे खुद लूट लेती थी। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि मैंने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, 'मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की, तबसे इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ये मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है, उनकी तेजी से जांच चल रही है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब नाराज होकर ये लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊंचा रखकर चलता है, मैं इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मोदी के लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है। मैं अपने देश को, अपने परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। ये मोदी को कितनी भी धमकियां दे दें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा। ये मोदी की गारंटी है। 500 साल बाद ये सपना पूरा हुआ, तो इसकी सबसे अधिक खुशी प्रभु राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को होना बहुत स्वाभाविक है लेकिन कांग्रेस और क्ठउक्र गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया। कांग्रेस के जिन नेताओं ने इस कदम को गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। ये दिखाता है कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है।

## हमने 10 साल में पूर्वोत्तर के विकास के लिए पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए

- आजादी के बाद दशकों तक नॉर्थईस्ट के राज्यों को हाशिए पर धकेल दिया गया
- कांग्रेस सरकारों ने पूर्वोत्तर के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया क्योंकि वोट बैंक के लिहाज से उनके लिए पूर्वोत्तर लाभ का केंद्र नहीं था

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर भारत की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं. उन्होंने कहा कि नॉर्थईस्ट भारत की सबसे बड़ी सफलता की कहानी है। आज नॉर्थईस्ट न दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर है। पिछले 10 साल में हमने पूर्वोत्तर के अलगाव को खत्म किया है और इसे भारत के पूर्व के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया है। एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ये बातें कहीं।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक नॉर्थईस्ट के राज्यों को हाशिए पर धकेल दिया गया। कांग्रेस सरकारों ने पूर्वोत्तर के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया क्योंकि वोट बैंक के लिहाज से उनके लिए पूर्वोत्तर लाभ का केंद्र नहीं था। जब हमने सरकार बनाई तो पूर्वोत्तर में यथास्थिति बदलने की कोशिश और इसके प्रति मेरी प्रतिबद्धता भी थी। हमने अलगाव की नीति को एकीकरण की नीति से बदल दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में पूर्वोत्तर के अलगाव को खत्म किया है और इसे पूर्व में भारत के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया है। मैंने करीब 70 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। शायद यह मुझसे पहले के सभी प्रधानमंत्रियों की कुल यात्राओं से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि 2015 के बाद से हमारे मंत्रियों ने 680 से अधिक बार नॉर्थईस्ट का दौरा किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमने शासन को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया और लोगों की इस धारणा को बदल दिया पूर्वोत्तर बहुत दूर है। पीएम मोदी ने कहा कि जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही होते हैं। हमने 10 साल में पूर्वोत्तर के विकास के लिए 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर लगाए गए। देश का पहला खेल विश्वविद्यालय मणिपुर में खोला गया। हम 8 राज्यों में 200 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र बना रहे हैं। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र से 4,000 से अधिक स्टार्टअप उभरे हैं। उन्होंने कहा 10 साल में कुल 11 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## पटना में सिविल कोर्ट के वकील के घर पर बम से हमला, हड़कंप

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना के पत्रकार नगर थानाक्षेत्र के कंकड़बाग डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता के घर पर बदमाशों ने बम से हमला कर दिया है। बाइक पर सवार होकर आए दो युवक इस वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं, इस मामले में वकील डॉ. अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि उन्हें डराने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पत्रकार नगर पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। अभिषेक प्रियदर्शी अपने परिवार के साथ मकान संख्या- ओ-90 में रहते हैं। वह पटना सिविल कोर्ट में सीनियर क्रिमिनल एडवोकेट हैं। रविवार की रात वे अपने क्लाइंट पटना कमिश्नरी के उपसमहर्ता सूरज कुमार के साथ अपने घर में स्थित कार्यालय में मौजूद थे। तभी उन्हें घर के बाहर तेज धमाके की आवाज सुनवाई पड़ी। बाहर गेट के समीप धुआं उठ रहा था। उनके स्टेनो रोहित कुमार ने बताया कि एक बाइक से दो युवक आए थे बम पटक कर भाग गए। बताया जा रहा है कि एक युवक ओ-90 के समीप बाइक से उतर गया था। दूसरा बाइक चालू करके विजयपुरी पार्क के समीप खड़ा था। रोहित वकील के घर की तरफ लौटने लगे तो बम रखकर भाग रहे युवक ने उनसे कहा था कि वहां थोड़ी देर में गोली चलने वाली है। इतने में एक तेज धमाका हुआ। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहन रखा था। दूसरे का चेहरा खुला था। दोनों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच थी। पॉश कॉलोनी में बमबाजी की घटना से हड़कंप मच गया है।

## सेना को अप्रत्याशित घटनाओं के लिए हर समय तैयार रहना होगा: जनरल

**एजेंसी/चेन्नई**

भारतीय सेना को अप्रत्याशित घटनाओं के लिए हर समय तैयार रहना होगा और किसी भी हाल में विचलित नहीं होना होगा। तमिलनाडु के वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन के दौरान थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने इन बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अचानक होने वाली घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करती हैं क्योंकि इनके बारे में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

थल सेना अध्यक्ष ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व पर भी जोर डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना के बीच आपसी तालमेल होना बेहद जरूरी है। इससे खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने और नीतियां बनाने में काफी मदद मिलती है। युद्ध के साजोसामान में प्रौद्योगिकी की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में होने वाले युद्ध और भी घातक साबित होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि नई प्रौद्योगिकियों से पारंपरिक युद्ध को नया स्वरूप मिला है। उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रौद्योगिकी सहित नये क्षेत्रों में युद्ध के विस्तार पर भी चर्चा की। जनरल पांडे ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत लगातार उभर रहा है इसलिए रणनीतिक परिदृश्य में भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की बढ़ती आवश्यकता पर जोर देना जरूरी है।

## राहुल गांधी बोले... बीजेपी आदिवासियों की जमीन छीनकर अडानी जैसों को दे देती है

**एजेंसी/भोपाल**



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनावी तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा के नेता हों या कांग्रेस के, दोनों ही दलों के नेताओं द्वारा लगातार रैलियां की जा रही हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रचार करने के लिए मध्य प्रदेश के सिवनी में पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस के लोग आपको वनवासी कहते हैं। वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। वनवासियों को ना जमीन का, ना जल का, ना जंगल का अधिकार मिलना चाहिए। आदिवासी का मतलब आप ऑरिजिनल मालिक हो, देश के पहले मालिक हो। पहले मालिक का मतलब जल, जंगल, जल पर पहला अधिकार बनता है। उन्होंने कहा कि देश को चलाने में 100 रुपए में से 10 पैसे का निर्णय आदिवासी लेता है। बीजेपी को जहां भी मौका मिलता है, आदिवासियों की जमीन छीनकर अडानी जैसों को दे देती है। बीजेपी का एक नेता मध्य प्रदेश में आदिवासी युवा के ऊपर पेशाब कर रहा था और वीडियो लेकर उसको वायरल कर रहे हैं। पहले वीडियो बनाया और फिर पूरे हिंदुस्तान को दिखा रहे हैं कि आदिवासी युवा पर पेशाब कर रहे हैं। ये इनकी सोच है, ये इनका विचार है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने जो मेनिफेस्टो बनाया है, अगर इसे पढ़ेंगे तो उसमें हमने 3-4 क्रांतिकारी काम आपके लिए किए हैं। ऐसे काम किये हैं, जिससे आपकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में युवा यही पूछते हैं कि रोजगार कैसे मिलेगा, आज मैं आपको इसका जवाब देता हूं। पूरे हिंदुस्तान में 30 लाख सरकारी वैकेंसी हैं। 30 लाख सरकार के पास रोजगार हैं, जो बीजेपी के लोग आपको देते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वो आपको कॉन्ट्रैक्ट पर काम देते हैं, आपसे मजदूरी कराते हैं लेकिन रोजगार नहीं देते, इसलिए जैसे ही हमारी सरकार बनेगी ये 30 लाख नौकरियां आपके हवाले कर देंगे। नरेंद्र मोदी जी ने मनरेगा बंद करने की कोशिश की, लेकिन हम उसको चलाएंगे।

शहडोल में आयोजित आम सभा में राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है एक तरफ कांग्रेस तो दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस। आज हिन्दुस्तान से जंगल गायब हो रहा है। भाजपा चाहती है आप सड़कों में जाकर भीख मांगो आपको कोई हक नहीं मिलेगा। वनवासी शब्द आदिवासियों के इतिहास को मिटाने वाला शब्द है।

## मोदी अगर तीसरी बार पीएम बने तो सारे विपक्षी नेता जेल में होंगे: ममता

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि अगर वो तीसरी बार पीएम बने तो सारे विपक्षी नेता जेल में होंगे। लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यदि तीसरी बार सत्ता में लौटे तो विपक्षी दल के सारे नेताओं को जेल भेज दिया जाएगा। बंगाल की सीएम ने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचार और कालाधन के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का मतलब है कि विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद जेल में डाल दिया जाएगा।

बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर गई थी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री चुनावी सभा को संबोधित करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से वह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, वह अस्वीकार्य है। बनर्जी ने बांकुरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, आप किसे धमकाने की कोशिश कर रहे हैं? हम डरे हुए नहीं हैं। प्रधानमंत्री 4 जून के बाद सभी को सलाखों के पीछे भेजने की धमकी दे रहे हैं। क्या ऐसे बयान प्रधानमंत्री को शोभा देते हैं? क्या वह संसद भवन को जेल में तब्दील करना चाहते हैं? पहले से ही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके पूरे देश को एक आभासी जेल में तब्दील किया जा रहा है। आप जो कर सकते हैं, कर लें। लेकिन हमें धमकी मत दीजिए।

बता दें कि पीएम मोदी ने जलपाईगुड़ी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि वह भ्रष्टाचार हटाने की बात करते हैं, जबकि विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार बचाने की बात करती है। पीएम ने अपने भाषण में वादा किया कि चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीएम के बयान पर पलटवार करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, क्या इस तरह प्रधानमंत्री को बात करनी चाहिए? क्या होगा अगर मैं कहूं कि चुनाव के बाद भाजपा नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा? लेकिन मैं ऐसा नहीं कहूंगी क्योंकि यह लोकतंत्र में अस्वीकार्य है। वास्तव में मोदी की गारंटी का मतलब चार जून के बाद सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालना है।

## नहीं दिखा चांद, 11 को मनेगा ईद का पर्व

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब में 10 अप्रैल को ईद का पर्व मनाया जाएगा। 8 अप्रैल को सऊदी में ईद का चांद नहीं देखा गया है जिसके बाद यह ऐलान किया गया है। पूरी उम्मीद है कि सऊदी अरब में ईद का चांद मंगलवार शाम में देखा जाएगा जिसके अगले दिन ईद मनाई जाएगी। अगर सऊदी में ईद बुधवार की है तो भारत में 11 अप्रैल को ईद मनेगी।




### गया के मोहनपुर में आयोजित सभा में तेजस्वी यादव ने पीएम और सीएम पर साधा निशाना

# बीजेपी के लोगों ने नीतीश को हाईजैक कर लिया है: तेजस्वी

- बोले तेजस्वी- नीतीश चाचा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छू रहे थे और दबा भी रहे थे, ऐसा देख बहुत दु:ख होता है, वह क्या से क्या होते जा रहे हैं
- नवादा में नीतीश कुमार ने 400 सौ को 4000 बोल दिया, आप देखते जाइए अभी वह क्या क्या बोलेंगे



**केटी न्यूज/गया**

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी गतिविधियां उफान पर हैं। पक्ष और विपक्ष दोनों ही जीत हासिल करने के लिए चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। गया में सोमवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर बरसे। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार की चार सीटों पर वोटिंग होनी है। गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में वोट डाले जाएंगे। एक तरफ जहां एनडीए ने पहले चरण की चारों सीटों पर जीत हासिल करने के लिए जोर लगा दिया है, वहीं महागठबंधन भी मतदाताओं को गोलबंद करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहता। गया सीट से महागठबंधन ने आरजेडी के कुमार सर्वजीत को अपना साझा उम्मीदवार बनाया है।

गया के मोहनपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी के लोगों ने चाचा जी को हाईजैक कर लिया है। कल नीतीश चाचा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छू रहे थे और दबा भी रहे थे। हमको उन्हें देखकर बहुत दु:ख होता है। वह क्या से क्या होते जा रहे हैं। कल नवादा में उन्होंने 400 सौ को 4000 बोल दिया। आप देखते जाइए अभी वह क्या क्या बोलेंगे।

जीतन राम मांझी का नाम लिए बिना तेजस्वी ने कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि गया में अच्छा उमीदवार नही हैं। हमेशा नरेंद्र मोदी हम लोगों के बारे में बोलते हैं कि परिवारवाद करता है। पीएम मोदी बताएं कि जीतन राम मांझी क्या परिवारवाद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बेटा को मंत्री और समधन को विधायक बना दिया। सीपी ठाकुर का बेटा विवेक ठाकुर क्या परिवारवाद नहीं हैं? जमुई में चिराग पासवान के जीजा को उम्मीदवार बनाया गया है, यह परिवारवाद नहीं है क्या?

**नीतीश ने कहा-तेजस्वी यादव के माता-पिता ने 15 साल राज किया लेकिन काम नदारद रहा**

# सीएम नीतीश ने लालू परिवार पर लगाया आरोप, कहा... ये लोग केवल झूठ बोलते हैं

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में क्रेडिट वॉर एक बार फिर से शुरू हो चुका है। तेजस्वी यादव ने पांच लाख नौकरी देने का श्रेय फिर लिया तो सियासत गरमा गई। सोमवार को जदयू कार्यालय पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि कुछ दिन के लिए उनलोगों को हम लाए। सारा काम मेरा पहले से ही किया हुआ है। आप लोग नहीं जानते हैं कि यहां पर काम कौन किया है। इन लोगों ने क्या कमा किया। 2005 से पहले क्या हाल था। उनके (तेजस्वी यादव) माता-पिता ने 15 साल राज किया लेकिन क्या काम किया। बिहार में कोई काम नहीं हुआ। शाम में कोई डर से घर के बाहर नहीं निकलता था। आपलोग पता कर लीजिए। अब पटना या कहीं भी कितने ऊंचे ऊंचे भवन बनकर खड़े हो गए। कितना विकास हुआ है। 2005 से पहले क्या हुआ था यह भी याद रखिए। नीतीश कुमार ने कहा कि ये लोग केवल झूठ बोलते हैं। बिना काम किए ही अपना प्रचार प्रसार करते रहता है। हम तो अपना काम में लगे रहते हैं। हमलोग प्रचार-प्रसार करने में ध्यान नहीं देते। पहले कितना हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता रहता था। अब क्या स्थिति है। हम तो जनता से अपील करते हैं कि मेरे काम को याद रखिए। 2005 से पहले क्या हुआ था यह भी याद रखिए। नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर हमलोग पूरी तैयारी में हैं। चिंता मत कीजिए। सब जगह जाएंगे और एक-एक चीज करेंगे। बाकी सब लोग इधर-उधर कर रहे हैं। उनको जनता देख रही है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से तेजस्वी यादव जब भी जनता से मुखातिब होते हैं या किसी भी चुनावी सभा को संबोधित कर रहे होते हैं तो वह बिहार में पांच लाख नौकरी देने का श्रेय खुद को और महागठबंधन को जरूर देते हैं।

## बीजेपी संविधान बदलना चाहती है: मुकेश सहनी

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने सोमवार को गया में राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री की तुलना हिटलर से की और कहा, मोदी लोगों को अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता तक पहुंचे। सहनी ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि विदेशों में जमा काला धन वापस लाया जाएगा और सभी लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। अब भी लोग उसी इंतजार में हैं, लेकिन अब तक यह राशि नहीं आई। भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने की कोशिश कर रही है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाया जा रहा है। आज देश गलत हाथों में चला गया है। अब इसे हटाने के लिए आजादी की लड़ाई की तरह हमे संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया था सभी को उसका इंतजार है। उन्होंने आरोप लगाए कि भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने की कोशिश कर रही है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाया जा रहा है। आज देश गलत हाथों में चला गया है। अब इसे हटाने के लिए आजादी की लड़ाई की तरह हमे संघर्ष करना पड़ेगा। विकासशील इंसान पार्टी के प्रवक्ता देव ज्योति ने मंत्री विजय चौधरी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यदुवंशी और जलवंशी अब अलग नहीं होंगे। अब जब पिछड़े के लोग मुख्यमंत्री बनने के लिए आगे बढ़ रहे हैं, तब भी भाजपा और जदयू को दिक्कत हो रही है।

## भाकपा-माले का 22 प्वाइंट का जारी किया घोषण पत्र,जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार

**केटी न्यूज/पटना**




भाकपा-माले ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र सोमवार को पटना में जारी किया। माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, पोलित ब्यूरो सदस्य रामजी राय, राज्य सचिव कुणाल, धीरेन्द्र झा, मंजू प्रकाश, शशि यादव, महबूब आलम और गोपाल रविदास ने इसे जारी किया। इस घोषणापत्र में मुख्य तौर पर 22 प्वाइंट हैं। इस दौरान दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाकपा-माले दस सालों के मोदी राज में भारत के संसदीय लोकतंत्र पर निर्लज्ज हमले के खिलाफ भारत के भविष्य बनाने की जंग में अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करने और तानाशाही को हरा कर लोकतंत्र को विजयी बनाने का आह्वान करती है। चुनावों का लोकतांत्रीकरण, बैलेट से चुनाव की मांग, सर्वोच्च न्यायालय की अनुशंसा के अनुसार मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री व नेता प्रतिपक्ष की सेलेक्शन कमिटी मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों की पारदर्शी नियुक्ति करे, राजनीतिक दलों का चुनावी खर्च सीमा निर्धारित हो, जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार हो, दलबदल पर सदस्यता स्वतः समाप्त कर दी जाए। सभी नागरिकों को रोजगार, पोषण, स्वास्थ्य व रहने का मौलिक अधिकार, भेदभावकारी सीएए-एनआरसी-एनपीआर रद्द किया जाए। समान नागरिक संहिता को पूरी तरह रद्द किया जाए, आधार को खारिज किया जाए, जनकल्याण की सभी योजनाओं को सार्वभौमिक बनाया जाए, जाति व धर्म, सेक्सुअल ओरिएन्टेशन, जेंडर आइडेंटिटी, विकलांगता के आधार पर भेदभाव को खत्म किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में आरक्षित रिक्तियों समेत सभी पदों पर तत्काल नियुक्ति, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, निजी क्षेत्र में शिक्षा व रोजगार का वादा, अग्निपथ योजना का खात्मा। राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की दर 35000 रु. प्रति माह, मजदूर विरोधी चार श्रम कोड रद्द किया जाए




## लालू की लालटेन छोड़ कई शामिल हुए कमल में



**पटना।** राजद के कई नेताओं ने इन नेताओं ने बीजेपी का हाथ थामा है। थामा बीजेपी का कमल, सियासी पारा हाई दरभंगा में बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी रहे डॉ. आरके चौधरी, पूर्व विधायक रामानंद राम ने सोमवार को अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन हुआ था।दरभंगा में बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी रहे डॉ. आरके चौधरी, पूर्व विधायक रामानंद राम ने सोमवार को अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन हुआ था।लालू अपनी पत्नी, बेटा-बेटी को आरक्षण देते हैं' सम्राट ने कहा कि भाजपा गरीबों, युवाओं और महिलाओं को आरक्षण देती है, जबकि राजद प्रमुख लालू प्रसाद अपनी पत्नी, बेटा, बेटी को आरक्षण देते हैं। यही भाजपा और अन्य दलों में फर्क है। अब तो लालू की बेटी रोहिणी आचार्य सिंगापुर से सीधे चुनाव लड़ने आ गई। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा में पद के लिए पैर नही पकड़ना पड़ता। यहां कर्म से सम्मान मिलता है और कार्यकताओं का सपना भी साकार होता है।

## रोहणी आचार्य के रोड़ से वापस लौट रहे तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत


**सारण।** सारण में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर है। मरने वालों में एक युवक छपरा लोकसभा सीट से राजद की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के रोड शो से लौट शो से लौट रहा था। वहीं अन्य दो युवक ऑफिस से घर लौट रहे थे। छपरा-मुजफ्फरपुर हाईवे पर राजा चौक कटसा के पास दो बाइक के बीच आमने से सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीन युवकों की मौत पर ही मौत हो गई। मरने वालों की पहचान आकाश कुमार ठाकुर, चंदन कुमार और धीरज कुमार के रूप में हुई है।










# शुभ मुहूर्त में आज होगी कलश स्थापना, मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## चैत्र नवरात्रि

**केटी न्यूज/डुमरांव**

चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसको लेकर बाजारों और घरों में तैयारियां अंतिम दौर में हैं। वहीं, मंदिरों को भी आकर्षित ढंग से सजाया जा रहा है। व्रत रखने वाले लोगों के लिए खाद्य सामग्री बाजार में उपलब्ध है। इसके साथ ही मांग भी बढ़ रही है। पूजन कलश, चुनरी, माला, नारियल, प्रसाद आदि सामानों की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ रही। नौ अप्रैल को पहला नवरात्र है। नगर की देवी मां काली, मां डुमरेजनी, मां दुर्गे, मां भगवती सहित अन्य मंदिरों में तैयारियां जारी हैं। यहां पर साज-सजावट के साथ रंग-बिरंगी लाइटे भी लगाया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर नवरात्र को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री सज गए हैं। पूजा और फलहार के सामान की खरीदारी की जा रही है। बाजारों में जगह-जगह दुकानें माता रानी की चुनरी और पोशाकों से भरी पड़ी है। व्रत के लिए सिंघाड़ा आटा की भी बिक्री ने जोर पकड़ा है। नवसंवत्सर को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। लोग अपने घरों और मंदिरों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। मंगलवार से नवरात्र शुरू हो जाएंगे। इस दौरान कुछ श्रद्धालु नौ दिन का व्रत रखेंगे जबकि कुछ श्रद्धालु पहल व्रत रखकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। फलहार करने वालों के लिए भी फल सहित अन्य खाद्य सामग्री की बाजार खूब आवक है।





**दुकानों पर बढ़ी पोशाकों की मांग:** चैत्र नवरात्र को देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही तैयारियां करते हुए दुकानों पर सामान सजा लिया है। दुकानों के बाहर लटकी माता रानी की चुनरी, पोशाक और अन्य सामान ग्राहकों को अपनी ओर आर्कषित कर रहा है। मुकुट, माला, मूर्ति और तस्वीर आदि की खरीदारी की जा रही है। मुख्य बाजार गोला रोड के दुकानदार लक्ष्मण प्रसाद, विजय साह करीमन, रवि कुमार आदि ने बताया कि माता रानी की चुनरी से लेकर साज-सजावट तक के सामानों की खूब बिक्री हो रहीं हैं।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के बाद ही नवरात्रि के व्रत प्रारंभ होते हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि पर कलश स्थापना के दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला शुभ मुहूर्त 9 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 11 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक रहेगा तो दूसरा अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।

## खबरें फटाफट

### वाहन जांच में ज्योति चौक और यमुना चौक से 5 .44 लाख रुपए पकड़ाया

**बक्सर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर नगर थाना द्वारा सदर सीओ प्रशांत शांडिल्य के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को पांच लाख 44000 रुपए तीन लोगों के पास से बरामद हुआ है। जिलेभर में अंचलाधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है जिसमे स्थानीय थानाध्यक्ष शामिल किये गए है। टीम द्वारा हर रोज लगातार सघन वाहन जाँच चलाया जा रहा है। पिछले 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ जिलेभर में कही भी किसी व्यक्ति को 50 हजार से अधिक की राशि लेकर नहीं जाना है बावजूद लोग पालन नहीं कर रहे है। जिसका खामियाजा थाना व अधिकारियों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सीओ प्रशांत शांडिल्य ने बताया की शहर के यमुना चौक और ज्योति प्रकाश चौक पर सघन वाहन जांच चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो बाइक सवार और एक फोर व्हीलर से क्रमशः ज्योति चौक से एक लाख 41 हजार, यमुना चौक से दो लाख तीन हजार और ज्योति चौक से दो लाख बरामद हुआ है। जिसकी जब्ती सूची बना पैसा धारकों को दे दिया गया है।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार, जेल

**डुमरांव।** थाना क्षेत्र के सुरौंधा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी हैं। पुलिस की टीम ने उनके ठिकाने से तीन लीटर देसी शराब बरामद किया। गिरफ्तार तस्करो की पहचान सुरौंधा गांव निवासी सोनू राम व लीलावती देवी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी रिश्ते में मां-बेटे बताये जाते है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इनके यहां शराब तस्करी का कारोबार चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने उनके ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से तीन लीटर देसी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### सरेंजा-कुकुढा मार्ग पर इटाढ़ी थाने के सींधाबांध के पास हुआ हादसा

# ट्रैक्टर से कुचलकर सरेंजा के पेंटर की मौत, मातम में बदलीं ईद की खुशियां

**केटी न्यूज/चौसा**

सरेंजा-कुकुढा मार्ग पर इटाढ़ी थाने के सींधाबांध के पास एक तेज गति ईट लदे ट्रैक्टर के धक्के से विक्की सवार 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जब तक लोग ट्रैक्टर को पकड़ते ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना के बाद लोगों ने युवक की पहचान की जिसके बाद उसके स्वजनों को सूचित किया, वही घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंच शव को कब्जे में ले अंतः परीक्षण को भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार चौसा प्रखंड के सरेंजा गांव निवासी शुकरुला हासमी का पुत्र गुड्डू हासमी घर पेंटिंग का कार्य करता था इसी से परिवार का भरण-पोषण करता था। वह घर पेंटिंग के लिए सींधाबांध में ठेका लिया था। उसी कार्य हेतु घर से अपनी विक्की लेकर सींधाबांध जा रहा था। तभी गांव से पहले उसे ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही ट्रैक्टर फरार हुए ट्रैक्टर को सूचना पर ग्रामीणों ने धनसोइ थाना के बिजौली गांव के पास पकड़ लिया। मगर, चालक फरार है। इस घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची इटाढ़ी पुलिस ने शव को कब्जे में ले कागजी कार्रवाई पूरी कर अंतःपरीक्षण हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रविकांत ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वही ट्रैक्टर पकड़े जाने की सूचना पर पुलिस ट्रैक्टर के मालिक व चालक की पहचान करने में जुटी है। आने वाले दो दिनों बाद मुस्लिम धर्मावलम्बियों का खास पर्व ईद है। जहां पर्व को लेकर गरीब-अमीर सभी घरों में तैयारी चल रही थी। बच्चे भी खुशी का पर्व का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच गुड्डू की मौत की खबर ने स्वजनों के बीच खुशी के पर्व को मातम में बदल दिया। जहा पत्नी खबर के बाद से बेहोशी के आलम में है। बड़ी बेटी व मृतक की माँ का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। बच्चे भी परिजनों के रोने के माहौल से गमगीन है। बता दे कि मृतक गुड्डू इस परिवार का अकेला कमाने वाला था। अपनी मेहनत से जो भी कमा कर लाता उससे पूरे परिवार का भरण पोषण हो रहा था। उसके परिवार में उसकी दो बेटी एक पुत्र के अलावे पत्नी व मा है। अब गुड्डू के आकस्मिक दुनिया से दूर चले जाने से परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है।



## ट्रैक्टर से कुचलकर अधेड़ की मौत स्वजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**चौसा।** चौसा-बक्सर मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा दुर्गा मंदिर के पास विगत रविवार की देर शाम लगभग 8.30 बजे एक ट्रैक्टर ने अधेड़ को कुचल दिया। वही, ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़ भाग गया। इस घटना के थोड़े देर बाद वहा भीड़ लग गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन आनन-फानन में घायल को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहा इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। वही, परिजन हत्या का आरोप लगा हंगामा करने लगे। जिसके बाद पहुंचे डीएसपी धीरज कुमार ने मामले को शांत करा आरोपी के धर-पकड़ में जुटी है।

जानकारी के अनुसार बारा मोड़ निवासी देवीदयाल पांडेय का 52 वर्षीय पुत्र नरेंद्र पांडेय अपने पुराने घर से खाना खाकर स्टेशन रोड स्थित नए घर के लिए पत्नी के साथ जा रहा था। इसी बीच एक तेज गति ट्रैक्टर ने अधेड़ को कुचल दिया। वही पत्नी बाल-बाल बच गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़ भाग गया। आनन-फानन पुलिस ट्रैक्टर को जब्त करते हुए, घायल को स्वजनों के साथ सदर अस्पताल पहुचाया जहा इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके बाद स्वजनों ने हंगामा मचा दिया। जिनका कहना था कि भूमि को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद था। जिसको लेकर जान-बूझकर ऐसा किया गया है। पूर्व में उनलोगों द्वारा धमकी दी गई थी। अगर ज्यादा विवाद करोगे तो ट्रैक्टर चढ़ाकर मार देंगे। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की पहचान कर ली गई। उक्त ट्रैक्टर चौसा का है। स्वजनों से ऐसी शिकायत मिली है। ट्रैक्टर चालक जान-बूझकर ट्रैक्टर चढ़ा दिया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। जबकि,स्वजनों के आवेदन के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## व्यक्ति नहीं विचार थे स्व. श्रीराम ओझा, विकास पुरुष के रूप में लोग करते हैं याद: रमेश पाण्डेय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

व्यक्ति नहीं विचार थे स्व. श्रीराम ओझा जो आज भी लोगों के जेहन में मौजूद है। व्यक्ति मरता है विचार नही, यही वजह है आज चार दशक बाद भी श्रीराम ओझा प्रासंगिक है और लोग उन्हे विकास पुरुष के रूप में याद करते है। उक्त बाते रघुनाथपुर के भूतपूर्व मुखिया स्व. श्रीराम ओझा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रंद्धाजलि सभा सह विचार गोष्ठी में दक्षिण बिहार पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रमुख रमेश पाण्डेय सुदामा ने कही। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के कई गणमान्य समाजसेवी, शिक्षाविद एवं उनके पुराने सहयोगीयों ने सम्मिलित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व. श्रीराम ओझा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए श्रंद्धाजलि सभा मे उपस्थित लोगों की आंखे नम हो गई। सर्वप्रथम उनके बड़े पुत्र श्री शिवकुमार ओझा ने तैलचित्र पर माल्यर्पण कर एवं दीप जलाकर श्रंद्धाजलि सभा की शरूआत की ततपश्चात सभा को संबोधित करते हुए भाजपा ब्रह्मपुर विधानसभा संयोजक शम्भू चंद्रवंशी ने कहा कि श्रीराम ओझा का जाना रघुनाथपुर में एक युग का अंत था। उनके जाने के बाद विकास की धारा रुक सी गई है। सर्वप्रथम विकास का स्वाद रघुनाथपुरवासियों को उन्होंने ही चखाया था। चाहे वो गांव की पहली पक्की सड़क हो, बिजली हो स्कूल हो या हॉस्पिटल। वो भी सत्तर अस्सी के दशक के उस दौर में जब ग्राम पंचायत एवं मुखिया के पास अपना कोई फंड नहीं होता था। सभा मे उपस्थित उनके सहयोगी रहे गोपाल सिंह, भृगुनाथ पांडे, माधव भगत, गोबिंदा पाल आदि वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय ओझा जी बहुआयामी व्यक्तित्व के थे।



## खानपान में बदलाव के कारण लोग हो रहे बीमारियों के शिकार: डॉ श्रवण

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को रेडक्रॉस भवन में रेड क्रॉस सोसाइटी, आईएमए एवं रोटरी के तत्वावधान में स्वास्थ्य दिवस पर थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार है विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। आयोजन नगर के रेडक्रॉस भवन में आयोजित कियो गया। जिसमे रेडक्रॉस के सचिव डॉ श्रवण कुमार तिवारी संचालन एवं डॉ सीएम सिंह ने अध्यक्षता की। इस दौरान डॉ श्रवण तिवारी ने कहा कि लोगों की बदली जीवन शैली के कारण रहन-सहन प्रभावित हो गयो है। वहीं खान-पान भी प्रभावित हो गयो है। जिसके कारण हम लोग अपने स्वास्थ्य से भटक रहे हैं। भागदौड़े की जीवन में संतुलित भोजन लेने तथा प्रतिदिन की कार्यशैली में शारीरिके श्रमे को भी जगह देने की बाते की। जिससे ह म ा ा र ा शरीरे स्वस्थ्ये रहे सके। बीमारियों से बचे सकें।

जिसमें वक्ता के रूप में आईएमए के अध्यक्ष रंगनाथ तिवारी, रोटरी के अध्यक्ष राजेश केसरी, डॉ अरुण कुमार रेडक्रॉस से प्रभारी पॉलो किलिनीके दौलत गुप्ता, आपदा प्रभारी राजीव सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी सचिन कुमार, आईएमए सचिव डॉ रितेश चौबे, डॉ अनिल सिंह, डॉ मनीष पाण्डेये, झब्बू रॉय समेत अन्य लोग उपस्थिते रहें. सब लोगों ने स्वास्थ्य के बारे में अपनी अपनी बात रखी और लोगों को

### बक्सर लोकसभा क्षेत्र से दो बार के सांसद रहनेवाले बाबा को इस बार पार्टी ने किया दरकिनार

# बोले अश्विनी चौबे... मैं तो बक्सर का हूं और बक्सर का ही बनकर रहूंगा

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में बक्सर संसदीय सीट पर मतदान होना है। वर्तमान में इस सीट से अश्विनी कुमार चौबे बीजेपी से सांसद हैं। लेकिन इस बार उनका टिकट कट गया है। इस दफे इस सीट से इस बार बीजेपी ने मिथिलेश तिवारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। तिवारी मूलतः गोपालगंज के रहने वाले हैं और भाजपा संगठन से उभरे हुए नेता हैं। जबकि वर्तमान सांसद भाजपा के मातृ संगठन से जुड़े एक दिग्गज नेता हैं। टिकट कटने की बात पर अश्विनी चौबे ने कहा कि नाराज तो वह होंगे जो बाहर से आए हैं, हम तो बक्सर के हैं और बक्सर के ही रहेंगे। हम तो विष पीकर जगदीश बन गए हैं। दरअसल, पटना एयरपोर्ट पर सोमवार को अश्विनी कुमार चौबे से पत्रकारों ने सवाल किया कि भाजपा से आपका टिकट कट गया है और आपकी जगह पर मिथिलेश तिवारी को सिंबल दिया गया है? इस सवाल का जवाब देते हुए अश्विनी चौबे ने कहा कि बात टिकट काटने की नहीं है। पार्टी ने मुझे सब कुछ दिया है और मुझे पार्टी से कोई नाराजगी नहीं है। संघर्ष और सत्य ही हमारे जीवन की पूंजी रही है। बचपन में भी मैंने किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया है तो अब क्या हाथ फैलाऊंगा।



इसके अलावा अश्वनी चौबे ने कहा कि पार्टी ने मुझे अब तक जो सम्मान दिया है वह काफी है। अब जरूरत है कि मैं पार्टी को सम्मान दूं। मैं कभी भी पार्टी से नाराज नहीं रहा हूं। बल्कि नाराज तो वह लोग होकर जाएंगे जो यहां के नहीं है। मैं तो बक्सर का हूं और बक्सर का ही बन कर रहूंगा। चौबे ने रामचरितमानस की चौपाई सुनाते हुए कहा कि भगवान राम के लिए लिखी गई पुस्तक में एक चौपाई है जिसमें कहा गया है कि मान सहित विष पीके, शम्भू भयो जगदीश। बिना मान अमृत पीए, राहु कटायो शीष। गोस्वामी तुलसीदास ने एक लाइन लिखी है कि तुलसी भरोसे राम निर्भय होकर सोए। अनहोनी होनी नहीं होनी हो सो होय। हम रामकाज के लिए हैं जो हो गया सो हो गया।

जब यह सवाल किया गया है कि ऐसा सुनने को मिल रहा है कि बक्सर के कैंडिडेट का विरोध किया जा रहा है, तो इसके जवाब में चौबे ने कहा कि अब किसी का विरोध हो रहा है तो मैं क्या कर सकता हूं। मैं तो लगातार 15 दिनों के बाद आपके सामने आज अपनी चुप्पी खोल रहा हूं। मुझे पता नहीं किस कारण से लोग विरोध कर रहे हैं। मेरा कसूर तो बस यही है कि मैं लगातार सक्रिय राजनीति में रहा हूं और मुझे आज तक कभी हार का मुंह नहीं देखना पड़ा। इसके बावजूद अगर ऐसा हुआ है तो मुझे नहीं मालूम ?

उन्होंने खुद के आगे की राजनीति से जुड़े सवाल पर कहा है कि मुझे नहीं मालूम कि क्या होने वाला है बक्सर सीट पर। लेकिन इतना तो मैं कह सकता हूं कि मैं हमेशा सक्रिय राजनीति से जुड़ा रहा हूं और अगले पांच साल तक सक्रिय राजनीति से जुड़ा रहूंगा। पीएम मोदी का मुझपर भरोसा है। मेरा कसूर यही है कि मैं फकीर हूं और मैं कभी अपने परिजनो के लिए या कभी गरीबों के लिए कुछ मांग नहीं की है। उसके बावजूद मेरा टिकट काट दिया गया तो इस बारे में मैं कुछ नहीं कर सकता। मैं यही बोल सकता हूं कि भाजपा मेरी मां है और मैं हमेशा भाजपा के साथ रहूंगा। अगले 5 साल तक मैं सक्रिय राजनीति में बना रहूंगा।

## एक नजर

### डुमरांव थाने में हुई शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील



**डुमरांव।** सोमवार को स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक एसडीओ राकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान आगामी ईद, चैती छठ व रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व पूर्व निर्धारित मार्ग पर ही निकलेगा तथा डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। पर्वो के दौरान आदर्श आचार संहिता का भी पालन कराया जायेगा। एसडीओ ने नगर परिषद प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि पर्वों में शहर की बेहतर साफ-सफाई होनी चाहिए। इस दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव के साथ सड़को पर बने गड्ढे को भी भरने का आदेश दिया। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर शहर में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जायेगी। सड़को पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों के जवान भी तैनात रहेंगे। इस दौरान अफवाह से बचने की भी सलाह दी। रामनवमी जुलूस की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस बलों की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान बीडीओ संदीप पांडेय, सीओ समन प्रकाश, नप के इओ अनिरुद्ध कुमार, थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीशा राणा, समाजसेवी राजीव रंजन सिंह, संजय शर्मा, अमर पासवान, मदन चौबे, धीरेंद्र निराला, कृष्णा कुमार, विकास कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### रामनवमी जुलूस में किसी प्रकार की राजनीतिक और उत्तेजक गाना बजाने पर होगी कार्रवाई



**नावानगर।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नावानगर व केसठ प्रखंड के दोनों समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने कहा कि ईद, चैती छठ व रामनवमी पर्व आपसी सौहार्द के बीच मनाया। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रख पर्व मनाए। जिससे कि आचार संहिता का उल्लंघन नही हो। उन्होंने रामनवमी की जुलूस में किसी प्रकार की राजनीतिक झांकी व उत्तेजक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। निर्देश का पालन नहीं करने वाले पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही। इसके अलावा रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे व अश्लील गाने बजाने पर विधि संवत करवाई की संदेश लोगों दिया। उन्होंने जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध वर्ग के लोग से शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग देने की अपील की। वही उपस्थित लोगों ने आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रख, शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष सह भटौली मुखिया विजय सिंह उर्फ भोला सिंह, केसठ मुखिया अरविंद कुमार सिंह उर्फ गामा पहलवान, रूपसागर मुखिया बृज कुमार सिंह, इजाजुल हक, मु. सिराज, विनोद चौबे, जाकिर मिया, अनिल चौबे समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

### डुमरांव थाने में गुंडा पंजी में शामिल 10 लोगों की हुई परेड, आचरण की हुई जांच

**डुमरांव।** डुमरांव थाना परिसर में सोमवार को गुंडा पंजी में शामिल लोगों को पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर परेड कराई गई। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अनीशा राणा की मौजूदगी में गुंडा परेड कराया गया। गुंडा पंजी में चिन्हित किए गए दस लोग परेड में शामिल हुए जबकि कुछ लोग कहीं बाहर में होने के कारण परेड में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस परेड के माध्यम से संदेश दिया गया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। इस दौरान ऐसे लोगों के नामों का भौतिक सत्यापन करते हुए उनके आचरण की भी जांच की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष ने पंजी में शामिल लोगों को बेदाग तरीके से जीवन जीने की बात कही। थानाध्यक्ष ने उनसे कहा कि अच्छे चाल-चलन व सही तरीके से जीने पर गुंडा पंजी से उनका नाम हटाया भी जा सकता है। गुंडा पंजी में शराबी, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, आपराधिक प्रवृत्ति के लोग, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले, दंगाइयों, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों सहित अन्य लोगों का नाम शामिल किया जाता हैं।

### बीडीओ ने किरनी में छठ घाट का किया निरीक्षण

**केसठ।** प्रखंड के किरनी गांव में छठ घाट के निर्माण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने सोमवार को निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने आहर में कच्चे छठ घाट को पक्का छठ घाट बनाने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि आहर में गांव के नाली के पानी भी गिरता है, जिसे दूसरे स्थान पर गिराया जाएगा। और पक्के नाली का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छठ घाट का निर्माण पंचायत समिति के फंड से लगभग पांच लाख रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छठ घाट की निर्माण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करने को लेकर अपील भी की। वही छठ घाट के निर्माण होने से छठ व्रतियों को छठ करने को लेकर सुविधा होगी।

### कोरानसराय पुलिस ने भाईचारे के साथ पर्व व भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव व आगामी पर्वों को लेकर सोमवार की सुबह कोरानसराय थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि इलाके के स्थानीय गांव सहित मठिला, मुंगाव, हरनीचट्टी, अदफा और करुअज सहित अन्य कई गांवों में अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च की प्रक्रिया लोकसभा चुनाव तक लगातार जारी रहेगी। इस दौरान वाहनों की चेकिंग एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही शराब व हेरोइन तस्करों मादक के खिलाफ छापेमारी की प्रक्रिया शुरू हुई हैं। इस फ्लैग मार्च को लेकर अशांति फैलानें वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च के माध्यम से संदेश दिया गया कि इलाकें में ऐसे मतदाता जो किसी के भय व दबाव में आकर मतदान केन्द्रों तक नहीं पहुंच पाते है वैसे लोग बिना किसी के दबाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में अपना मतदान करेंगे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आगामी ईद, चैती छठ व रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारी का कब्जा कायम

♦ बीड़ीओ द्वारा जारी नोटिस को भी दिखाया ठेंगा

**केटी न्यूज/काराकाट**

कारकाट प्रखंड परिसर के अंदर बने सरकारी कार्यालय पर अतिक्रमण पसरा हुआ है। काराकाट बीडीओ ने दर्जनों बार आग्रह करते हुए नोटिस भी भेजा है। लेकिन यहां वर्षो से रह रहे अतिक्रमणकारी हटने का नाम नहीं ले रहे है। सवाल यह है की अगर प्रखंड कार्यालय की स्थिति ऐसा है तो पूरे प्रखंड की हालत क्या होगी। जब इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल



कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा की मेरे द्वारा दर्जनों बार कार्यालय को आवास बना कर रह रहे लोगों को खाली करने के लिए आग्रह किया गया है। कई बार नोटिस भी दिया गया लेकिन ये लोग कार्यालय खाली करने का नाम नहीं ले रहे। उन्होंने कहा की जब इन सभी को कार्यालय खाली करने को बोला जाता है तो ये लोग दो चार दिन का समय मांगते है परंतु अब तक खाली नहीं किये। बीडीओ ने कहा की हमे इस बार इन सभी के विरुद्ध कड़ी करवाई करने की अवश्यकता महसूस हो रही है। हम कई बार खुद जाकर कार्यालय पर अवैध कब्जे हटाने का निवेदन कर चुका हूं। कई बार नोटिस भी दिया गया है। इससे उलट अतिक्रमण न हट पाए इसके लिए सोर्स सिफारिश के हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं, और राजनेताओं की शरण ली जा रही है। जिससे प्रखंड कार्यालय पर अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। अब यदि दो दिनों के अंदर सभी कार्यालय को खाली नही किया जाता है तो फिर इन सभी पर कठोर करवाई करते हुए कार्यालय खाली करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा की गोडारी निवासी अंचला कुमारी, पीरो निवासी मेहरून खातून, करूप निवासी रवि कुमार शर्मा, नाद गांव निवासी राजेश कुमार कुशवाहा सहित दर्जनों अतिक्रमणकारियों को नोटिस किया गया है।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**काराकाट(रोहतास)।** काराकाट पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । गिरफ्तार वारंटी भरताडीह गांव निवासी अशोक सिंह पिता राजिंद्र सिंह बताया जाता है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि न्यायालय से उक्त गिरफ्तार वारंटी पर वारंट निर्गत था। न्यायालय के आदेश पर भरताडीह गांव में छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया ।

### नोखा थाना में हुई शांति समिति की हुई बैठक

**नोखा (रोहतास)।** नोखा थाना परिषद में शांति समिति का बैठक किया गया इस बैठक का अध्यक्ष था सीओ मकसूदन चौरसिया ने किया बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार मालकर वीडियो अतुल गुप्ता सभापति राधेश्याम सिंह उपसभापति धनजी सिंह प्रखंड प्रमुख धनंजय चौधरी उप प्रमुख कैलाश पासवान भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल वार्ड पार्षद मनोज कुमार माखन चौधरी रवि शंकर सिंह पूर्व मुखिया लाल बाबू शर्मा अजय चंद्रवंशी, अयोध्या यादव बृज बिहारी प्रसाद गुप्ता गुलाम मोहम्मद बिंदेश्वरी सिंह रमेश शर्मा मुन्ना पांडे सहित कई लोग मौजूद थे।

### सड़क निर्माण का हुआ मार्ग प्रशस्त

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड के मानी पंचायत के लक्ष्मणपुर में विवाद के कारण अधूरे सड़क निर्माण के अवरोध को समाप्त कर सड़क बनाने का मार्ग प्रशस्त करा दिया। सीओ रजत कुमार वर्णवाल ने बताया कि लक्ष्मणपुर गांव में सड़क निर्माण होने के क्रम में विवाद के कारण सड़क निर्माण का कार्य बीच मे छूट गया था। जिसके कारण जहां सड़क का निर्माण नहीं हो सका था वहां काफी दिनों से नाली के पानी का जमाव हो गया था और लोगों को आने जाने में बहुत कठिनाई हो रही थी। सीओ ने कहा कि बगैर नाली निर्माण के सड़क बन गया तो नाली के पानी का निकासी नहीं हो पाएगा जिससे समस्या उत्पन्न हो जाएगी। अमीन से मापी कराकर सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ।

## नारायणपुर थाना क्षेत्र के म्वाजितपुर जंगल से रविवार शाम पकड़ा गया बदमाश

# संपत्ति हड़पने के लिए भाभी को गोली मारने में वांछित हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार

♦ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने निकला था आरोपित, तभी पुलिस ने दबोचा

♦ गिरफ्तार अपराध कर्मी के पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

नारायणपुर थाने की पुलिस ने किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने निकले एक बदमाश को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। उसे रविवार की शाम मड़नपुर गांव स्थित वाजितपुर जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश उसी थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव निवासी राम सकल यादव का पुत्र श्रीराम सिंह है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद की गयी है। वह संपत्ति हड़पने के लिए अपनी भाभी को गोली मारने में वांटेड है। एसडीपीओ राहुल सिंह की ओर से सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। एसडीपीओ ने बताया कि रविवार दोपहर सूचना मिली कि मड़नपुर के वाजितपुर जंगल में एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन, हथियार की बरामदगी और अपराध कर्मी की गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम वाजितपुर जंगल में पहुंची, तो एक व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने लगा।



उसे खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देसी कट्टा और एक गोली भी बरामद की गयी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार श्रीराम सिंह के खिलाफ पूर्व से हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा है। पुलिस के अनुसार श्रीराम सिंह पर इसी साल 31 जनवरी को संपत्ति हड़पने के लिए अपनी भाभी को गोली मारने का केस दर्ज हुआ था। उस से ही वह फरार चल रहा है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु दारोगा नुमान अली शौकत और एएसआई अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# भाजपा चुनाव प्रबंधन और कोर कमिटी की बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/आरा**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में आरा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समीति, कोर कमीटी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा अध्यक्षो और विस्तारको के साथ बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप मे शामिल बिहार प्रदेश सह चुनाव प्रभारी सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य है भारत माता को परम वैभवशाली बनाना है। उस लक्ष्य की पूर्ति के लिए नरेन्द्र मोदी जी कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि भारत माता की



जय हम आत्मा से बोलते हैं। देश के लिए 24 घंटे यदि कोई एक व्यक्ति और व्यक्तित्व सोचता है तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। उनका संकल्प है कि 2047 तक देश विकसित बने। पीएम मोदी द्वारा किए गए आंतरिक और वाह्य सभी कार्य देश को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है। सांसद ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दस वर्षो के कार्यकाल मे किए गए गरीब कल्याणकारी योजनाओ और उपलब्धियो को घर-घर जा कर सभी कार्यकताओं को बताना है। उन्होने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देने वाली एकमात्र पार्टी भारतीय जनता पार्टी है।आज हमारे साथ महिला, युवा, किसान, गरीब सभी जातियाँ है और इस बार चार सौ पार सीट को देश की जनता ने तय कर लिया है। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभु ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है और हम सभी कार्यकताओं को अपने बूथ को मजबुत करना है। हम सभी अपने-अपने बूथो पर जीत सुनिश्चित करें और सभी बूथो पर मतों को बढाने पर काम करना है।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर डीएम ने निकाली प्रभात फेरी

♦ 01 जून को मतदान करने के लिए पूरे जिलावासियों से की अपील

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के नेतृत्व में सोमवार को 217-घोषी विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर, घोषी से शहीद चौक बैरामसराय तक निकाला गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पूरे जोश में 01 जून को मतदान करने हेतु पूरे जहानाबाद जिलावासियों को तैयार रहने का अपील किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रभातफेरी में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, आशा कार्यकर्ता, नेहरू युवा केन्द्र, पंचायत पर्यवेक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जीविका दीदी, स्वच्छतग्राहियों




सहित सभी प्रखंड तथा पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपील किया कि जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक-से-अधिक मतदाताओं को जागरूक कर मतदान दिवस के दिन मतदान प्रक्रिया में शामिल करें। आप सभी जिला प्रशासन का एक महत्वपूर्ण अंग है, आप सभी के सहयोग से हीं जिले में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि 36-जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए 01 जून, 2024 को मतदान किया जाएगा, इतना समय जिले के समस्त मतदाताओं को जागरूक करने हेतु काफी है। मुझे आशा है कि आप सभी के सहयोग से जिले के मतदान प्रतिशत में अच्छी वृद्धि हो सकती है। आप अपने-अपने कार्यो को निष्पादित कर डोर-टू-डोर अभियान चलाकर मतदाताओं को अधिक-से-अधिक जागरूक करें। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका दीदी, आशा कार्यकत्रा, एएनएम, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि आप प्रत्येक महिला, पुरूष, दिव्यांगजन, बुद्धिजीवियों, विद्यालयों के छात्रों को अपने-अपने माता-पिता को मतदान में शामिल होने के लिए जागरूक करें।

# रामनवमी और ईद पर्व को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर रविवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय भी मौके पर मौजूद रहे । वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। ऐसे में त्यौहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील किया कि कहीं भी असामाजिक तत्वों की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके अलावा उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं अफवाह फैलाने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। बैठक के दौरान लोगों ने त्यौहार में विशेष साफ-सफाई एवं लाइटिंग व्यवस्था की मांग की।



जिसे अनुमंडल पदाधिकारी ने नगर परिषद के माध्यम से पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि त्योहार के दौरान भीड़ भाड़ वालों इलाके में पुलिस की विशेष तैनाती रहेगी, वहीं पुलिस पेट्रोलिंग भी सख्त रहेगी। बैठक में अनुमंडल के सभी पुलिस थाना प्रभारी और काराकाट बीडीओ राहुल कुमार ,बिक्रमगंज अंचल अधिकारी रजत कुमार बरनवाल एलआरडीसी संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### 167 वें बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद मंगल पांडे को दी गई श्रद्धांजलि

**डेहरी (रोहतास)।** देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के जनक शहीद मंगल पांडे के 167वें बलिदान दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विधार्थी परिषद अकोढीगोला प्रखंड इकाई के ओर से प्रखंड के बाक गांव स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां मंगल पांडे के तैलचीत्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रख नमन किया गया। वही मंगल पांडे की वीरगाथा पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री रौशन शर्मा व संचालन सूरज सोनी ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर मंत्री रौशन शर्मा ने कहा कि क्रांतिकारी मंगल पांडे और मातादीन हेला देशहित में बगावत कर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। पहले मातादीन को फांसी दी गई। इसके बाद आठ अप्रैल को मंगल पांडे को फांसी दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेष कार्यकारणी सदस्य विवेक कुमार ठाकुर,एएफडी अभिजीत सिंह, सोनल कुमार, आदित्य कुमार, विराट कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



### देशी शराब व बाइक साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के कछवां पुलिस ने देसी शराब और बाइक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बाइक से एक कारोबारी शराब की खेप को लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इब्राहिमपुर पुल के पास से एक बाइक और 72 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ मामले में काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गुजरु निवासी राजेश राय के पुत्र प्रकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।



### सोनी मठिया में प्रगति पत्रक वितरण सह शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना के आदेश के आलोक में आज को प्राथमिक विद्यालय सोनी मठिया बिक्रमगंज के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी समारोह पूर्वक आयोजित की गई । इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मो. यूसुफ अफरीदी द्वारा किया गया । इस बैठक में वर्ग 1 से 4 के विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक वितरण किया गया । सर्वप्रथम विद्यालय की बच्चियों द्वारा अभिभावकों को फूल मालाओं से स्वागत किया गया । अभिभावकों के समक्ष वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया । इससे पहले बच्चों को दौड़, कबड्डी क्वीज, रंगोली का आयोजन किया गया । अभिभावकों के समक्ष एफएलएन किट व टूल्स आदि का प्रदर्शन किया गया । इस अवसर पर शिक्षिका बिन्दु कुमारी, कनीज साफिया, अभिभावक रंगलाल सिंह संजय कुमार, रामजी सिंह, रितेश कुमार, विनय कुमार,उमरावती देवी मीरा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कांस्टेबल के श्राद्धकर्म में पहुंचे एसडीएम, परिजनों को दी सांत्वना



**केटी न्यूज/ राजपुर**

विगत 26 मार्च को अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत राजपुर प्रखंड निवासी बिहार पुलिस कांस्टेबल मनोज कुमार तिवारी की सड़क दुर्घटना में मैत हो गई थी। जिसको लेकर एसडीएम अनिल बसाक व एसडीपीओ कुमार संजय, प्रखंड राजपुर बीडीओ, थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार समेत अन्य अधिकारी स्वर्गीय तिवारी के पैतृक आवास पर पहुंच उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुए। तत्पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने स्वर्गीय तिवारी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही इस दुःख की घड़ी में स्वर्गीय तिवारी के शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दिए। मौके पर एसडीपीओ कुमार संजय, बीडीओ राजपुर, थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार अन्य अधिकारी व उनके परिजन और जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित थे।







## खबरें फटाफट

### किशोरी को भगाने के मामले में केस दर्ज

**गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी दो दिन पूर्व बगल के गांव के लड़के के साथ गायब हो गई। परिजनों ने भरसक उसकी तलाश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस मामले किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बगल के गांव एक युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राज्यसभा सांसद ने जाना आयुष्मान योजना का हाल

**चंदौली।** भाजपा सरकार ने केवल गरीबों के स्वास्थ्य के लिए योजना चला रही है बल्कि योजनाएं ठीक से चल रहीं हैं या नहीं इसकी पड़ताल भी करा रही है । इसी क्रम में मुख्यालय स्थित हरिओम हॉस्पिटल में सोमवार को राज्यसभा सदस्य दर्शना सिंह अचानक पहुंच गईं और आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हो रहे लाभार्थियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मरीजों ने अपने आयुष्मान कार्ड से मिल रहे लाभ के बारे ने उनको अवगत कराया और हॉस्पिटल में अच्छी सुविधा की बात कही। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विवेक सिंह ने राज्यसभा सांसद का मोमेंटो देकर स्वागत किया। दरसल राज्यसभा सांसद हरिओम हॉस्पिटल पर लगे आयुष्मान कार्ड से मरीजों को उचित सुविधा उपलब्ध होने का बोर्ड देखकर हॉस्पिटल में पहुच गईं। और हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विवेक सिंह से मिलकर आयुष्मान से बेहतर इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान डॉ विवेक सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में एक दर्जन से अधिक आयुष्मान योजना के तहत मरीज भर्ती हैं। जिसमें ऑपरेशन के अलावा एक दो मरीज गम्भीर रोग से भी ग्रसित हैं। सभी मरीजों को आयुष्मान कार्ड द्वारा बेहतर इलाज दिया जा रहा है। वॉर्ड में मरीज भर्ती होने की जानकारी के बाद राज्यसभा सांसद ने मरीजों से मिलने के लिए वॉर्ड में पहुंच गईं, और सबके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया।

# नौगढ़ तहसील के विभिन्न गांवों में पेयजल आपूर्ति हो बेहतर व्यवस्था

- दो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संपन्न
- अनुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक हुई। कहा कि जनपद में गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है और तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। गर्मी के सीजन की शुरूआत विगत वर्ष तापमान की अपेक्षा दो से तीन डिग्री तापमान से हुई है। असंतुलित जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। अनुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी। इस दौरान डीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में सम्भावित लू-तापघाट से बचाव को लेकर जनपद वासियों को अभी से सर्तक रखना होगा तथा लू से बचाव के उपायों को जाने एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सके। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी, सलाह, क्या करें, क्या न करें, विषयक पोस्टर को जारी करते हुए जनपदवासियों को लू प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव हेतु जानकारी साझा किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि किसानों से लेकर आम लोगो को विशेष रूप से बच्चों को अलग-अलग तरीके के ऐहतियात बरतने हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी निर्देश दिए कि बच्चों को लू से बचाव हेतु जानकारियां देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बचाव की जानकारी न होने पर लू से जन-हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए निम्न सावधानिया बरते-कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें हल्के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को जागरूक करते हुए बताया जाए कि धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, काच चश्मा और जूते का इस्तेमाल करें।

### नवरात्र व हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की होती है शुरूआत

# नवरात्र आरम्भ, मंदिरों में बजेंगे घंटा, भक्त करेंगे कलश स्थापना

- नवरात्र के पहले दिन भक्त करेंगे शैलपुत्री का पूजन
- नवरात्र पूजन की खरीदारी को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/ बलिया**



नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ हो रहा है। जिसकी तैयारी नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों और घरों में साफ-सफाई एवं रंग रोगन का कार्य पूरे दिन चलता रहा। इस दौरान देवी मंदिरों को प्राकृतिक व अप्राकृतिक फूलों से सजाया गया। मां के भक्तों के दर्शन व पूजन के लिए जिले के प्रमुख 13 देवी मंदिरों के गेट चार बजे भोर से खोल दिए जाएंगे। उधर पूजन की तैयारी को लेकर श्रद्धालु नारियल, चुनरी, फूल माला, प्रसाद खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ पड़े। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिलखिला गए। वहीं देवी मंदिरों के आसपास भी नारियल, चुनरी, प्रसाद आदि की दुकानें सजकर तैयार है। इसके अलावा सुरक्षा के भी प्रबंध किए गए है। मां के भक्त शुभ मुहुर्त में कलश की स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बासंतिक नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। नवरात्र के पहले दिन मां के भक्त नगर के गुदरी बाजार व जापलिनगंज दुर्गा मंदिर तथा ब्रह्माइन स्थित ब्राह्मणी देवी, शंकरपुर स्थित शांकरी भवानी, फेफना थाना के कपूरी गांव स्थित कपिलेश्वरी भवानी मंदिर, नरहीं थाना के कोरंटाडीह स्थित मंगला भवानी, रसड़ा के काली मंदिर, नीबू कबीरपुर व उचेड़ा स्थित चंडी भवानी, सिकंदरपुर के जल्पा-कल्पा मंदिर, मनियर के बुढ़ऊ बाबा मंदिर व नवका बाबा मंदिर, रेवती के पचरूखा देवी गायघाट मंदिर पर मां के भक्तों ने नारियल, चुनरी, प्रसाद चढ़ाकर परिवार के मंगलमय की कामना करेंगे। वही अपने-अपने घरों में मां की अराधना में कलश स्थापना अभिजीत मुहुर्त में कर दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। सोमवार की सुबह से ही पूजन की तैयारी को लेकर श्रद्धालु नारियल, चुनरी, फूल माला, प्रसाद खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ पड़े। जिससे दुकानदारों के चेहरे खिलखिला गए।

**ह्वेनसांग की डायरी में है मां मंगला भवानी का जिक्र:** नरही थाना क्षेत्र के कोरंटाडीह पुलिस चौकी के ठीक सामने नसीरपुर मठ गांव के पखनपुरा मौजा में मोक्षदायिनी गंगा के उत्तरी तट पर स्थित मां मंगला भवानी का भव्य मंदिर छठी शताब्दी से पहले का है। इस मंदिर के प्राचीनता का उल्लेख हुए बलिया के जिलाधिकारी रहे हरिसेवक राम ने अपनी पुस्तक बलिया एक दृष्टि में लिखा है कि चीनी यात्री ह्वेनसांग पटना जाते समय अपनी समय अपनी यात्रा डायरी में मां मंगला भवानी का जिक्र किया है। किंवदंती है कि 1876 से पहले जब यह स्थान गाजीपुर जिला हुआ करता था। उस समय कोरंटाडीह को तहसील बनाया गया था। तहसील के निर्माण कार्य में यह मंदिर बाधक बन रहा था। इस लिए अंग्रेज अधिकारी ने मंदिर तोड़वा कर जिस पत्थर को लोग पूजते थे, उसे बगल में स्थित गंगा नदी में फेंकवा दिया। एक सप्ताह के अंदर ही उस अंग्रेज अधिकारी के बेटे की मौत हो गई। दूसरी तरफ उनके अस्तबल के घोड़े मरने लगे। एक रात अंग्रेज अधिकारी को स्वप्न में दिखा कि तुमने जो पत्थर गंगा नदी में फेंकवाया है। उसे तत्काल लाकर यथास्थान स्थापित करवाओं, अन्यथा तुम्हारा सर्वनाश हो जाएगा। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी ने गंगा नदी से निकलवाने के बाद यथास्थान स्थापित कराया। कहा जाता है कि गंगा नदी से पत्थर की मूर्ति निकालने वाले बगल के गांव उजियार के दरगाही यादव थे, जो पास ही अपनी गाय चरा रहे थे। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी को कष्ट से मुक्ति मिली। इधर चार दशकों से मंगला भवानी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। पुजारी विद्यासागर पांडेय ने बताया कि बासंतिक व शारदीय नवरात्र में बिहार गाजीपुर और अपने जिले से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं और उनकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

### मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

**गाजीपुर।** पीजी कालेज भुड़कुड़ा के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान तथा भूला सभागार में प्राचार्य प्रो. डा.बृजेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं कैरियर परामर्श सत्र के संयोजक डा. प्रदीप कुमार राय के संयोजन में महिन्द्रा संस्थान के अनुभवशील एवं सारगर्भित सम्बोधन के साथ आयोजित हुआ। कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं कैरियर परामर्श सत्र के संयोजक डा प्रदीप कुमार राय के संयोजन में कॉलेज के शिक्षक वर्ग, गैर शैक्षणिकवर्ग एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रारम्भ किया गया! कैरियर परामर्श सत्र के आयोजन मे महिन्द्रा संस्थान के अनुभव विद्वतजनों कॉलेज के विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार उपलब्ध सरकारी नौकरियों की संभावना से अवगत कराया तथा उसकी तैयारियों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का हल प्रस्तुत किया। वहीं कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य प्रो डॉ बृजेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा संजीव सेन सिंह एवं डा बृजेश कुमार सिंह के संयोजन के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो डॉ बृजेश कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान अन्तर्गत नागरिकों को मताधिकार हेतु दिये गये अधिकार का सदुपयोग कर मतदान करने हेतु विशेष उत्साह जागृत करना सभी नागरिकों का दायित्व बनता है। इस अवसर पर डा सत्य प्रकाश सिंह, डा शिवानन्द पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### धू-धू कर जल गए पांच आशियाने

**हल्दी।** थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव स्थित नट बस्ती में खाना बनाते समय चिंगारी निकलने से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके बाद पांच आशियाने धू-धू कर जल गए। इस हादसे में भैंस, बकरी, मुर्गे-मुर्गियां के साथ ही घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। रेपुरा गांव स्थित नेटुआ बस्ती में खाना बनाते समय निकली चिंगारी ने पांच परिवारों की 10 झोपड़ी को चपेट में ले लिया। घटना में भैंस, बकरी, मुर्गे-मुर्गियां के साथ ही घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस और दमकल कर्मियों ने भी काफी मशक्कत की। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने आग की घटना में हुए नुकसान का जायजा लिया। रेपुरा गांव स्थित नट बस्ती में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। जब तक लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते वीरेंद्र नट, सुरेंद्र नट, घुनमुन नट, नंदजी व भोला नट की घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया। इस घटना में एक भैंस, एक पड़िया, छह बकरियां व 12 मुर्गे-मुर्गियां जल गईं। इसके अलावा मोटरसाइकिल, अनाज, कपड़े व नगदी समेत सब कुछ जल कर राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व दमकलकर्मियों ने जल रहे पेड़ पर पानी की बौछार कर आग बुझाई। इस दौरान अपने आंखों के सामने अपनी संपत्ति को जलते देख पीड़ित परिवारों की महिलाएं दहाड़े मारकर रोने लगीं। उनकी चीत्कार से लोगों की आखें नम हो गईं।

### मां की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने खाया जहर, मौत

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के मैरिटार में मां की डांट से क्षुब्ध किशोरी ने जहर खाकर जान दे दी। मां सहित अन्य सदस्य घर आये तो किशोरी अचेतावस्था में पड़ी हुई थी। परिजनों ने किशोरी को तुरन्त जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उक्त किशोरी की मौत हो गई। पूजा राजभर उम्र 14 वर्ष पुत्री भोला राजभर निवासी मैरिटार अपनी मां लक्ष्मीना देवी के साथ गेंहू की कटाई करने सुरहा के पास खेतों में गई हुई थी। मां ने कहा कि जल्दी काटो इसी पर मां ने उसे डाट दिया। उस समय वह गुस्से में घर पर चली आई। जब मां सहित अन्य सदस्य गेंहू की कटाई करने के उपरांत घर आये तब यह अचेतावस्था में पड़ी हुई थी। पूजा की ऐसी हालत देखकर सबके होश उड़ गए। आनन–फानन में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान रात्रि में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर अन्त्य परीक्षण के लिये भेज दिया।

### आग से दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

चंदौली। गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही खेतों में अगली की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। धानापुर क्षेत्र के ग्रामसभा त्रिभुवनपुर सीवान में सोमवार को दिन में एक बजे गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से लगी आग में कई किसानों की लगभग 10 बीघा फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीणों ने घंटों प्रयास से आग पर काबू पाया । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खेत के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे तभी खेत से आग की लपटों के साथ धुआं उठता देख वह शोर मचाना शुरू किए जिसे देख कर सकड़ों की संख्या में ग्रामीण खेत की तरफ बाल्टी और डंडा लेकर दौड़ पड़े। ग्रामीणों के घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक लगभग दस बीघा की फसल जलकर राख हो गई। जिसमें राज नारायण का 18 बिस्वा, प्रकाशमाला देवी 6 बिस्वा, माया 6 बिस्वा, कैलाश गोड 3 बिस्वा, शंकर सोनकर 7 बिस्वा, अनिल सोनकर 7 बिस्वा, सुनील सोनकर 7 बिस्वा, राजकुमार गोड 5 बिस्वा, ओमप्रकाश 5 बिस्वा, श्रीकांत 5 बिस्वा, राम मूरत बिंद 2 बिस्वा जलकर फसल नुकसान हो गया। पूर्व प्रधान सूबेदार सिंह ने इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल राजेश यादव सहित अग्निशमन विभाग को दी। लेकिन अग्निशान आने से पूर्व आग पर काबू पाया जा चुका था।

### शिवेंद्र बने उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता

**चंदौली।** सदर विकास खंड के मटपुरवा गांव निवासी शिवेंद्र मिश्रा को उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया। शिवेंद्र के प्रवक्ता बनने पर जनपद के कांग्रेसियों ने जहां खुशी जताई वहीं उन्होंने शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा कांग्रेस निवास बीबी जी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ,प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस विशाल सिंह के प्रति लोगों का अभार व्यक्त किया है। इस दौरान शिवेंद्र ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्व. भगवान तिवारी के नेतृत्व में ग्राम राम गढ़ सभा के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उसके बाद से न्याय सामाजिक राजनीतिक सफर चलता रहा लखनऊ सेंट्रल जेल सहित तमाम सफर कभी शिवपुर सेंट्रल जेल तक रहा है।

# मतदान के लिए डेढ़ लाख प्रवासी को भेजा जाएगा आमंत्रण पत्र, 50 पोस्टल बैलेट से डाले जायेगें वोट

**केटी न्यूज/बलिया**




लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की प्रशासन ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। ऐसे मतदाता जो किन्हीं परिस्थिति वश मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं उन्हें इस बार वोट डालने का पूरा मौका मिलेगा। डेढ़ लाख प्रवासी श्रमिकों को पोस्ट कार्ड के जरिये आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। इसके अलावा 3.75 लाख घरों में भी वोट डालने के लिए आमंत्रण पत्र जाएगा। 1.50 लाख प्रवासी श्रमिकों से 25 मई को मतदान कराकर लगभग 8 प्रतिशत अधिक मतदान कराने का लक्ष्य है। 2019 के लोकसभा निर्वाचन में 55.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार 25,32,065 मतदाता हैं। इसमें 13,64,875 पुरुष, 11,67,075 महिला व 111 थर्ड जेंडर वोटरों के अलावा डेढ़ लाख प्रवासी श्रमिक भी शामिल हैं। यदि इन मतदाताओं की भागीदारी चुनाव में हुई तो 60 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल हो सकता है। डीएम रविंद्र कुमार इस पर विशेष जोर दे रहे हैं। मतदान के दिन भीषण गर्मी से मतदाताओं के लिए बूथों पर विशेष तरह के इंतजाम होंगे। मतदान केंद्र के बाहर टेंट, छाजन, बैठने के लिए कुर्सी और पेयजल का इंतजाम रहेगा। डीएम ने बताया कि लगभग 50 हजार वोट पोस्टल बैलेट के जरिये पड़ेंगे। इसमें कर्मचारियों तथा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट के आधार पर मतदान कराने की व्यवस्था कराई जा रही है। 85 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को चिह्नित करके उनके घर पर मतदान कराने की सुविधा प्रदान की जाएगी। नामांकन के 72 घंटे के भीतर वीडियोग्राफी के साथ इनका मतदान कराया जाएगा।

# ईद की खरीदारी करने शिद्दत से जुटे मुस्लिम भाई, बढ़ी बाजारों में रौनक

**केटी न्यूज/ सिकन्दरपुर**

ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। बाजारों में विभिन्न प्रकार की सेवइयां मिल रही हैं। तिरंगा फेनी, डबल फेनी एवं लाल फेनी की मांग सबसे अधिक है। सेवई विक्रेता गुड्डू का कहना है कि इस ईद के अवसर पर बाजारों में रौनक बढ़ी है। बाजार में 80 से लेकर 180 रुपये प्रति किलो की दर से सेवई की बिक्री हो रही है। वहीं, ईद पर बाजारों में कई प्रकार की टोपियां एवं रुमाल भी मिल रहे हैं। चूंकि यह सुपाच्य और सस्ता भी होता है। यहां कई किस्म के सेवई मार्केट में मौजूद हैं। दुकानदार पप्पू के अनुसार अभी शहर में सेवई, खजूर, बाकरखानी, खुदानी, रूह आफजा शर्बत की मांग बढ़ गई है। रोजा रखने वाले इसे ज्यादा पसंद करते हैं। इफ्तार पार्टी में यह सब सम्मलित रहता है। स्थानीय लोगों ा कहना है कि बाजार में सभी तरह के सामाग्री मिल रही है। लेकिन महंगाई की मार से यह भी बचे नहीं हैं। सेवई स्थानीय बाजार में भी निर्मित होते हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि खाने में अपेक्षाकृत कम स्वादिष्ट होता है। लेकिन अपने पैकेट की स्थिति को देखते हुए लोग इसे खरीदते हैं। कहा की हम लोग रमजान में सेवई बेचते हैं तथा पूरे रमजान के महीना में ऊपरवाले की दुआ से अच्छी कमाई हो जाती है। हालांकि गरीब परिवार के लोगों का हाल बेहाल है। इस महंगाई में किसी तरह से ईद पर्व मना रहे है।

### अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने का दिया निर्देश

# प्रिंट,टीवी चैनल्स,सोशल साइट्स पर रखी जाय नजर: पांडेय

**केटी न्यूज/चंदौली**



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में पेड न्यूज व एमसीएमसी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।इसमें अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) एवं उप जिलाधिकारी (सदर) ने इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मीडिया में प्रकाशित कराए जाने वाले भड़काऊ,भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक लगा दी है। निर्वाचन संबंधी किसी भी विज्ञापन प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के प्रकाशन के पूर्व मीडिया प्रमाणीकरण एवं मॉनिटरिंग कमेटी से परमिशन लेना अनिवार्य होगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया सेल के प्रभारी अधिकारी डीआईओ एनआईसी को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप आदि पर बारीकी से नजर रखी जाए और कोई भी प्रकरण आने पर अग्रिम कार्यवाही के लिए तुरंत जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाया जाए। अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) के एस पांडेय ने समस्त एआरओ को भी पेड न्यूज एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए निर्देशित किया। कहा कि जनपद में अभी तक कोई भी बड़ी रैली एवं सभा नहीं हुई है परंतु संभावित प्रत्याशियों द्वारा नुक्कड़ सभा एवं छोटी सभाओं को बिना परमिशन के आयोजित किया जा रहा है। इस पर सभी एआरओ अपने क्षेत्रों मे विशेष ध्यान रखें तथा अपने स्तर से सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित कर दें कि बिना अनुमति के कोई भी नुक्कड़ सभा एवं छोटी सभा नहीं आयोजित की जाएंगी।



# घोषी लोक सभा सीट पर बढ़ी सरगर्मी, आखिर किसके सिर चढ़ेगा ताज

♦ वोटिंग भले इस सीट पर सबसे बाद में है पर, अबकी इस पर दावेदारी की चर्चा दिल्ली तक में खूब रही

**केटी न्यूज/मऊ**

लोक सभा चुनाव में 70 घोसी लोक सभा क्षेत्र हाट सीट बन गई है क्योंकि इस क्षेत्र से सुभासपा के सुप्रीमो ओम प्रकाश राजभर के पुत्र डा ङ्क अरबिंद राजभर भाजपा सुभासपा गठबंधन से चुनाव मैदान में हैं तो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय को चुनाव मैदान में उतारा गया है।अब बसपा ने भी कांग्रेस छोड़कर जल्दी ही बसपा में आए बालकृष्ण चौहान को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

आम चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी दल चुनावी तैयारी में जुट गये है। घोसी लोकसभा सीट पर मतदान आखिरी चरण में होंगे। वोटिंग भले इस सीट पर सबसे बाद में है पर, अबकी इस पर दावेदारी की चर्चा दिल्ली तक में खूब रही है। सुभासपा के डॉ अरविन्द राजभर,यहां से एनडीए के प्रत्याशी है। जो, उत्तर प्रदेश के चर्चित नेता और मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र





है।हालांकि अबकी भाजपा से कई नाम चर्चा में थे। जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों सहित पश्चिम बंगाल प्रभारी युवा नेता शक्ति सिंह भी शामिल रहें। इन्होंने तो बकायदा अपना कैंपेन भी मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच बताने के बजरिये चलाया। चर्चा में उत्तर प्रदेश सरकार के नये बने कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, कद्दावर मंत्री ए. के. राय शर्मा का भी नाम था। मगर,भाजपा ने ये सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। जिसके बाद देखने, सुनने में ये आ रहा है कि एनडीए ने ये सीट सुभासपा को देकर अपने पार्टी के तमाम नेताओं सहित कार्यकताओं तक को निराश कर दिया है। कई राजनैतिक समीक्षक इसे गठबंधन की मजबूरी बता रहे है तो कुछ इसे समझदारी बता रहे है। ऐसा नहीं है कि दिल्ली में इस सीट मंथन नही हुआ होगा। जरूर हुआ होगा।ध्यान से देखने पर काफी सोचा समझा निर्णय ये प्रतीत होता दिख रहा है। केंद्रीय नेतृत्व को ये भी पता है कि हर चुनाव के पहले हर दल में असंतोष कुछ दिनों तक दिखता है। कुछ नाराजगी दिखती है। हर दल में गुटबाजी चलती है। जिसे पार्टी के प्रभावी नेता वोटिंग तक अपने प्रयास से ठीक कर लेते है। दरअसल, पिछले चुनाव में बसपा ने यहां भाजपा को 122568 वोटों से हराया था। ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि बसपा उम्मीदवार नये थे। उनको अपने काम का ब्यौरा भी नहीं देना था। बावजूद इसके सिर्फ जातीय गुणा गणित के दम पर वो चुनाव जीत गए। सपा से गठबंधन का इन्हें भरपूर फायदा मिला। बसपा के टिकट पर मौजूदा सांसद अतुल सिंह ( राय ) ने कुल पड़े वोटों का सवा पचास प्रतिशत वोट अकेले झटक लिया। जबकि भाजपा को साढ़े उनतालिस प्रतिशत वोट मिलें।

## खबरें फटाफट

### संस्कार के बिना शिक्षा का कोई महत्व ही नहीं : अरुण राजभर

मऊ। सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुरा का वार्षिकोत्सव समारोह



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से सम्पन्न हो गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभासपा के के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने कहा कि संस्कार के बिना शिक्षा का कोई महत्व ही नहीं है ,और सरस्वती शिशु मंदिर विद्या भारती के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों का उद्देश्य संस्कार युक्त शिक्षा ही देना है । इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार की शिक्षा बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिच्छेलाल राजभर एमएलसी सुभासपा, कृष्णा राजभर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, रतनपुरा ब्लाक, कौशिक कांत राजभर ग्राम प्रधान बिभौली उपस्थित रहे। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कांत मिश्रा प्रदेश मंत्री जन शिक्षा गोरख प्रांत कार्यक्रम का संयोजन जियालाल प्रांत निरीक्षक जन शिक्षा गोरख प्रांत तथा कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में दिवाकर राम त्रिपाठी संभाग निरीक्षक आजमगढ़ के द्वारा किया गया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी आगंतुक अतिथियों का मन मोह लिया।

### आगामी त्यौहारों ईद एवं नवरात्रि के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

मऊ। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत ईद एवं नवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के बारे में एक-एक कर जिलाधिकारी को अवगत कराया। सदस्यों ने बताया कि नवरात्री त्योहार के दौरान वनदेवी एवं हनुमान घाट मंदिर पर बृहद मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता पड़ती है।

## सीएम योगी ने महाराष्ट्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया प्रचार

# 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान सुरक्षा, सम्मान व समृद्धि दी है: योगी

♦ सीएम योगी ने वर्धा से भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी ताड़स के लिए मांगा जनसमर्थन

♦ महाराष्ट्र के जनमानस से आई आवाज, देश में दो ही नाम-मोदी और योगी

**केटी न्यूज/वर्धा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आएंगे तो मोदी ही। 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किए हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं कि फिर से आएंगे तो मोदी ही।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाराष्ट्र दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा वर्धा से सांसद व भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी तड़स के लिए की। सीएम ने महाराष्ट्रवासियों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि आजादी का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था, महाराष्ट्र की जनता ने उसके जरिए भारत की स्वाधीनता को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में योगदान दिया।



### मुंबई पर हमला करने वाले आतंकी अब पाक में भी सुरक्षित नहीं

सीएम ने कहा कि लोग गर्व से मानते हैं कि भारत दुनिया का सिरमौर है, लेकिन 2014 के पहले ऐसा नहीं था। पहले दुश्मन देश भारत की सीमाओं में घुसते थे। सीमाओं का अतिक्रमण होता था। सरकारें आंखें बंद कर लेती थीं पर अब ऐसा नहीं होता। चार दिन पहले ब्रिटेन का प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'द गार्डियन' पढ़ रहा था। इसमें बताया कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुनकर 20 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान इसका शक भारत पर जता रहा है। इसका आशय जिस पाकिस्तान में मुंबई विस्फोट के अपराधी व आतंकवादी छिपे हों, उस पाकिस्तान में भी अब आतंकी सुरक्षित नहीं हैं। यह बात दुनिया भी स्वीकार कर ली है। भारत की लड़ाई में दुनिया साथ खड़ी है।

### अब पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है

सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर आतंकी गिरोह अब दुस्साहस भी नहीं कर सकता है। स्थानीय स्तर पर यदि पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है, जबकि पहले वह सीना तानकर बोलता था। अब उसे पता है कि मोदी जी की सरकार पाकिस्तान में घुसकर काम तमाम कर देगी। भारत में आतंकवाद की सबसे बड़ी जड़ कश्मीर से धारा-370 समाप्त हो गई। जो काम 1952 से 2014 तक नहीं हुआ, वह मोदी जी ने एक झटके में कर दिया। मोदी जी ने तीन तलाक की कुप्रथा पर रोक लगा दी। बाबा साहेब के पंच तीर्थ का निर्माण भी करा दिया।

### राष्ट्र की आवाज से महाराष्ट्र को भी जुड़ जाना चाहिए

सीएम ने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं का भारत में कोई सानी नहीं है। पहले चार करोड़ गरीबों को आवास, फिर अयोध्या में रामलला को राममंदिर के रूप में भव्य आवास दिया। रामदास जी ने लॉजिस्टिक का बेहतरीन हब बनाया है। यह काम भी मोदी जी के नेतृत्व में बेहतरीन ढंग से किया गया है। इससे हजारों लोगों को नौकरी व सिटी को पहचान मिलेगी। राष्ट्र की आवाज से महाराष्ट्र की आवाज को जुड़ जाना चाहिए। 400 पार के लिए महाराष्ट्र की सभी सीटों पर भाजपा, शिवसेना व एनसीपी गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतना होगा। सीएम ने चुनाव के पश्चात अयोध्या में दर्शन करने आने का भी निमंत्रण दिया।

### यहां पालघर में संतों की हत्या हो गई, यूपी में कोई किया तो उल्टा टांग देंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्ष के पास नेता, नीति व नीयत भी नहीं है। 2017 में मुझे यूपी के मुख्यमंत्री का दायित्व दे दिया गया। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में कर्फ्यू पर अब ताला लगा दिया गया, जबकि भाजपा सरकार आने के पहले वहां भी दंगा व कर्फ्यू लगता था। यहां पालघर में तीन संतों की हत्या कर दी गई, यूपी में कोई किया तो उसे उल्टा टांग देंगे। यूपी में कर्फ्यू नहीं, शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा निकलती है। कुंभ में करोड़ों लोग भाग लेते हैं और अयोध्या धाम में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं, फिर भी वहां सब कुछ शांति से निपट रहा है।

## एक नजर

### सरायख्वाजा थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर अपराधी को पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस व बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को इस मामले में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने बैजारामपुर में संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान मुखबरि की सूचना पर तीन शातिर अपराधी को एक तमंचा व कारतूस बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त आयुष 26 वर्ष पुत्र बालालखेन्द्र निवासी सिटी स्टेशन लाईन बाजार राजन यादव 20 वर्ष पुत्र महावीर यादव निवासी अलहदिया थाना तेजीबाजार, आशीष 23 वर्ष पुत्र कृपाशंकर निवासी खूनसपुर थाना बक्शा के कब्जे से एक देशी तमंचा कारतुस दो मोटर साइकिल बरामद हुई जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया।

### इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारियों ने लावारिश शव का करवाया अंतिम संस्कार



**जौनपुर।** थाना रामपुर से प्राप्त एक लावारिश शव को लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी जौनपुर के पदाधिकारियों ने हम्जा चिस्ती स्थित कब्रस्तान पर दक्षिणी तरफ दफन करवाया,अध्यक्ष रियाजुल हक खान ने बताया की अब तक कमेटी ने कोरोना कॉल से सैकड़ों लावारिश शव प्रशासन के मदद से दफन करवाया है।उक्त शव थाना रामपुर के कस्बा में पुलिस को मिला था,जिसका जब कोई वारिश नही मिला तो अंत्य परीक्षण के बाद शव पुलिस द्वारा इंतजामिया कमेटी के सहयोग से दफन करवाया गया।जनाजे की नमाज अजहर हाफिज ने अदा करवाइए, उक्त मौके पर बख्तियार आलम, रिजवान, लल्लू, सद्दाम सिद्दीकी, पुलिस विभाग से रवि चौरसिया, ताजसेन सहित मौलाना अहमद पासा,अंसार अहमद,मास्टर मेराज,माज हलीमी,शाहनवाज,तहसीन शाहिद सभासद, दीपक चिटकारियां, अकरम मसूरी, अबूजर शेख सभासद आदि का सहयोग रहा।

### लोकसभा क्षेत्र घोसी में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिला प्रशासन का लगातार प्रयास



**मऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लोकसभा क्षेत्र घोसी में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के निर्देश पर लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में आज विकासखंड परदहां में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ प्रभारी डीसी एनआरएलएम उपेंद्र पाठक ने समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर मतदान के महत्व को इंगित करते हुए स्वयं मतदान करने के साथ ही अन्य लोगों को प्रेरित करने हेतु प्रयास करने को कहा। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग द्वारा राजीव गांधी पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज में अध्ययन रत छात्राओं ने इस संबंध में रैली भी निकाली। सीडीपीओ के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने भी मतदाता जागरूकता से संबंधित रैलियां निकाली एवं लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा विकासखंड फतेहपुर मंडाव, परदहां एवं रानीपुर में सफाई कर्मियों द्वारा ग्रामीण अंचलों में मतदाता जागरूकता से संबंधित रैलियां निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में भी मतदान हेतु शपथ दिलाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रशांत नागर ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि मतदान प्रतिशत में अधिक से अधिक वृद्धि की जा सके। उन्होंने जनपद वासियों से आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की।

## फर्जी सिमकार्ड एक्टिवेट कर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

♦ आरोपित के पास 40 एक्टिवेटेड सिम कार्ड तथा 4400 रुपए हुए बरामद

**केटी न्यूज/आजमगढ़**

जनपद की साइबर थाने की पुलिस ने उपभोक्ताओं के नाम से फर्जी सिम एक्टिवेट कर तथा एयरटेल पेमेंट बैंक बनाकर (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर) के माध्यम से लोगो के बैंक खाते से सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली (किसान सम्मान निधि, पेंशन, गैस सब्सिडी, स्कालरशिप) राशि के लाखों रुपए निकालने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 40 एक्टिवेटेड सिम एवं मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी सीताराम यादव द्वारा साइबर क्राइम थाना में प्रार्थना पत्र दिया गया कि किसी ने मेरे नाम से फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक का खाता खोल लिया है।

उक्त जालसाज द्वारा बैंक में मेरे नाम से आने वाली किसान सम्मान निधि को मेरे नाम से खुले फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक में ट्रांसफर कर निकाल लिया जा रहा है। ऐसे ही कई अन्य लोगों का भी किसान सम्मान निधि की राशि अन्य बैंकों में ट्रांसफर कर निकाल लिया जा रहा है। उसकी शिकायत को संज्ञान लेते हुए तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर साइबर क्राइम थाना टीम द्वारा अभिसूचना संकलन करके कार्रवाई प्रारंभ की गई। विवेचना में परमानन्द भारती उर्फ राहुल कुमार निवासी ग्राम जलालपुर कोठवा थाना अहरौला का नाम प्रकाश में आया। साइबर थाना पुलिस ने आरोपित की लोकेशन के आधार पर रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, 40 एक्टिवेटेड सिम कार्ड तथा 4400 रुपए बरामद किए गए। तत्पश्चात आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत विधिक कार्रवाई की गई है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित परमानन्द भारती उर्फ राहुल कुमार ने बताया की मैं एयरटेल की तरफ से गावों में जाकर एयरटेल टठढ केंद्र का कैंप लगता हूँ। वहां जो भी लोग सिम कार्ड लेने या पोर्ट कराने आते हैं तो मैं उनके नाम से दो सिम, एक बार ई-केवाईसी के माध्यम से तथा दूसरी बार आफ लाइन केवाईसी आधार कार्ड की फोटो खीचकर एक्टिवेट कर देता था। इसके बाद उसी समय ई-केवाईसी कर उनके नाम से फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक भी खोलकर उसमे (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर) आप्शन को फर्स्ट टाइम एक्टिवेट कर देता था और उससे लोगो के आधार कार्ड से जो भी गवर्नमेंट योजना के तहत (किसान सम्मान निधि, पेंशन, गैस सब्सिडी, स्कालरशिप) राशि बैंक खातो में ट्रान्सफर होती थी, वह मेरे द्वारा खोले हुए फर्जी एयरटेल पेमेंट बैंक में ट्रान्सफर हो जाती थी। जिसे मैं यूपीआई के माध्यम से निकाल लेता था। डीबीटी करने पर मुझे कंपनी की तरफ से ज्यदा कमीशन मिलता था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि अब तक मैंने लगभग 50 से 60 लोगो के साथ ऐसी धोखधड़ी कर लगभग पांच लाख रुपए ट्रान्सफर कर निकाल चुका हूं।




## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चल रही कार्यशाला में भू वैज्ञानिकों का हुआ व्याख्यान

# मानव सभ्यता पर जलवायु परिवर्तन का हुआ गहरा असर : प्रो. ध्रुवसेन

♦ प्रो. बीएन सिंह और प्रो. प्रफुल्ल ने प्रतिभागियों से की चर्चा

**केटी न्यूज/जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित रज्जू भैया संस्थान के अर्थ एंड प्लेनेटरी साइंसेज विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक आपदाओं पर उसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर होने वाली प्रत्येक आपदाएं कहीं न कहीं



जलवायु परिवर्तन पर आधारित है । उन्होंने कहा कि पृथ्वी के इतिहास में मानव सभ्यता के पहले भी जलवायु परिवर्तन होते रहे हैं परंतु आज की परिस्थितियों में मानवजनित गतिविधियों की वजह से उसकी दर प्रभावित हो रही है जो बड़ी चिंता का कारण है । उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की अपेक्षा पर्यावरण प्रदूषण में मानवजनित गतिविधियों का अधिक योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रकृति अपना बैलेंस खुद बनाती है और अपनी जरूरतों का पूरा कर सकती है लेकिन वर्तमान समय में विकास की होड़ में प्रकृति पर बहुत बुरा असर हुआ है। प्रो. ध्रुवसेन ने से आर्कटिक पोल पर भारत के ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए स्थगित भारत के स्टेशन हिमाद्रि की स्थापना एवं अन्य वैज्ञानिक आयामों पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बी. पी. सिंह ने विंध्य पहाड़ियों में पूरा-भूकंपीय तरंगों के परिणामस्वरूप बनने वाली विभिन्न संरचनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र, मिजार्पुर चित्रकूट जिले की विंध्य पहाड़ियों में तमाम ऐसी संरचनाएं मिलती हैं जो ये सुनिश्चित करती हैं कि पूर्व में यह परिक्षेत्र भूकंप का बड़ा केंद्र था।

इसी क्रम में केन्द्रीय दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय गया से आये प्रोफेसर प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भूस्खलन एवं उसके अध्ययन में रिमोट सेंसिंग के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पहाड़ी इलाकों में सड़कों के बनने से पहले रिमोट सेंसिंग तकनीकी के माध्यम से उनकी क्षमताओं एवं भविष्य में होने वाले नुकसान का पता आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने उत्तराखंड राज्य के चकराता - कालसी रोड कॉरिडोर निर्माण एवं विभिन्न भूस्खलन के तथ्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान का तात्कालिक रूप से आकलन करना एवं राहत पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती होती है । पहाड़ी इलाकों में प्रतिदिन कहीं न कहीं भूस्खलन होता रहता है जिससे मानीटर करने के लिए रिमोट सेंसिंग सबसे सुगम तकनीक है।

## सुभाषितम्

विद्रोह को क्रांति नहीं कहा जा सकता, यह हो सकता है कि विद्रोह का अंतिम परिणाम क्रांति हो। - भगत सिंह

## शोषण बर्दाश्त नहीं, आक्रमकता बंगाल का जैविक गुण

- सनत जैन

बंगाल के नागरिक हमेशा से शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए जाने जाते हैं। सैकड़ो वर्षों से बंगाल के लोग यह लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। अभी पश्चिम बंगाल के जो हालात हैं, वह कोई नए नहीं हैं। बंगाल के नागरिक हमेशा से जुल्म का विरोध करने में सबसे आगे रहे हैं। यदि हम स्वतंत्रता संग्राम से बात शुरू करें। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में पश्चिम बंगाल की अग्रणी भूमिका रही है। सबसे बड़े महानायक सुभाष चंद्र बोस रहे हैं, जिन्होंने न केवल अंग्रेज सरकार को चुनौती दी, बल्कि आजाद हिंद फौज बनाकर अंग्रेजों के खिलाफ देश और विदेश में जाकर लड़ाई लड़ी। स्वतंत्रता के पश्चात जब पश्चिम बंगाल का एक बड़ा हिस्सा बंटवारे में पाकिस्तान में चला गया। पाकिस्तान के शासको ने जब बंगाल कौम का शोषण करना शुरू किया। उस समय भी बंगालियों ने खुलकर पाकिस्तानी सरकार का विरोध किया। बंगाली मानुष अपने अधिकार के लिए लड़ना जानते हैं। पाकिस्तान अधिकृत बंगाल के नागरिकों ने मुजीबुर्र रहमान के नेतृत्व में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें सहायता दी। एक स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण 1971 में हुआ। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसी तरीके से भारत अधिकृत पश्चिमी बांग्लादेश में नक्सलवादी आंदोलन भी बंगालियों द्वारा शुरू किया गया। भारत का यह पहला नक्सली आंदोलन जो 1969 में नक्सलवाड़ी से चाया मजूमदार के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण की मांग से शुरू हुआ। धीरे-धीरे सारे देश में फैल गया था। गरीबों के हक की लड़ाई कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत में लड़ना शुरू की। पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी सबसे ताकतवर रूप में उभर कर सामने आई। बांग्ला नागरिक कभी भी अपने अधिकारों को लेकर समझौता नहीं करते हैं। ममता बनर्जी इसका उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी से विद्रोह करके उन्होंने अपनी एक नई पार्टी टीएमसी का गठन किया। वह पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के पद पर लंबे समय से विराजमान है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण का जो सहारा लिया है। धार्मिक धुव्रीकरण के साथ-साथ भाजपा ने जिस तरह की आक्रमकता और केंद्रीय एजेंसियों को राजनैतिक लड़ाई में सक्रिय किया है। इसका विरोध अब आम जनता के बीच से होने लगा है। जगह-जगह लोग केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ आक्रमक तरीके से सामने आ रहे हैं। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। पश्चिम बंगाल में ईड़ी की टीम पर घातक हमला हुआ। अब एनआईए की टीम पर हमला हुआ है। बंगाली महिलाएं भी जिस तरह से सड़कों पर आकर सार्वजनिक रूप से विरोध करती हैं। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपति नगर से गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता मनोवृत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मोनी जना का आरोप है। शुक्रवार की देर रात एनआईए के अधिकारी बड़ी संख्या में उनके घर में घुसे। मारपीट और तोड़फोड़ कर उनके साथ बदतमीजी की है। देर रात में किसी के घर में इस तरह से घुस जाना, स्थानीय पुलिस का नहीं होना, अकेली महिला के साथ दुर्व्यवहार करना कहीं से भी सही नहीं कहा जा सकता है। एनआईए की टीम 2 साल पुराने 2022 के बम धमाके की जांच करने देर रात पहुंची, जिसका महिला ने विरोध किया। उसकी सहायता के लिए आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठे हो गए। भीड़ ने देर रात की जा रही कार्रवाई का विरोध किया। भीड़ और एनआईए के सुरक्षा बलों के बीच में झूमा-झपटी और पथराव भी हुआ। अब इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। लोकसभा चुनाव का यह मुद्दा भी बन गया है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी जिस आक्रामक ढंग से टीएमसी को नेस्त नाबूत करना चाहती है।

## चिंतन-मनन

## ईश्वर का आहार है साधना

तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है, कहीं ऊपर स्वर्ग में। मन में बैठी इस धारणा के संग तुम ईश्वर से कुछ मांगना चाहते हो और उनसे कुछ लेना। परन्तु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नही होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। तुम ईश्वर को धारण किये हो। तुम्हें अपने गर्भ का ध्यान रखना है और इस शिशु को संसार में जन्म देना है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। ईश्वर पोषण के लिए पुकारते रहते हैं। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। तुम ऐसा क्यों सोचते हो कि ईश्वर एक ही हैं ईश्वर भी अनेक क्यों नहीं हो सकते यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है अप्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वस्तुओं की इतनी विविधताएं क्यों है वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। कुछ भी सिर्फ एक प्रकार का नहीं है, तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता की प्रेमी है, वह चेतना नीरस कैसे हो सकती है ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्य होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचारधारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप-वर्दी में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपने रूप को बदलते हो तो कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो हमारे पूर्वज इस बात को समझते थे और इसीलिए उन्होंने दिव्यता के अनंत गुण व रूपों का ज्ञान कराया।

# वर्षप्रतिपदा हिंदु कालगणना के अनुसार वैज्ञानिक

- प्रहलाद सबनानी




भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ कथा कल्पतरु में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है।

वर्षप्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा ॐ का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्ध्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अतः इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों।

वैदिक शुभकामना

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्श्र्वाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।

स्वस्ति नस्ताक्श्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिरदधातु।।

अर्थात, महान यशस्वी इंद्र एश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। ताक्षर्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिव्रत के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा ताक्षर्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण ० पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है। वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वार्सतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आयुर्वेदाचार्य; (2) वररुचि-व्याकरणचार्य; (3) कालीदास-महाकवि; (4) वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी; (5) शंकु-शिक्षा शाश्त्री; (6) अमरसिंह-साहित्यकार; (7) क्षणपक-न्यायविद दर्शनशास्त्री; (8) घटकर्पर-कवि; (9) वेतालभट्ट-नीतिकार। भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है। इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक ह्यकलैंडर रिफार्म कमेटीह्न का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में ह्यसाइंस एंड कल्चरह्न पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार, लगभग पूरे विश्व में लागू ईसवी सन का मौलिक सम्बंध ईसाई पंथ से नहीं है और यह यूरोप के अर्धसभ्य कबीलों में ईसामसीह के बहुत पहले से ही चल रहा था। इसके अनुसार एक वर्ष में 10 महीने और 304 दिन ही होते थे। वर्ष के कैलेंडर में जनवरी एवं फरवरी माह तो बाद में जोड़े गए हैं। पुरानी रोमन सभ्यता को भी तब तक ज्ञात नहीं था कि सौर वर्ष और चंद्रमास की अवधि क्या थी। यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया। ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया। साथ ही, यूरोप के कैलेंडर में 28, 29, 30, 31 दिनों के महीने होते हैं, जो विचित्र है क्योंकि यह न तो किसी खगोलीय गणना पर आधारित हैं और न ही किसी प्रकृति चक्र पर। उक्त वर्णित कारणों के चलते कैलेंडर रिफोर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेजी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया। हालांकि, विदेशी सिद्धांतो पर आधारित गणनाओं में कई विसंगतियाँ पाई गई हैं। चिल्ड्रन्स ब्रिटानिका के प्रथम खंड (1964) में कैलेंडर का इतिहास बताया गया है। इसमें यह बताया गया है कि अंग्रेजी कैलेंडरों में अनेक बार गड़बड़ हुई हैं एवं इसमें समय समय पर कई संशोधन करने पड़े हैं। इनमें माह की गणना चंद्र की गति से और वर्ष की गणना सूर्य की गति पर आधारित है। आज भी इसमें कोई आपसी तालमेल नहीं है। ईसाई मत में ईसा मसीह का जन्म इतिहास की निर्णायक घटना मानी गई है। अतः कालक्रम को इउ (ड्डीड्ढश्ी उँ१२३) और अऊ (अल्लल्लड्ड उड्ढेल्ल) अर्थात क्ल्ल ॐ ट्टी१ ड्ड ड्ढ४१ छड्ढश्र् में बांटा गया। किंतु, यह पद्धति ईसा के जन्म के बाद भी कुछ सदियों तक प्रचलन में नहीं आई थी। इसके साथ ही, आज के ईस्वी सन का मूल रोमन संवत है। यह ईसा के जन्म के 753 वर्ष पूर्व रोम नगर की स्थापना से प्रारम्भ हुआ। तब इसमें 10 माह थे (प्रथम माह मार्च से अंतिम माह दिसम्बर तक) वर्ष होता था 304 दिन का। बाद में राजा नूमा पिंपोलियस ने दो माह (जनवरी एवं फरवरी) जोड़ दिए। तब से वर्ष 12 माह अर्थात 355 दिन का हो गया। यह ग्रहों की गति से मेल नहीं खाता था, तब जूलियस सीजर ने इसे 365 और 1/4 दिन का करने का आदेश दे दिया। इसमें कुछ माह 30 दिन व कुछ माह 31 दिन के बनाए गए और फरवरी के लिए 28 दिन अथवा 29 दिन बनाए गए। इस प्रकार पश्चिमी कैलेंडर में गणनाएं प्रारम्भ से ही अवैज्ञानिक, असंगत, असंतुलित विवादित एवं काल्पनिक रहीं।

# सिंध प्रांत को भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता था

-प्रहलाद सबनानी

भारत के प्राचीन काल में सिंध प्रांत को भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता था क्योंकि सिंध प्रांत को पार करते हुए ही भारत में दिल्ली तथा अन्य राज्यों तक पहुंचा जा सकता था। सिंध का कराची बंदरगाह भारत के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक था क्योंकि कराची बंदरगाह के माध्यम से भारत से कृषि पदार्थों आदि का निर्यात किया जाता था। सिंध के निवासी कई कई महीनों तक लगातार जलयान एवं नौकाओं के माध्यम से भ्रमण करते हुए अन्य देशों के साथ विदेशी व्यापार करते थे। परंतु, 700 ईसवी आते आते शायद सिंध प्रांत को जैसे किसी की नजर लग गई और सिंध में मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध प्रांत के राजा श्री दाहिर सेन को 712 ईसवी में विश्वासघात करके युद्ध में मार दिया। इस प्रकार, श्री दहिर सेन जी सिंध प्रांत के अंतिम हिंदू शासक सिद्ध हुए। 712 ईसवी के बाद अल हिलाज के खलीफा ने सिंध प्रांत को अपने राज्य में शामिल कर लिया और सिंध प्रांत पर खलीफा के प्रतिनिधियों द्वारा शासन किया जाने लगा। इसके बाद तो सिंध के सनातनी हिंदूओं पर जैसे दुखों का पहाड़ ही टूट पड़ा क्योंकि इस्लामिक आक्रमणकारियों द्वारा पूरे क्षेत्र में तलवार की नोंक पर हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जाने लगा और इस्लाम को इस क्षेत्र में फैलाया जाने गया। उस खंडकाल में सिंध राज्य की राजधानी थट्टा नामक नगर थी। इस नगर की अपनी एक अलग पहचान और अपना एक अलग प्रभाव था। इस क्षेत्र का शासक मिरखशाह न केवल अत्याचारी और दुराचारी था बल्कि एक कट्टर इस्लामिक आक्रमणकारी राजा था। मिरखशाह ने इस क्षेत्र में इस्लाम को फैलाने के लिए अनेक आक्रमण किए एवं नरसंहार किया। मिरखशाह के सलाहकारों और मित्रों ने



उसे सलाह दी कि इस क्षेत्र में जितना अधिक इस्लाम को फैलाओगे उतने अधिक समय के लिए आपको मौत के बाद जन्नत अथवा सर्वोच्च आनंद की प्राप्ति होगी। सलाहकारों की इस सलाह के बाद मिरखशाह ने हिंदुओं के पंच प्रतिनिधियों को अपने पास बुलाया और उन्हें आदेश दिया कि आप सभी हिंदू लोग इस्लाम ग्रहण कर लो अथवा मरने के लिए तैयार हो जाओ। हिंदुओं के पंच प्रतिनिधियों ने मिरखशाह की इस सलाह पर विचार करने के लिए कुछ समय मांगा और मिरखशाह ने उन्हें 40 दिन का समय दे दिया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जब मनुष्य के लिए सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं तो वह प्रभु परमात्मा की शरण में जाने लगता है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ और अपने सामने मौत और धर्म पर संकट को देखते हुए सिंधी हिंदुओं ने जल के देवता वरुण देव की ओर रूख किया। चालीस दिनों तक हिंदुओं ने तपस्या की। इस बीच न तो उन्होंने अपने बाल कटवाए और ना ही कपड़े बदले और ना ही भोजन किया। इन 40 दिनों तक कठिन उपवास करते हुए केवल ईश्वर की स्तुति और प्रार्थना कर प्रभु परमात्मा से रक्षा की उम्मीद लिए नदी के किनारे बैठे रहे। 40वें दिन स्वर्ग से एक आवाज आई, जिसमें कहा गया कि आप लोग डरो मत, मैं तुम्हें आक्रांताओं की बुरी नजर से बचाऊंगा। मैं एक नश्वर के रूप में इस पृथ्वी पर आऊंगा और माता देवकी के गर्भ से इस धरा पर जन्म लूंगा। यह सुनकर सिंधी समाज के सनातनी हिंदुओं ने मिरख शाह से जाकर अपने ईश्वर के आने तक रुकने की प्रार्थना की। जिसके बाद मिरख शाह ने इसे अपने अहंकार के रूप में देखा और भगवान से भी लड़ने की चाह में उसने हिंदुओं को कुछ दिन का और समय दे दिया। तीन माह बाद आसू माह (आषाढ़) के दूसरे तिथि में माता देवकी ने गर्भ में शिशु होने की पुष्टि की। इसके बाद पूरे हिन्दू समाज ने जल देवता की प्रार्थना कर अभिवादन किया। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन आकाश से बेमौसम मूसलाधार बारिश हुई और माता देवकी ने एक चमत्कारी शिशु को जन्म दिया। भगवान झूलेलाल के जन्म लेते ही उनके मुख को जब खोला गया तो उसमें सिंदु नदी के बहने का दृश्य दिखाई दिया। पूरे हिंदू समुदाय द्वारा बच्चे के जन्म लेते ही गीतों और नृत्यों के साथ उसका स्वागत किया गया। झूलेलाल जी का नाम बचपन में उदयचंद रखा गया। उदयचंद को उडेरोलाल भी कहा जाने लगा। नसरपुर के लोगो प्यार से झूलेलाल को अमरलाल भी कहते थे। जिस पालने में झूलेलाल रहते थे वह अपने आप ही झूलने लगता था, जिसके बाद ही उन्हें झूलेलाल कहा जाने लगा और इसी नाम से वे लोकप्रिय हो गए। इधर काफी समय बीत जाने के बाद मिरखशाह के ऊपर मौलवियों द्वारा एक बार पुनः हिंदुओं को इस्लाम में लाने हेतु दबाव डाला जाने लगा तो मिरख शाह ने काफिरों (सनातनी हिंदुओं) को इस्लाम धर्म अपनाने का आदेश दे दिया। साथ ही, मौलवियों की बात और अपने इस्लामिक अहंकार में मिरखशाह ने उडेरोलाल से खुद मिलने का फैसला किया। मिरखशाह ने अहिरियो नामक व्यक्ति को उडेरोलाल से मिलने की व्यवस्था करने को कहा। अहिरियो, जो स्वयं इस बीच जलदेवता का भक्त बन चुका था, सिंधु नदी के तट पर गया और जल देवता से अपने बचाव में विनती करने लगा। पहिले, अहीरियो ने एक बूढ़े आदमी को सफेद दाढ़ी में देखा, जो एक मछली पर तैर रहा था। अहिरियो का सिर आराधना में झुका और उन्होंने समझा कि जल देवता उडेरोलाल ही है। फिर, कुछ पल में ही अहिरियो ने एक घोड़े पर उडेरोलाल को छलांग लगाते हुए देखा और और उडेरोलाल एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में एक झंडा लिए हुए निकल गए। अहिरियो, मिरखशाह को जब उडेरोलाल के सामने लाया तो भगवान झूलेलाल (उडेरोलाल) ने उन्हें ईश्वर का मतलब समझाया। लेकिन कट्टरपंथी मौलवियों की बातें और इस्लामिक कट्टरपंथ लिए बैठे मिरखशाह ने उन सभी बातों को अनदेखा कर अपने सैनिकों से भगवान झूलेलाल को गिरफ्तार करने का आदेश दे दिया। जैसे ही, सैनिक आगे बढ़े वैसे ही पानी की बड़ी बड़ी लहरें आंगन को चीरती हुई आगे आ गई। आग ने पूरे महल को घेर लिया और सब कुछ जलना शुरू हो गया। वहां से भागने के सभी मार्ग बंद हो गए। मिरखशाह यह सब देखकर घबरा गया और उसने भगवान झूलेलाल से विनती की कि मेरे भगवान, मुझे अपनी मूर्खता का एहसास हो गया है अतः आप कृपया मुझे और मेरे दरबारियों को बचा लीजिए। इसके बाद वहां पानी की बौछार आई और आग बुझ गई। मिरखशाह ने सम्मानपूर्वक भगवान झूलेलाल को नमन किया और हिंदुओं और मुसलमानों के साथ एक जैसा व्यवहार करने के लिए सहमत हुआ। यहीं उडेरोलाल ने अपने चचेरे भाई पगड़ को मंदिर का पहला ठाकुर (पुजारी) नियुक्त किया।

## नवरात्र में मां दुर्गा घोड़ पर आ रही हैं

-डॉ जाह्नवी

नवरात्र में मां दुर्गा दुर्गतिनाशिनी का आगमन अश्व (घोड़े)पर हो रहा है। शुभ श्री संवत २०८१ पिंगल नामाब्द संवत्सर१९४६ शाके फसली १४३१-३२, बंगला सन १४३०-३१ और मुस्लिम के हिजरी साल १४४५-४६ का के राजा मंगल मंत्री श्री शनिदेव है।श्री गणेश नवरात्रा 09 अप्रेल 2024 मंगलवार से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सृष्टि का जन्म दिन भी शास्त्रानुसार माना जाता है। महामंडलेश्वर महर्षि डॉ जाह्नवी ₹राज-ज्योतिष₹अधिवक्ता, भविष्यवक्ता,नास्त्रेदमस, झारखण्ड रत्न, और लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित, ब्रांड एम्बेसडर ऑफ झारखंड ज्योतिष पुंज ग्लोबल फाउंडेशन हरियाणा द्वारा सम्मानित, झारखण्ड-भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष-इंडियन एस्ट्रोलाजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट इंडिया ७ धर्मपुर, जसीडीह, देवघर-वैधनाथधाम, रांची के सौजन्य से धर्मार्थ, विश्व कल्याणार्थ, जनहित-राष्ट्रहित में शोध अनुसंधान के बाद जनकल्याणार्थ प्रकाशित किया गया है, सभी पाठकों को नववर्ष मंगलमय सहित कल्याणकारी की शुभकामनाओं सहित। नवरात्रि में मां के नौरूपों की पुजा होगी जो 09 अप्रेल 24 मंगलवार से 17अप्रेल 24 तक चलेगी। कलश स्थापना (घटस्थापना)का शुभ मुहूर्त 09/4/24 मंगलवार को प्रातः 09बजकर13मिनट से दिन के 01,55 तक है । सर्वार्थ सिद्धि योग भी है। संपूर्ण प्राणियों केलिए शंख और वसंत ऋतु में अमृषट नाम से जानते हैं।जानी जाती हैं। नवरात्र का बड़े उत्साह उमंग और हर्षोल्लास से कई शुभादिशुभ योगों के साथ शुभारंभ हो रहें हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को आदिशक्ति मां दुर्गा दुर्गतिनाशिनी देवी मां का आगमन देवी मां भगवती घोड़े पर सवार होकर आ रही है। जो अच्छे संकेत नहीं है और मंगलवार से संवत संवत्सर शाके का शुभारंभ भी बहुत शुभ नहीं है। मंगल कराए दंगल !09/04/2024 मंगलवार प्रथम दिन माता मां शैलपुत्री की पुजा अर्चना उपासना आराधना करें और गाय के घी और केले का भोग लगाएं, आरोग्य लाभ की प्राप्ति होगी। एक कन्या की पुजा अर्चना उपासना करते हुए आशिर्वाद प्राप्त करें। द्वितीया मां ब्रह्मचारिणी 10/04/24 बुधवार को शक्कर और मक्खन का भोग लगाएं और दीघार्यु योग प्राप्त करते हुए दो कन्याओं को भोजन कराएं आशीर्वाद प्राप्त करें। तृतीय चंद्रघंटा 11/04/24 गुरुवार मां को खांड और दूध का भोग लगाएं, दुःखों से निवृत्ति मिलेगी, तीन कन्या की पुजा अर्चना उपासना करें। चतुर्थ कुष्मांडा माता 12/04/20शुक्रवार को मालपुआ और शक्कर का भोग लगाएं विघ्न बाधाओं से मुक्ति मिलेगी,चार कन्याओं की पुजा अर्चना उपासना करें। श्री माता से आशीर्वाद प्राप्त करें। पांचवां मां स्कंदमाता मां 13/04724 शनिवार को केले और घी का भोग लगाएं विद्या बुद्धि का विकास होगा। पांच कन्याओं की पुजा अर्चना उपासना सेवा करें। षष्ठ मां कात्यायनी 14/04/24 रविवार मां को मधु तथा खीर के भोग लगाएं और सुन्दर आचरण व्यक्तित्व प्राप्त करें छः कन्याओं की पुजा अर्चना उपासना करें। सप्तम मां कालरात्रि 15/04/24 सोमवार को दुग्ध और गुड़ का भोग लगाएं,शोक से सर्वदा मुक्ति मिलेगी।सात कन्याओं की पुजा अर्चना उपासना करें। अष्टम मां महागौरी मां 16/04/24 मंगलवार को नारियल और केले का भोग लगाएं, दुःख संताप का निवारण होगा।आठ कन्याओं की पुजा अर्चना उपासना करें। नवम सिद्धिदात्री मां 17/04/24 बुधवार को धान के लावे और मक्खन के भोग लगाएं साथ ही नव कन्याओं की सच्चे मन से पुजा अर्चना उपासना-आराधना करें !

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** आज शाम तक आप कोई बड़ी डील कर सकते हैं। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। | **तुला** आज का दिन लाभ देने वाला है। आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। |
| **वृषभ** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी यात्रा से मन को सकून मिलेगा। | **वृश्चिक** आज आर्थिक मामलों में कुछ परेशानी और समस्या का सामना करना पड़ सकता है। |
| **मिथुन** आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपको कोई कार्य पूर्ण करने में लाभ होगा। | **धनु** बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। |
| **कर्क** कार्य में सफलता मिलेगी। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। | **मकर** आज का दिन सामान्य है। साझे में किए काम में आपको व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। |
| **सिंह** दिन व्यस्त रखने वाला है और आपको पैसे कमाने के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। | **कुंभ** आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। |
| **कन्या** दिन आर्थिक मामलों में लाभ देने वाला होगा। व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। | **मीन** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। |

## विशेष

### कम सीटों पर चुनाव लड़कर,ज्यादा सीटें जीतेगी कांग्रेस

कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन मैं 29 राजनीतिक दल शामिल हो गए हैं। कांग्रेस इस बार 2019 की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन ज्यादा सीटों पर चुनाव जीतने का रिकार्ड बनाएगी। इस बार कांग्रेस उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जहां पर जीतने की संभावना है। राज्यों में उन दलों के साथ समझौता किया है। जो वहां पर मजबूत हैं। इसके कारण कांग्रेस का पडला भारी पड़ रहा है। कांग्रेस देश के सभी राज्यों में चुनाव लड़ रही है। वही उसके सहयोगी दल एक या दो राज्यों में प्रभावी हैं। इंडिया गठबंधन के कारण भाजपा की चिंता बढी हुई है।

### सपा और भाजपा ने बदले उम्मीदवार

लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार घोषित होने के बाद भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवारों को बदला है। समाजवादी पार्टी ने 6 उम्मीदवारों को अंतिम समय पर बदल दिया। इसी तरह से भारतीय जनता पार्टी ने भी सूची घोषित करने के बाद अपने उम्मीदवारों को कार्यकताओं के विरोध के कारण बदलना पड़ा। पहले आप पहले आप की तर्ज पर टिकटो का वितरण काफी विलंब से हुआ। उसके बाद भी टिकट बदलना पड़ी। 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा दबाव भाजपा पर देखने को मिल रहा है। टिकटो का सबसे ज्यादा विरोधसपा और भाजपा में हो रहा है।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1609ः स्पेन और हालैंड में नौ वर्षीय शांति संधि हुई. 1756ः सिराजुद्दौला बंगाल की गद्दी पर बेठा. 1942ः अमेरिका और फिलीपीस के सैनिकों ने भूटान में जापानियों के आगे हथियार डाल दिये. 1965ः भारत और पाकिस्तान के बीच कच्छ के रन में लड़ाई भड़की. 1974ः भारत-पाकिस्तान और बांग्लादेश ने 45 पाकिस्तानी युद्धबंदियों की वापसी के लिए एक समझौता किया. 1975ः ब्रिटेन के हाऊस ऑफ रामन्स ने यूरोपीय साझा बाजार की सदस्यता बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया. 1978ः सोमालिया में सैनिक क्रांति विफल. 1984ः भारतीय सेना के कैप्टन एच. जे. सिंह ने हेड ग्लाइडर से विश्व के सबसे ऊंचे बनिहाल दर्रे को पार किया. 1988ः चीन की पिपुल्स कांग्रेस ने ली फंग को प्रधानमंत्री नियुक्त किया.

## दैनिक पंचांग

09 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.02 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 07.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.54 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.33 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.47 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.03 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मकर | 01.09 बजे से |
| | | कुंभ | 02.55 बजे से |
| | | मीन | 04.28 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 100 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 20.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 07.32 बजे तदनन्तर अश्विनी 05.07 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** वैधृति 14.18 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 10.09 बजे तदनन्तर बव 20.32 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 41' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871944 **जूलियन दिन** 2460409.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, चैत्र नवरात्रि, गुडी पडवा, उगादी, झूलेलाल जयंती, गौतम ऋषि, डॉ. हेडगेवार जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# बीजेपी की नई रणनीति म.प्र. में कर सकती है

# कांग्रेस का बड़ा नुकसान

**मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने भोपाल नगर निगम में 5 सालों तक काम किया है। आजकल मैं तय करता हूं कि कौन सा कांग्रेस कार्यकर्ता हमारी पार्टी में शामिल होगा। मैं नई जॉइनिंग कमेटी का मेंबर हूं और मैं यह तय करता हूं कि। कौन सा कांग्रेस नेता सच्चा राम भक्त थे और कौन अवसरवादी है जो हजारों की भीड़ में छिपने और हमारे रडार से बच निकलने की कोशिश कर रहा है।**



### हर जिले में बनाई गई कमेटियां, कर रही यह काम

लोकसभा चुनाव 2024 जीतने के लिए बीजेपी कई तरह की रणनीतियों पर काम कर रही है। बीजेपी न सिर्फ मोदी सरकार की योजनाओं पर वोट मांग रही है बल्कि वह रणनीति के तहत विपक्षी दलों को कमजोर करने का काम भी कर रही है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब बीजेपी कांग्रेस को और भी ज्यादा कमजोर करने में लगी है।

### कमजोर कर रही है बीजेपी?

भोपाल नगर निगम के पूर्व पार्षद और कर्मठ बीजेपी कार्यकर्ता संजय वर्मा इन दिनों ऐसा काम कर रहे हैं, जिसके बारे में उन्होंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा होगा। इन दिनों संजय वर्मा का का ज्यादातर समय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से बातचीत में बीत रहा है। मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने भोपाल नगर निगम में 5 सालों तक काम किया है। आजकल मैं तय करता हूं कि कौन सा कांग्रेस कार्यकर्ता हमारी पार्टी में शामिल होगा। मैं नई जॉइनिंग कमेटी का मेंबर हूं और मैं यह तय करता हूं कि। कौन सा कांग्रेस नेता सच्चा राम भक्त थे और कौन अवसरवादी है जो हजारों की भीड़ में छिपने और हमारे रडार से बच निकलने की कोशिश कर रहा है।

### म.प्र.लोकसभा चुनाव 2024 का शेड्यूल

बीते दो महीनों में एमपी के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व वाली कमेटी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल करने में बिजी हैं। कमेटी द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 21 मार्च से अब तक 16,111 कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता के साथ-साथ समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के कई नेता बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। नरोत्तम मिश्रा कहते हैं कि होली के बाद मेंबरशिप के मामले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा।

### बीजेपी ने हर जिले में बनाई ज्वॉइनिंग कमेटी

एमपी के हर जिले में बीजेपी ने ज्वॉइनिंग कमेटी बनाई हुई है। हर कमेटी में एक सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। ये कमेटी नामों की स्क्रीनिंग करती है, इसके बाद पैनल एक लिस्ट सीएम मोहन यादव, बीजेपी चीफ वीडी शर्मा और नरोत्तम मिश्रा की टीम को भेजता है। ये टीम इसपर निर्णय लेती है। बड़े विपक्षी नामों पर फैसला सेंट्रल लीडरशिप करती है।

### कांग्रेस बोली- झूठ बोल रही है बीजेपी

हालांकि कांग्रेस से इस बारे में जब सवाल किया गया तो उसने बीजेपी द्वारा दिए गए आंकड़ों को सफेद झूठ करार दिया। एमपी कांग्रेस के उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया कहते हैं कि हमारे पास 90 लाख कार्यकर्ता हैं जो पार्टी की आधिकारिक सूची में हैं। बीजेपी अपने आंकड़ों को लेकर झूठ बोल रही है। हमारी संख्या के अनुसार, पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की वास्तविक संख्या लगभग 600 है। बीजेपी अपने छिपे हुए उद्देश्यों के लिए अपनी संख्या के बारे में झूठ बोल रही है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ही बीजेपी का मुख्य विरोधी दल है। बीजेपी द्वारा दिए गए आंकड़े अगर सही हैं तो यह निश्चित ही कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी है। बीजेपी का दावा है कि उनके साथ शामिल होने वालों में एक पूर्व केंद्रीय मंत्री, सात पूर्व विधायक और लगभग 2,000 ऐसे नेता शामिल हैं, जो जिला इकाई अध्यक्ष, महासचिव, आईटी सेल, महिला मोर्चा प्रमुख, प्रवक्ता, एक मौजूदा मेयर जैसे पदों पर थे। बीजेपी के अनुसार, कांग्रेस के लगभग 12,000 बूथ कार्यकर्ता दलबदल कर चुके हैं।

### कमलनाथ की अफवाहें भी बीजेपी ने भुनाईं



संजय वर्मा ने मीडिया को बताया कि उनका मेन फोकस बूथ लेवल वर्कर हैं। उन्होंने बताया, कुछ हफ्ते पहले ऐसी अफवाहें थीं कि कमलनाथ भाजपा में शामिल होने वाले हैं। इसने हमारे पक्ष में काम किया क्योंकि कई नेताओं ने यह सोचकर कांग्रेस छोड़ दी कि वह शामिल होने जा रहे हैं। कमलनाथ के सभी प्रमुख नेता बीजेपी में हैं। मुख्य नेता भाजपा के साथ हैं। हम नई ज्वॉइनिंग कमेटी को बूथ स्तर तक डिसेंट्रलाइज करने जा रहे हैं। राज्य में 60 हजार बूथ हैं। अगर दो कार्यकर्ता भी कांग्रेस छोड़ेंगे तो 1.2 लाख कार्यकर्ता पार्टी छोड़ देंगे। मध्य प्रदेश में कांग्रेस का अंततः सफाया हो जाएगा।

### एमपी के 55 जिलों में से 34 में बीजेपी को मिली अच्छी कामयाबी

बीजेपी पैनल के आंकड़ों को मानें तो एमपी के 55 जिलों में से 34 में कांग्रेस छोड़ने वालों की संख्या ज्यादा है। बीजेपी के आंकड़ों के अनुसार, शाजापुर (2,500), छिंदवाड़ा (2,111), नर्मदापुरम (1606), और विदिशा (1103) में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ी है। खास बात यह है इन जिलों में छिंदवाड़ा कमलनाथ का क्षेत्र जबकि अन्य इलाके बीजेपी का गढ़ हैं। यहां पार्टी 15 वर्षों से अधिक समय से सत्ता में है।

### कांग्रेस की हालत के लिए कौन जिम्मेदार?

मीडिया ने कांग्रेस छोड़ने वाले कई नेताओं से बात की। उनमें से ज्यादातर ने पार्टी की इस हालत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को जिम्मेदार बताया। पूर्व विधायक विशाल पटेल ने कहा कि कांग्रेस में लीडरशिप और विजन का अभाव है। यहां रहने का क्या मतलब है? जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाना गलत कदम था। वह लोगों को साथ लेकर नहीं चलते। एक अन्य युवा नेता कहते हैं कि बीजेपी ने वीडी शर्मा बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं से मिलते हैं और उनके साथ लंच करते हैं। पटवारी के साथ ऐसी मीटिंग्स संभव हीं हैं। कांग्रेस में काम करने का कल्चर नहीं बचा है। एमपी कांग्रेस के प्रवक्ता केके मिश्रा कहते हैं कि पार्टी शुद्धिकरण अभियान से गुजर रही है और सच्चे कांग्रेस सदस्य पीछे रह गए हैं, बीजेपी एक कूड़ेदान बन गई है जहां कांग्रेस का कचरा फेंका जा रहा है।

---

# चुनावी बगावत से पप्पू यादव का है पुराना नाता

**दबंग छवि वाले इस यादव नेता की राजनीतिक तरक्की में तीन बड़ी बाधाएं रहीं। पहला लालू प्रसाद। बिहार में लालू प्रसाद यादवों के वह नेता हैं, जिनका कद प८?पू यादव से कहीं बड़ा है। कह सकते हैं कि तीन-चार दशक में बिहार में लालू से बड़ा यादवों का कोई नेता नहीं है। प८?पू यादव के राजनीतिक सफर में दूसरी बाधा 1998 में हुई सीपीआई (एम) के नेता अजीत सरकार की हत्या का केस रहा। हालांकि, पप्पू यादव इस मामले में बरी हो गए, लेकिन इससे उनका राजनीतिक सफर जरूर अवरुद्ध हुआ। पप्पू यादव की एक और सीमा यह रही कि कोसी क्षेत्र के सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और सीमांचल के पूर्णि?या के अलावा अपना जनाधार नहीं बना पाए।**

लोकसभा चुनाव 2024 की बढ़ती सरगर्मी के बीच पप्पू यादव आजकल चर्चा में हैं। हाल ही में वह कांग्रेसी हुए और एक अप्रैल को उन्होंने पूर्णिया (बिहार) से अपनी उम्मीदवारी का ऐलान भी कर दिया। खुद ही। बोले- 4 अप्रैल को नामांकन करूंगा। पप्पू यादव के नाम से मशहूर राजेश रंजन मधेपुरा से सांसद रहे हैं और जन अधिकार पार्टी (जाप) के संस्थापक भी रहे। उन्होंने 2015 में यह पार्टी बनाई थी।

### पप्पू यादव की पहली राजनीतिक बाधा थे लालू यादव

दबंग छवि वाले इस यादव नेता की राजनीतिक तरक्की में तीन बड़ी बाधाएं रहीं। पहला लालू प्रसाद। बिहार में लालू प्रसाद यादवों के वह नेता हैं, जिनका कद पप्पू यादव से कहीं बड़ा है। कह सकते हैं कि तीन-चार दशक में बिहार में लालू से बड़ा यादवों का कोई नेता नहीं है। पप्पू यादव के राजनीतिक सफर में दूसरी बाधा 1998 में हुई सीपीआई (एम) के नेता अजीत सरकार की हत्या का केस रहा। हालांकि, पप्पू यादव इस मामले में बरी हो गए, लेकिन इससे उनका राजनीतिक सफर जरूर अवरुद्ध हुआ। पप्पू यादव की एक और सीमा यह रही कि कोसी क्षेत्र के सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और सीमांचल के पूर्णया के अलावा अपना जनाधार नहीं बना पाए।

### दादा प्यार से पप्पू बुलाते थे

पप्पू यादव का जन्म मधेपुरा के कुमारखंड में हुआ था। उनके दादा बांका के भड़को से कुमारखंड चले गए थे। दादा प्यार से उन्हें पप्पू बुलाते थे। बाद के सालों में यही नाम उनकी पहचान बन गया। पप्पू यादव ने राजनीति विज्ञान में स्नातक किया। इसके बाद के सालों में उन्होंने 'डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट' और 'मानवाधिकार' में डिप्लोमा हासिल किया।

## पहली बार निर्दलीय बने थे विधायक

प८?पू यादव पहली बार 1990 में मधेपुरा की सिंघेश्वर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक बने (तब जनता दल ने उन्हें टिकट नहीं दिया था)। चुनाव के बाद, वह लालू प्रसाद यादव के साथ हो लि?ए थे। तब पहली बार लालू की सरकार बनी थी।



### बागी बन कर ही पहली बार बने थे विधायक

### जब लालू यादव ने दी चेतावनी

1990 में ही नौगछिया (भागलपुर) में एक नरसंहार हुआ था। पप्पू यादव वहां दौरा करने चले गए थे। लालू ने उन्हें तुरंत चेताया- यादवों का नेता बनने की कोशिश मत करो। कुछ और बातों को लेकर मतभेद बढ़े तो पप्पू यादव ने अपनी अलग राह पकड़ ली और फिर निर्दलीय हो गए।

### पहली बार निर्दलीय बने थे सांसद

1991 के लोकसभा चुनाव में प८?पू यादव पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद बने, लेकिन मतदान में धांधली के आरोपों के बीच चुनाव को रद्द कर दिया गया। उस चुनाव में प८?पू यादव को मधेपुरा से चुनाव लड़ रहे शरद यादव ने अपना राजनीत?क प्रबंधक बनाया था। उन्?होंने आनंद मोहन को हराने में अहम भूमि?का अदा की। लेकि?न, बाद में शरद यादव से प८?पू यादव का मतभेद हो गया।

### जीत में मदद करने वाले शरद यादव को हराया

2014 के लोकसभा चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से उन्हीं शरद यादव को हराया जिन्हें जिताने में कभी उनकी मदद की थी। राजद ने उन्हें मधेपुरा से तीन बार सांसद बनवाया।

### 22 साल में बनाई दो पार्टी

1993 में पप्पू यादव ने बिहार विकास पार्टी बनाई थी, जिसका बाद में समाजवादी पार्टी में विलय हो गया था। 1995 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटें जीतीं। 2015 में उन्?होंने जन अधिकार पार्टी बनाई थी, जिसका अब कोई वजूद नहीं है। पप्पू यादव की पत्नी रंजीत कांग्रेस के टिकट पर सुपौल से तीन बार की सांसद हैं। रंजीत सिख हैं। उन्हें पटना में लॉन टेनिस खेलते हुए देखकर पप्पू यादव को उनसे प्यार हो गया था। उनका बेटा सार्थक क्रिकेटर है।

### पूर्णिया का समीकरण

पप्पू यादव पूर्णिया से तीन बार सांसद रहे हैं। पहली बार साल 1991 वह निर्दलीय सांसद बने थे। दूसरी बार 1996 में समाजवादी पार्टी की टिकट से सांसद बने। तीसरी बार 1999 में एक बार फिर निर्दलीय सांसद चुने गए।

कभी पूर्णिया लोकसभा सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। 1957 से 1967 तक कांग्रेस के फणी गोपाल सेन गुप्ता तीन बार सांसद बने थे। 1971 में कांग्रेस के मोहम्मद ताहिर को जीत मिली थी। लेकिन आपातकाल के बाद हुए 1977 के चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। लोकदल के लखनलाल कपूर को जीत मिली थी। हालांकि अगले ही चुनाव में कांग्रेस की वापसी हो गई। 1980 और 1984 में कांग्रेस की टिकट पर माधुरी सिंह सांसद बनी। इसके बाद पूर्णिया सीट से आज तक कोई कांग्रेस उम्मीदवार नहीं जीता है।

पिछले दो चुनाव से इस सीट से जदयू के संतोष कुशवाहा सांसद चुने जा रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुशवाहा को 55.75 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के उदय सिंह को 32.54 प्रतिशत वोट मिले थे।

---

## आज तक शिवसेना का रहा गढ़

### इस बार एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की लड़ाई

**कल्याण-** महाराष्ट्र की कल्याण लोकसभा सीट जब से अस्तित्व में आई है, तभी से यहां शिवसेना का कब्जा है। इसे शिवसेना का गढ़ माना जाता है। 2009 में हुए पहले चुनाव में यहां से शिवसेना (तत्कालीन) के उम्मीदवार आनंद परांजपे जीते थे। इसके बाद 2014 के चुनाव में वह एनसीपी (तत्कालीन) की तरफ से लड़े और शिवसेना (तत्कालीन) के डॉ.? श्रीकांत शिंदे से हार गए। इसके बाद, 2019 के चुनाव में भी एक बार फिर श्रीकांत की जीत हुई। हालांकि, इस बार मामला दूसरा है। दरअसल, यहां से इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई हो सकती है। एक तरफ शिंदे गुट से श्रीकांत फिर से चुनाव लड़ने वाले हैं, तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे गुट भी अपना उम्मीदवार उतार सकता है। हालांकि, उद्धव को अब तक यहां के लिए उम्मीदवार नहीं मिला है। अगर कल्याण-ठाणे लोकसभा क्षेत्र के इतिहास पर नजर डालें, तो यह सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र हुआ करता था। इसके बाद, 2009 में कल्याण लोकसभा क्षेत्र अगल हो गया।

**कल्याण लोकसभा सीट का चुनावी इतिहास-** कल्याण-ठाणे लोकसभा सीट पर सबसे पहले 1977 में जनता पार्टी से रामभाऊ म्हालगी चुने गए थे। इसके बाद, जनसंघ की सरकार गिर गई और दोबारा चुनाव हुए। 1980 में वह एक फिर से जीते। 1982 में उनकी मृत्यु के बाद भारतीय जनता पार्टी के जगन्नाथ पाटील ने उप चुनाव में जीत दर्ज की। 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के शांताराम घोलप निर्वाचित हुए। हालांकि, 1989 में बीजेपी के रामभाऊ कापसे जीतकर संसद पहुंचे। 1991 में दोबारा चुनाव हुए और कापसे फिर से चुनाव जीत गए। इसके बाद, शिव सेना के प्रकाश परांजपे 1996, 1998, 1999 और 2004 में चार बार सांसद चुने गए। इस बीच, उन्हें कैंसर हो गया और उनकी मौत के बाद हुए चुनाव में उनके बेटे आनंद परांजपे ने मोर्चा संभाला और 2008 में जीत गए। राष्ट्रवादी संजीव नाइक ने शिवसेना के खिलाफ चुनाव लड़ा था. वे हार गए. तब ठाणे निर्वाचन क्षेत्र एक संघ था। इसके बाद, 2009 से अब तक शिवसेना का ही कब्जा है।



# गुड़ी पड़वा कैसे और क्यों मनाते हैं लोग? क्या है परंपरा

हिन्दू धर्म में गुड़ी पड़वा का त्योहार हर साल चैत्र महीने के पहले दिन बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. इस दिन को उगादि के नाम से भी जाना जाता है. नववर्ष 2024 में गुड़ी पड़वा 09 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार को मनाया जाएगा. हिंदू धर्म में नववर्ष की शुरुआत चैत्र मास से होती है. महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है. बता दें कि गुड़ी का अर्थ है ध्वज यानी झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है. इसके अलावा यह दिन फसल दिवस का प्रतीक भी माना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी की पूजा भी की जाती है. लोग इस दिन घर को रंगोली, फूल-माला आदि से सजाते हैं और कई तरह के पकवान बनाते हैं. गुड़ी पड़वा के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान आदि के बाद विजय के प्रतीक के रूप में घर में सुंदर गुड़ी लगाती हैं और उसका पूजन करती हैं. यह पर्व विशेष तौर पर कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में मनाया जाता है.

## गुड़ी पड़वा शुभ मुहूर्त

गुड़ी पड़वा की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल 2024 को रात 11.50 बजे से शुरू होगी और प्रतिपदा तिथि 09 अप्रैल 2024 को शाम 08.30 बजे समाप्त होगी. उदयातिथि के हिसाब से गुड़ी पड़वा का पर्व 9 अप्रैल को ही मनाया जाएगा.

## ऐसे मनाया जाता है गुड़ी पड़वा

- गुड़ी पड़वा के दिन लोग अपने घरों की सफाई कर रंगोली और आम या अशोक के पत्तों से अपने घर में तोरण बांधते हैं.
- घर के आगे एक झंडा लगाया जाता है जिसे गुड़ी कहा जाता है.
- एक बर्तन पर स्वस्तिक बनाकर उस पर रेशम का कपड़ा लपेट कर रखा जाता है.
- इस दिन सूर्यदेव की आराधना के साथ ही सुंदरकांड, रामरक्षास्रोत और देवी भगवती की पूजा-मंत्रों का जप किया जाता है.
- स्वास्थ्य कामना हेतु नीम की कोपल गुड़ के साथ खाई जाती हैं. इससे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है.
- गुड़ी पड़वा के दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं. एक-दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं.
- इस पर्व में पूरन पोली और श्रीखंड बनाया जाता है. मीठे चावल भी बनाएं जाते हैं, जिसे शक्कर-भात भी कहा जाता है.
- इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाती है और लोग गुड़ी फहराते हैं और - गुड़ी फहराने के बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है.

## गुड़ी पड़वा से जुड़ी मान्यता

- पौराणिक कथाओं के अनुसार, गुड़ी पड़वा का दिन सृष्टि की रचना के रूप में मनाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन ही भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था. इसलिए इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा का विशेष महत्व है.



# चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है विशेष

## घर में कलश स्थापना कैसे करें?

देशभर में चैत्र नवरात्रि का पर्व 9 अप्रैल 2024 से मनाया जाएगा. नवरात्र का अर्थ है कि 'नौ विशेष रातें'. इन नौ रातों में देवी शक्ति और उनके नौ रूपों की विशेष पूजा की जाती है. नवरात्रि के पहले दिन घर-घर में घटस्थापना कर व्रत पूजन शुरू किया जाता है. शास्त्रों के अनुसार घटस्थापना का सबसे शुभ समय प्रतिपदा का एक तिहाई भाग बीत जाने के बाद होता है. अगर किसी कारणवश आप उस समय कलश स्थापित न कर पाएं तो अभिजीत मुहूर्त में भी स्थापित कर सकते हैं.

### कैसे करें घर में कलश स्थापना

- नवरात्रि में घटस्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में ही करें क्योंकि ये शक्ति की देवी का अव्हाना है, गलत टाइम पर कलश स्थापना से मां क्रोधित हो जाती है.
- कलश स्थापना जहां स्थापित करना है वहां अच्छे से सफाई कर गंगाजल छिड़करें. उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में कलश की स्थापना करें.
- पूजा की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं अक्षत अष्टदल बनाकर मां दुर्गा की तस्वीर स्थापित करें.
- कलश में पानी, गंगाजल, सिक्का, रोली, हल्दी गांठ, दूर्वा, सुपारी डालें
- कलश में 5 आम के पत्ते रखकर उसे ढक दें. ऊपर से नारियल रखें.
- इसके बाद एक मिट्टी का बर्तन लें और उसमें साफ मिट्टी रखें. अब इसमें कुछ जौ के दाने बो दें और उनपर पानी का छिड़काव करें, इसे चौकी पर स्थापित कर दें. दीप जलाकर गणपति, माता जी, नवग्रहों का आव्हान करें. फिर विधिवत देवी का पूजन करें.
- या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः नवरात्रि के 9 दिनों तक देवी की सुबह शाम आरती करें और इस मंत्र का जाप करें.

### घटस्थापना मुहूर्त

इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी, ये तिथि अगले दिन यानी 09 अप्रैल को संध्याकाल 08 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होग.
घटस्थापना - 9 अप्रैल 2024
पहला मुहूर्त - सुबह 06 बजकर 02 - 10 बजकर 16
अभिजित मुहूर्त - 11 बजकर 57 - दोपहर 12 बजकर 48

### घटस्थापना के समय बोए जाते हैं जौ

नवरात्रि में कलश के सामने मिट्टी के पात्र में जौ या गेहूं बोए जाते हैं. मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ जो सबसे पहली फसल थी वह जौ ही थी, इसलिए इसे पूर्ण फसल कहा जाता है. इतना ही नहीं नवरात्रि में बोए जौ से भविष्य से जुड़ी बातों से संकेत भी मिलते हैं.

### चैत्र नवरात्रि में होगी इन अवतारों का पूजा

चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

## इस साल घोड़े में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 4 नवरात्रि पड़ती हैं जिसमें से दो गुप्त नवरात्रि होती है और 2 शारदीय और चैत्र नवरात्रि होती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए शुभ माना जाता है। वहीं चैत्र और शारदीय नवरात्रि गृहस्थ लोग रखते हैं। बता दें कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है। देशभर में नवरात्रि का बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है।

### घोड़े में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

इस साल चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आने वाली है। बता दें कि मां के वाहन का चुनाव दिन के हिसाब से किया जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि मंगलवार को शुरू हो रही है। इसलिए मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है। घोड़े में सवार होने का मतलब है कि सत्ता में परिवर्तन। इसके साथ ही साधकों के जीवन में आने वाले हर कष्टों से निजात मिलेगी।

### चैत्र नवरात्रि का महत्व

नवरात्रि के दौरान मां भगवती और उनके नौ स्वरूपों की पूजा करने का विधान है। मां की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत रखने से साधक को हर एक कष्ट से निजात मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही हमेशा घर में खुशहाली बनी रहती हैं।

## नवरात्रि पर 5 राजयोग का अद्भुत संयोग

चैत्र नवरात्रि पूरे देश में धूम-धाम से मनायी जाती है। इस चैत्र नवरात्रों में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन से होती है, उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। इस साल 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं, जो 17 अप्रैल तक चलेंगे। कहा जाता है कि घोड़े पर सवार होकर माता रानी का आगमन शुभ नहीं माना जाता। नवरात्र के नौ दिनों तक पूजा-पाठ में विशेष अनुष्ठान से शुभ फल व अनहोनी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।
नवरात्रि में इस बार पांच दिव्य राजयोग का महासंयोग बनेगा। गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश राज योग, बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग एक साथ बन रहे हैं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन दोनों योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 मिनट से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 06 मिनट तक है। साथ ही चैत्र नवरात्र पर अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। इन सभी संयोग के बीच मां भगवती की आराधना अति शुभ रहेगी। नवरात्रों का समापन 17 अप्रैल को होगा। हिंदू नववर्ष की शुरूआत और विक्रम संवत की शुरूआत भी मंगल से ही हो रही है। इसलिए संवत के स्वामी मंगल ही रहेंगे। मंगल की वजह से हिंदू वर्ष काफी अग्रेसिव रहेगा। क्योंकि मंगल साहस, पराक्रम, सेना, प्रशासन, सिद्धांत आदि का कारक ग्रह है। राजा मंगल और मंत्री शनि होने के कारण वर्ष उथल-पुथल भरा रहेगा।



# घर में सुख और समृद्धि लाता है गुड़ी पड़वा

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। महाराष्ट्र में मुख्य रूप से हिंदू नववर्ष जिसे नव-सवंत्सर भी कहा जाता है, गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा का भारत के दक्षिणी राज्यों में उगादी के नाम से भी जाना जाता है। गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना है। गुड़ी शब्द का अर्थ होता है विजय पताका और पड़वा का अर्थ होता है प्रतिपदा तिथि से। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी गुड़ी पड़वा के मौके पर लोग अपने घर में विजय पताका के रूप में गुड़ी सजाते हैं और उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। ऐसे मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर्व को मनाने पर घर में सुख और समृद्धि आती है और घर की नकारात्मक ऊर्जाएं खत्म हो जाती हैं। गुड़ी पड़वा से जुड़ी दिलचस्प बातें -

### नव संवत्सर के राजा

09 अप्रैल 2024 से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 की शुरूआत हो रही है। इस नव वर्ष के प्रथम दिन के स्वामी को पूरे वर्ष का स्वामी माना जाता है। हिंदू नववर्ष की शुरुआत मंगलवार से आरंभ हो रही है इस कारण से नए विक्रम संवत के स्वामी मंगलदेव होंगे।

### सृष्टि के निर्माण का दिन

धार्मिक मान्यता के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का कार्य आरंभ किया था और सतयुग की शुरुआत इसी दिन से हुई थी। यही कारण है कि इसे सृष्टि का प्रथम दिन या युगादि तिथि भी कहते हैं। इस दिन नवरात्रि घटस्थापन, ध्वजारोहण, संवत्सर का पूजन इत्यादि किया जाता है।

### वानरराज बाली पर विजय

रामायण काल में जब भगवान राम की मुलाकात सुग्रीव से हुई तो उन्होंने श्री राम को बाली के अत्याचारों से अवगत कराया। तब भगवान राम ने बाली का वध कर वहां के लोगों को उसके कुशासन से मुक्ति दिलाई। मान्यता है कि यह दिन चैत्र प्रतिपदा का था। इसलिए इस दिन गुड़ी या विजय पताका फहराई जाती है।

### शालिवाहन शक संवत

एक ऐतिहासिक कथा के अनुसार शालिवाहन नामक एक कुम्हार के लड़के ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाई और उस पर पानी छिड़ककर उनमें प्राण फूँक दिए और इस सेना की मदद से दुश्मनों को पराजित किया। इस विजय के प्रतीक के रूप में शालिवाहन शक संवत का प्रारंभ भी माना जाता है।

### हिंदू पंचांग की रचना का काल

प्राचीन भारत के महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री ने अपने अनुसन्धान के फलस्वरूप सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करते हुए हिंदू पंचांग की रचना की थी। इस दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर विक्रम संवत का प्रवर्तन किया था। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था, इसी दिन से रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है।

### भगवान राम लौटे थे अयोध्या

धर्म शास्त्रों की मान्यताओं के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही भगवान राम ने रावण का वध करके माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने राज्य अयोध्या लौटे थे।

### पहली बार छत्रपति शिवाजी ने मनाया था यह पर्व

ऐसी मान्यता है कि मुगलों से युद्ध करने के बाद जब मराठों के राजा छत्रपति शिवाजी की जीत हुई थी तब शिवाजी ने पहली बार गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया था। तभी से महाराष्ट्र में सभी लोग इस त्योहार को बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाते आ रहे हैं।

### फसल की पूजा करने का महत्व

गुड़ी पड़वा पर मराठियों के लिए नया हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इस दिन लोग फसलों की पूजा आदि भी करते हैं।

### नीम के पत्ते खाने की परंपरा

ऐसी परंपरा है कि गुड़ी पड़वा पर लोग नीम के पत्ते खाते हैं। मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर नीम की पत्तियों का सेवन करने से खून साफ होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है।

### सूर्यदेव की पूजा का महत्व

गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की विशेष पूजा आराधना की जा जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की उपासना करते हैं उन्हे आरोग्य, अच्छी सेहत और सुख- समृद्धि मिलती है।





9 अप्रैल 2024 को सिंधि समुदाय का पर्व चेटी चंड मनाया जाएगा. इस दिन से सिंधी लोगों का नववर्ष शुरू होता है. इसी दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था. भगवान झूलेलाल को वरुण देव भी माना जाता है इससलिए सिंधी लोग इस दिन जल की भी पूजा करते हैं. चेती माह (चैत्र माह) के दौरान चंद्रमा के पहली बार दिखाई देने के कारण इस पर्व को चेटी चंड कहा जाता है. भगवान झूलेलाल कौन हैं, आखिर चेटी चंड के दिन क्यों की जाती है इनकी पूजा.

# झूलेलाल जयंती क्यों मनाई जाती है?

सिंधी झूलेलाल के जन्म के सम्मान में चेटी चंद का त्योहार मनाते हैं, जिन्हें उडेरोलाल के नाम से भी जाना जाता है, जो सिंधियों के संरक्षक संत हैं। नए उद्यम शुरू करने के लिए यह दिन बहुत शुभ और अनुकूल माना जाता है। झूलेलाल की पूजा करने के बाद सिंधी समुदाय नृत्य, नाटक, संगीत और लोक कलाओं के माध्यम से अपनी समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन और प्रस्तुति करते हैं।
चैत्र को प्राथमिक महीना माना जाता है जिसे सिंधी समुदाय चेत कहता है। इसके अतिरिक्त, इस पंचांग में प्रत्येक नया महीना अमावस्या यानी चाँद से शुरू होता है; इस प्रकार, उत्सव का नाम सिंधी समुदाय द्वारा चेटी चंद के रूप में जाना जाता है। पूर्णिमा के दिन, लोग किसी नदी या झील पर जाते थे और दूध और आटे के साथ एक चुटकी चावल मिलाकर अखो चढ़ाते थे। यदि कोई नदी या दरिया नहीं है, तो अनुष्ठान एक कुएं पर किया जा सकता है। चेटी चंड महोत्सव की तिथि हिंदू पंचांग के आधार पर निर्धारित की जाती है । इस कैलेंडर के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया यानी सिंधी महीने चेत के दूसरे दिन चेटी चंद मनाया जाता है। इसका मतलब यह है कि यह आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर में मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत में आता है और आम तौर पर गुड़ी पड़वा और उगादि के एक ही दिन या अगले दिन होता है। इस वर्ष चेटी चंड 9 अप्रैल, 2024 को मनाया जाएगा।

### सिंधी नव वर्ष समारोह

यह सिंधियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन वरुण देव सीधी समुदाय को एक शासक की तानाशाही से बचाने के लिए झूलेलाल के रूप में प्रकट हुए थे जो सिंधी संस्कृति और हिंदू धर्म को नष्ट करना चाहते थे। यह जल के देवता की पूजा और धन्यवाद करने का भी दिन है। सिंधी चालीस दिनों तक प्रार्थना करते हैं जिसे चालीहो कहा जाता है। चालिहो के बाद सिंधी चेटी चंद मनाते हैं। वे व्रत भी रखते हैं और पूजा-अर्चना के बाद फल खाकर अपना व्रत तोड़ते हैं। इस दिन कई सिंधी बहराना साहिब ले जाते हैं जिसमें एक तेल का दीपक, क्रिस्टल चीनी, इलायची, फल और आखा होता है जिसे पास की नदी या झील में ले जाया जाता है। उनके पास भगवान झूलेलाल की एक मूर्ति भी है। फिर पांच बत्तियों वाला गेहूं के आटे का दीपक जलाया जाता है जिसे ज्योत जगन कहा जाता है। बेहरानो साहब को पानी में विसर्जित करने के बाद, सिंधी भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए पल्लव गाते हैं और फिर प्रसाद वितरित करते हैं । धर्मार्थ गतिविधियाँ की जाती हैं, उदाहरण के लिए, कपड़े दान करना और गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन देना, पूरे परिवार और दोस्तों के लिए स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है। इसके अलावा, लोग एक-दूसरे को चेती चंद ज्यों लख लख वदायूं अथव कहकर बधाई देते हैं। चेटी चंद या झूलेलाल जयंती कुल मिलाकर खुशी, उल्लास और उत्सव का त्योहार है।



## कौन थे झूलेलाल और किस मुगल शासक को चटा दी थी धूल

पौराणिक कथा के अनुसार संवत् 1007 में पाकिस्तान में सिंध प्रदेश के ठट्टा नगर में मिरखशाह नामक एक क्रूर मुगल राजा का राज था. शासक मिरक अपनी प्रजा पर बर्बरता करता, उन पर अत्याचार करता था. उसने हिंदू आदि धर्म के लोगों को डरा-धमकाकर इस्लाम स्वीकार करवाया. उसके अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए सभी ने सिंधू नदी के किनारे लोगों ने पूजा पाठ, जप, व्रत आदि किए थे. कई दिनों तक पूजन चलता था. भक्तों की कड़ी तपस्या से प्रसन्न होकर मछली पर भगवान झूलेलाल प्रकट हुए और उन्होंने भक्तों से कहा कि वह 40 दिन बाद सिंधी समाज में जन्म लेंगे. इसके ठीक 40 दिन बाद चैत्र सुदी दूज पर उनके बताए स्थान पर एक चमत्कारी बालक ने श्रीरतनराय लोहाना के घर जन्म लिया, यही भगवान झूलेलाल कहे गए.

### भगवान झूलेलाल को मानते हैं जल देवता

वहीं एक मान्यता है कि प्राचीन काल में जब सिंधी समाज के लोग व्यापार से संबंधित जलमार्ग से यात्रा करते थे. तब यात्रा को को सकुशल बनाने के लिए जल देवता झूलेलाल से प्रार्थना करते थे और यात्रा सफल होने पर भगवान झूलेलाल का आभार व्यक्त किया जाता था. इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए चेटीचंड का त्योहार माना जाता है.

संक्षिप्त समाचार

## रुपया शुरुआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ 83.23 प्रति डॉलर पर



**मुंबई एजेंसी।** सकारात्मक घरेलू बाजारों और विदेशी कोषों के प्रवाह के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.23 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने से निवेशकों की भावनाओं को बल मिला, जबकि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद वह 83.23 प्रति डॉलर आ गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.31 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.34 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 1,659.27 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

## 4500 रुपये के पार जा सकता है टाटा का शेयर, रेखा झुनझुनवाला के पास हैं 4 करोड़ से ज्यादा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयरों में पिछले एक साल में 45 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। टाइटन के शेयर सोमवार को 3750.60 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि टाइटन के शेयर 4500 रुपये के पार जा सकते हैं। उनका कहना है कि टाइटन के शेयरों में 22 पर्सेंट का और उछाल देखने को मिल सकता है। मार्केट एक्सपर्ट्स ने यह बात टाइटन के तिमाही बिजनेस अपडेट के बाद एक नोट में कही है। दिग्गज निवेशक रेखा राकेश झुनझुनवाला ने टाइटन के शेयरों पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने एक नोट में कहा है कि टाइटन के शेयर 4500 रुपये के पार जा सकते हैं। सीएलएसए ने टाइटन के शेयरों के लिए 4574 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। यानी, मौजूदा शेयर प्राइस के मुकाबले कंपनी के शेयर 22 पर्सेंट चढ़ सकते हैं। टाइटन ने मार्च 2024 तिमाही के बिजनेस अपडेट में बताया है कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसका स्टैंडअलोन रेवेन्यू सालाना आधार पर 17 पर्सेंट बढ़ा है। कंपनी ने कहा है कि उसके डोमेस्टिक ज्वैलरी ऑपरेशंस में 19 पर्सेंट की ग्रोथ देखने को मिली है। टाइटन में दिग्गज इनवेस्टर रेखा राकेश झुनझुनवाला की बड़ी हिस्सेदारी है। रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के 47695970 शेयर या कंपनी में 5.37 पर्सेंट हिस्सेदारी है। टाइटन के शेयरों में पिछले 5 साल में 243 पर्सेंट का तगड़ा उछाल आया है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 1096.10 रुपये से बढ़कर 3700 रुपये के पार पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले 10 साल में टाइटन के शेयरों में 1357 पर्सेंट की ताबड़तोड़ तेजी आई है। इस अवधि में टाइटन के शेयर 257.10 रुपये से बढ़कर 3750.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3885 रुपये है। वहीं, टाइटन के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2559.30 रुपये है।

# आईफोन बनाने वाली ऐपल अब 78,000 से अधिक मकान बनाने की तैयारी में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में 78,000 से अधिक मकान बनाने की तैयारी में है। ऐपल ने पिछले ढाई साल में भारत में 150,000 डायरेक्ट जॉब पैदा किए हैं। अब ऐपल ईकोसिस्टम चीन और वियतनाम के इंडस्ट्रियल हाउसिंग के तर्ज पर भारत में भी अपने फैक्ट्री कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी में है। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक ऐपल के कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर्स और सप्लायर्स अपने कर्मचारियों के लिए मकान बनाने की योजना बना रहे हैं। इनमें

फॉक्सकॉन, टाटा और स्ड्डद्मष्द्भद्वश्च भी शामिल हैं। ये मकान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत 78,000 से अधिक यूनिट्स का निर्माण किया जाना है। इनमें से तमिलनाडु को सबसे ज्यादा करीब 58,000 मकान मिलेंगे।

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मकान स्टेट इंडस्ट्री प्रमोशन कॉरपोरेशन ऑफ तमिलनाडु द्वारा बनाए जा रहे हैं। टाटा ग्रुप और एसपीआर इंडिया भी घर बना रहे हैं। योजना के तहत, केंद्र सरकार 10-15 प्रतिशत फंडिंग प्रदान करेगी जबकि बाकी पैसा राज्य सरकारें और कंपनियां देंगी। अधिकारियों ने कहा कि निजी क्षेत्र को निर्माण और हैंडओवर की प्रक्रिया 31 मार्च, 2025 को खत्म होने वाले फाइनेंशियल ईयर में पूरा होने की संभावना है। एक अधिकारी ने कहा, इस योजना का मकसद एफिशियंसी में सुधार करना और खासतौर पर प्रवासी



महिला कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करना है। इनमें से अधिकांश की उम्र 19 से 24 वर्ष के बीच है। अधिकारियों ने कहा कि खासकर महिलाओं के लिए एक ही लोकेशन पर इतनी बड़ी हाउसिंग योजना भारत में अपनी तरह की पहली स्कीम है। अधिकांश कर्मचारी किराये पर रहते हैं और फैक्ट्रीज तक पहुंचने के लिए उन्हें बसों में घंटों यात्रा करनी पड़ती है। चूंकि कई कर्मचारी महिलाएं हैं, इसलिए इससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं।

### फैक्ट्री के करीब मकान

अधिकारियों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री लोकेशन सेंसिटिव है और उसे एक बड़े हवाई अड्डे के पास होना चाहिए, ताकि कार्गो को आसानी से बाहर भेजा जा सके। सरकार वर्कर्स के लिए आरामदायक हाउसिंग सुनिश्चित करना चाहती है क्योंकि उनमें से कई देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने ईटी को बताया कि आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वर्कर्स को फैक्ट्री के करीब अच्छी क्वालिटी वाले मकान दिए जाएं। इससे उत्पादकता और काम की स्थिति में सुधार होता है। भारत में ऐपल के लिए आईफोन के सबसे बड़े सप्लायर फॉक्सकॉन को 35,000 मकान मिलेंगे। कंपनी की फैक्ट्री तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में है। फॉक्सकॉन में अभी 41,000 वर्कर्स काम करते हैं जिनमें से 75 प्रतिशत महिलाएं हैं।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स होसुर फैसिलिटी में अपने कर्मचारियों के लिए 11,500 यूनिट बना रही है। टाटा मुख्य रूप से घरेलू उपयोग और निर्यात के लिए आईफोन इनक्लोजर्स बनाती है। ऐपल के लिए पावर एडेप्टर, इनक्लोजर और मैग्नेटिक्स बनाने वाली सेलकम 3,969 हाउसिंग यूनिट का इस्तेमाल करेगी। इस बारे में ऐपल, फॉक्सकॉन और सेलकम ने सवालों का जवाब नहीं दिया। भू-राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिका और चीन बाजारों में सुस्ती आई है। इस कारण ऐपल भारत पर फोकस कर रही है जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन मार्केट है।

### विस्ट्रॉन की योजना

ऐपल ने 2017 में भारत में आईफोन का निर्माण शुरू किया और अगस्त 2021 में शुरू हुई उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के तहत उसने प्रॉडक्शन बढ़ाया। कंपनी फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन के जरिए अपने लेटेस्ट आईफोन मॉडल को असेंबल कर रही है और साथ ही वह भारत में ही कंपोनेंट्स बना रही है। सूत्रों का कहना है कि हाउसिंग स्कीम ऐपल की पहल पर बनाई जा रही है। साल 2020 में कर्नाटक के नरसपुरा में विस्ट्रॉन फैसिलिटी और दिसंबर 2021 में तमिलनाडु में फॉक्सकॉन कारखाने में कर्मचारियों के असंतोष के कारण कामकाज प्रभावित हुआ था। विस्ट्रॉन का मालिकाना हक अब टाटा ग्रुप के पास आ गया है। विस्ट्रॉन अपनी फैक्ट्री के करीब वर्कर्स के लिए मकान बना सकती है। कंपनी प्रत्यक्ष रूप से करीब 27,000 कर्मचारियों को रोजगार देती है।

## अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर शॉपिंग करने पहुंचे



### 2020 में भारत में लॉन्च हुई थी यह गाड़ी, केवल तीन लोगों के पास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने यह वीडियो पोस्ट किया है। इसमें अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर दुबई में शॉपिंग करने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह एक ओरेंज रॉल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई मॉल में आते हैं। उनकी सुरक्षा में 20 गाड़ियों का एक काफिला है। हुरून इंडिया लग्जरी कंज्यूमर सर्वे 2023 के मुताबिक लग्जरी एसयूवी में रॉल्स-रॉयस कलिनन भारतीयों की पहली पसंद है। कंपनी ने अपनी कलिनन ब्लैक बैज कार 2020 में भारत में लॉन्च की थी। भारत में इसकी कीमत करीब 8.2 करोड़ रुपये है। टैक्स लगाकर इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बैठती है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यह गाड़ी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को मुंबई में होनी है। पिछले महीने जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया था। इनमें ग्लोबल पॉप आइकन रिहाना, मेटा प्लेटफॉर्म्स के बॉस मार्क जकरबर्ग और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स शामिल थे। इस इवेंट का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी अनंत अंबानी से उनकी घड़ी के बारे में पूछ रहे थे। सालभर में इस ब्रांड की केवल 5,300 घड़ियां बनती हैं जिनकी एवरेज कॉस्ट 250,000 डॉलर है।

## पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड को आईसीआरए द्वारा बीबीबी- क्रेडिट रेटिंग दी गई

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत के वायर और केबल इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड (बीएसई 530555, एनएसई) ने घोषणा की है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने कंपनी को पर बैंक फैसिलिटीज़ द्वारा लॉन्ग-टर्म रेटिंग दी है। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्य 30.3 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 2,180.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 2,842.5 मिलियन रुपये हुआ और 25.7 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 5,943.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 7,472.3 मिलियन रुपये हुआ।

# करोड़ों प्राइवेट और सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने करोड़ों सदस्यों के लिए नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अब अगर कोई ईपीएफओ सदस्य नौकरी बदलता है तो उसकी पीएफ की राशि नई कंपनी या नियोक्ता के पास ऑटोमेटिक ट्रांसफर हो जाएगी। सदस्य को इसके लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। नए नियम को लागू कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि नई सुविधा शुरू होने के बाद कर्मचारियों को पुरानी से नई कंपनी में पीएफ राशि ट्रांसफर कराने के लिए फॉर्म-31 नहीं भरना होगा। पहले नौकरी बदलते समय पीएफ खाताधारकों को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर होने के बावजूद इसके लिए आवेदन संबंधी औपचारिकताएं करनी पड़ती थी। इसके तहत विशेष तरह का फॉर्म-31 भरकर जमा कराना होता था। इसके बाद राशि कुछ दिनों में नई कंपनी में ट्रांसफर कर दी जाती थी। नई व्यवस्था में कई औपचारिकताएं पूरी करने से मुक्ति मिल




जाएगी। गौरतलब है कि जब कोई कर्मचारी नौकरी बदलता है तो उसके यूएएन (पीएफ खाते) में नई कंपनी या नियोक्ता जुड़ जाता है। उसे ईपीएफओ की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पुराने पीएफ खाते को नए खाते से जोड़ना होता था। इस प्रक्रिया में ईपीएफओ सदस्यों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। गड़बड़ी होने की आशंका बनी रहती थी। इसके अलावा पुराने और नए नियोक्ता को भी इसकी औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती थी। अब सदस्य की कोई भूमिका इस प्रक्रिया में नहीं होगी।

यूनिवर्सल अकाउंट नंबर पीएफ खाताधारक के लिए केंद्रीयकृत मंच के तौर पर काम करता है। यह एक सदस्य को कई पीएफ खातों को एक साथ जोड़ने की सुविधा देता है। इसके अलावा यूएएन अन्य सेवाएं भी प्रदान करता है। इसके तहत ईपीएफओ सदस्य इसकी मदद से अपना यूएएन कार्ड और पीएफ की पासबुक डाउनलोड कर सकता है। एसएमएस के जरिए कुल शेष राशि की जानकारी हासिल की जा सकता है। ईपीएफओ के नियम के अनुसार, कर्मचारियों को पीएफ के लिए अपने मूल वेतन का 12 फीसद योगदान देना होता है। नियोक्ताओं को भी इसके बराबर का योगदान देना होता है। इसी खाते के जरिए किसी कर्मचारी को आगे चलकर पेंशन दी जाती है।

# 10 प्रतिशत उड़ानें कम करेगी विस्तारा, छुट्टियों के मौसम में महंगे हो सकते हैं एयर टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी विस्तारा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कंपनी 10 प्रतिशत उड़ानें कम कर रही है। इनमें ज्यादातर घरेलू उड़ानें हैं। रोस्टरिंग और वेतन में कटौती के मुद्दे पर एयरलाइन के पायलटों में असंतोष है। पीक समर ट्रैवल सीजन से ठीक पहले विस्तारा ने अपनी फ्लाइट्स की संख्या में कटौती का फैसला किया है। इससे डिमांड-सप्लाई का गैप बढ़ सकता है और किराये में बढ़ोतरी हो सकती है। पहले ही हवाई किराया बहुत ज्यादा हो चुका है। यात्रियों की संख्या रेकॉर्ड पर है लेकिन उन्हें ले जाने के लिए पर्याप्त संख्या में विमान नहीं हैं। कई कारणों से देश में फ्लाइट्स की संख्या में गिरावट आई है। मसलन देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के 75 विमान प्रैट एंड व्हिटनी इंजन में गड़बड़ी के कारण ग्राउंडेड हैं। इसी तरह गोएयर का ऑपरेशन बंद है। स्पाइसजेट की कुछ ही उड़ानें संचालित कर पा रही है। विमान बनाने वाली कंपनियां बोइंग और




एयरबस संकट में फंसी हैं जिससे नए विमानों की आपूर्ति धीमी है।

विस्तारा के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम रोजाना 25-30 उड़ानों में कटौती कर रहे हैं जो हमारी कुल परिचालन क्षमता का लगभग 10 प्रतिशत है। फरवरी 2024 के अंत में हम रोजाना इतनी ही फ्लाइट्स ऑपरेट कर रहे थे। इससे हमें रोस्टर में लचीलापन और बफर मिलेगा। कैंसल की गई अधिकांश फ्लाइट्स घरेलू नेटवर्क में है। हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहकों को कोई असुविधा न हो। इजमी ट्रिप के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय ट्रैवल इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी का अनुमान है। इसमें वित्त वर्ष 25 में 12-14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन बढ़ते हवाई किराये से यह बढ़ोतरी प्रभावित हो सकती है। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है लेकिन इंडस्ट्री के पास उतनी क्षमता नहीं है। मेंटनेंस और मैकेनिकल समस्याओं के कारण इस वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 25 प्रतिशत विमानों के ग्राउंडेड होने की आशंका है।

### क्या है समस्या

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, एयर ट्रैवल इंडस्ट्री कई तरह की चुनौतियों और बदलावों का सामना कर रही है। डिमांड और सप्लाई में भारी अंतर से किराये में बढ़ोतरी की संभावना है। विस्तारा को इस बार गर्मियों में 2,324 फ्लाइट्स ऑपरेट करनी थी जो पिछली बार के 1,856 की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक थी। लेकिन अब ऐसा होना मुश्किल है। एयरलाइन का कहना है कि सभी प्रभावित यात्रियों को पहले ही अन्य उड़ानों में अकमोडेट किया जा चुका है। रोस्टरिंग और वेतन में कटौती के मुद्दे पर एयरलाइन के पायलटों में असंतोष है। दूसरी विमान कंपनियों के पायलटों ने भी रोस्टरिंग को लेकर शिकायत की है। डीजीसीए ने पायलटों के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नियमों में संशोधन किया था। लेकिन विमानन कंपनियों ने संशोधित एफडीटीएल का विरोध किया था। उनका कहना है कि इससे उन्हें ज्यादा पायलटों की जरूरत होगी और इससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। इस कारण फिलहाल इसे लागू नहीं किया जा सका है। विस्तारा ने रोस्टरिंग को लेकर पायलटों की चिंता का आंशिक समाधान किया है। लेकिन वेतन कटौती के बारे में वह ज्यादा कुछ करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि उसे पे स्ट्रक्चर को एयर इंडिया के बराबर लाना होगा। इस साल के अंत तक विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो जाएगा। 70 विमानों वाली यह एयरलाइन अपने 1,000 से अधिक पायलटों के साथ रोजाना करीब 350 उड़ानें प्रतिदिन संचालित करती थी।

## सीईओ के हटने के बाद 40 प्रतिशत तक गिर सकता है बंधन बैंक का शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के एक बैंक के शेयर रखने वाले निवेशकों के लिए बुरी खबर है। बंधन बैंक के संस्थापक और सीईओ चंद्र शेखर घोष के रिटायरमेंट के बाद से उसके शेयर 40 पर्सेंट तक गिर सकते हैं। उन्होंने इस साल 9 जुलाई को रिटायरमेंट ले लिया था। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने बंधन बैंक की रेटिंग बाय से डाउनग्रेड करके अंडरपरफॉर्म कर दिया गया है। ब्रोकरेज ने बंधन बैंक का टार्गेट प्राइस 40 प्रतिशत घटाकर ?290 से घटाकर ?170 कर दिया है। इस संशोधित टार्गेट प्राइस मौजूदा स्तरों से 14 प्रतिशत की संभावित गिरावट का संकेत देता है। 2024 में अब तक बंधन बैंक के शेयरों का निफ्टी बैंक इंडेक्स पर सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, जिसमें लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। अगर बंधन बैंक के शेयरों का हालिया प्रदर्शन देखें तो पिछले पांच कारोबारी सेशन में 7 फीसद से अधिक की बढ़त दर्ज की है।

# 82,000 के करीब पहुंची चांदी की कीमत, सोने ने भी तोड़े सारे रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं। सोना अभी तक के सबसे महंगे भाव पर चला गया है और एमसीएक्स पर इसका सर्वाधिक ऊंचा दाम 71057 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर है। सोने में करीब आज 400 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा जा रहा है और ये अब तक के सबसे हाई रेट पर कारोबार कर रहा है।

चांदी की चमक तो आज बेहतरीन रूप से बढ़ी है और कारोबार खुलते ही इसमें 1040 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई है। चांदी 81,000 रुपए की



कीमतों को तो पार कर ही चुकी है और अब ये 82,000 रुपए के करीब जा रही है। एमसीएक्स पर चांदी का मई वायदा 81955 रुपए प्रति किलो के रेट पर आ चुका है जो इसका ऑलटाइम हाई लेवल है।

विदेशी बाजार में भी सोना और चांदी दोनों धमाकेदार तेजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 15.60 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 2,361.25 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। वहीं कॉमैक्स पर ही चांदी मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 27.902 डॉलर प्रति औंस के रेट पर ट्रेड कर रही है। अक्षय तृतीया का पर्व आने वाली 10 मई को है और इससे पहले ही सोने के दाम में जोरदार बढ़त से गहने खरीदने वालों के सामने चिंता है कि इस बार सोने-चांदी के सिक्के या गहने कैसे खरीदे जाएंगे।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में केवल 3 दिन में बेच डाले 3000 करोड़ रुपये से अधिक के 1,050 लक्जरी मकान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपनी नई परियोजना पेश करने के तीन दिन के अंदर ही 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 1,050 से अधिक मकान बेच दिए। कंपनी के इस अपडेट के बाद गोदरेज प्रापर्टी के शेयर 2692 रुपये के हाई पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का नया हाई है। दोपहर 12 बजे के करीब स्टॉक 6.16 फीसद ऊपर 2454.45 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

गोदरेज प्रापर्टी की यह उपलब्धि आवासीय क्षेत्र में मजबूत बिक्री गति को दर्शाता है। पिछले 18 महीने में गुरुग्राम में पेश की गई आवासीय परियोजनाएं सफल रही हैं। वहां अपार्टमेंट बिक्री के लिए पेश किए जाने के कुछ दिन के भीतर ही बिक जाते हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, मूल्य और बिक्री के मामले में यह गोदरेज प्रॉपर्टीज की अभी तक की सबसे



सफल परियोजना रही। यह परियोजना गुरुग्राम में जीपीएल का सबसे बड़ा आवासीय ग्रोथ है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडे ने कहा, गुरुग्राम गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। हम आने वाले वर्षों में गुरुग्राम में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

जीपीएल ने कहा, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में गुरुग्राम में बिक्री में सालाना आधार पर 473 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक मजबूत आधार पेश करती है। गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है। यह मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु में आवासीय परियोजनाओं का विकास करता है। इसने हाल ही में हैदराबाद बाजार में प्रवेश किया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-2 से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार गई। भारत सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है। उसे पहले मैच में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (6, 34), जैकब एंडरसन (42) और नाथन एफ्राम्स (45) ने गोल किये , जबकि भारत के लिए जुगराज सिंह (9) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत भारत ने आक्रामक की और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को पूरी चुनौती दी। हालांकि, मेजबान टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (6) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वहीं, भारत ने शुरुआत में कई मौके गंवाए। भारत ने जवाबी हमलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया, जिसका टीम को फायदा मिला और जुगराज सिंह (9) ने एक बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर के साथ स्कोर बराबर कर दिया। कुछ ही समय बाद, अभिषेक के पास



भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था क्योंकि उन्होंने खुद को डी क्षेत्र के अंदर एक मजबूत स्थिति में रखा और उन्हें केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन उनका शक्तिशाली शॉट लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर के दौरान, दोनों टीमों ने अपनी आक्रामक गति बनाए रखी और लगातार एक-दूसरे की डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, यह भारत ही था जिसने हाफ टाइम से पहले से दूसरा गोल दागा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पेनल्टी कॉर्नर को सटीकता और ताकत से गोल में तब्दील कर स्कोरलाइन को अपनी टीम के पक्ष में 2-1 कर दिया। खेल में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में अपना आक्रमण तेज़ कर दिया। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि जेरेमी हेवर्ड (34) ने पेनल्टी कॉर्नर से मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद, जैकब एंडरसन (42) ने मेजबान टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले, नाथन एफ्रैम्स (45) ने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 4-2 तक बढ़ा दिया। भारत ने वापसी के लिए ऑस्ट्रेलिया पर पूरा जोर लगाया और बार-बार गोल के करीब पहुंचे।हालांकि, भारत के लगातार हमलों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का डिफेंस मजबूत रहा और भारत की हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत दौरे के अपने तीसरे मैच में 10 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

### अजय जडेजा ने कहा

# रवि बिश्नोई ने कैच नहीं मैच लपका



**लखनऊ, एजेंसी ।** लखनऊ ने रविवार को गुजरात पर 33 रन से जीत हासिल की। पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली और अजय जडेजा ने यश ठाकुर (5/30) के गेंदबाजी स्पैल और केन विलियमसन का शानदार कैच लेने के लिए रवि बिश्नोई की जम कर सराहना की। आईपीएल 2024 में अब तक कई बेहतरीन कैच देखने को मिले हैं। रविवार को इस लिस्ट में एक और जबरदस्त कैच जुड़ गया। ये कारनामा रवि बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ किया और पलक झपकते ही केन विलियमसन को डगआउट की राह दिखा दी। जडेजा ने इस शानदार कैच के लिए स्पिनर रवि बिश्नोई की सराहना की। उन्होंने कहा, हमने बिश्नोई को कुछ बड़े कैच लेते देखा है, लेकिन विलियमसन का उन्होंने जो कैच पकड़ा, वो बेहद मुश्किल था। ऐसा लगा जैसे उन्होंने सिर्फ कैच नहीं लिया बल्कि मैच पकड़ लिया। यह कैच लेना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान नहीं है। यह इतना महत्वपूर्ण कैच था जिसने मैच पलट दिया। जडेजा ने यश ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा, शुभमन गिल का पहला विकेट जो उन्होंने लिया वह सबसे महत्वपूर्ण था और अंत में उन्होंने जो विकेट लिए वह बोनस थे। बीच के ओवरों में क्रुणाल पांड्या के तीन विकेट लेने से एलएसजी ने खुद को मजबूत स्थिति में पाया। इसके बाद एक बार फिर ठाकुर एक्शन में आए और अपनी टीम की जीत पक्की की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भी यश ठाकुर की दमदार गेंदबाजी की सराहना की।

# कौन हैं 25 साल के यश ठाकुर... कभी बनना चाहते थे विकेटकीपर

### अब आईपीएल में गेंद से मचाया गदर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के मैच नंबर-21 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटन्स को 33 रनों से करारी शिकस्त दी. रविवार (7 अप्रैल) को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकानाम स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मेजबान टीम ने 164 रनों का टारगेट सेट किया था. जिसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 130 रनों पर ही सिमट गई. लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के हीरो तेज गेंदबाज यश ठाकुर रहे, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर 5 विकेट झटके. आईपीएल 2024 में पहली बार किसी गेंदबाज ने पांच विकेट लिए. यश ने अपने पहले ही ओवर में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को बोल्ड किया. इसके बाद जब यश को दोबारा गेंदबाजी मोर्चे पर लगाया गया, तो उन्होंने डबल विकेट मेडन ओवर फेंका. हालांकि यश को अपने तीसरे ओवर में कोई सफलता नहीं मिली. मगर आखिरी ओवर में उन्होंने दो विकेट लेकर ना सिर्फ पंजा खोला, बल्कि टीम को भी जीत दिला दी. यश ठाकुर ने शुभमन गिल के अलावा विजय शंकर, राशिद खान, राहुल तेवतिया और नूर अहमद के विकेट चटाकाए. यश ठाकुर का ये प्रदर्शन काफी मायने रखता है. इस मैच के दौरान लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव इजर्ड हो गए थे, ऐसे में उनपर ही विकेट लेने की जिम्मेदारी आ गई थी. यश ने अपनी टीम के भरोसे पर खरे उतरते हुए धांसू प्रदर्शन किया. मयंक और मोहसिन खान जैसे तेज गेंदबाजों की इंजरी के चलते लखनऊ की टीम यश ठाकुर से आने वाले मैचों में भी धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी ।

# दिल्ली के खिलाफ जीत के साथ MI ने रचा इतिहास

### टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बनी




**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट की 150वीं जीत दर्ज की। अब तक कोई भी टीम दुनिया में ऐसा नहीं कर पाई है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने टी20 क्रिकेट में 148 मैच जीते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर भारतीय टीम 144 मैचों में जीत के साथ बनी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी जीत का खाता खोल लिया। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस ने दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 234 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स आठ विकेट गंवाकर सिर्फ 205 रन बना सकी। मुंबई ने 29 रन से जीत हासिल कर इतिहास रच दिया।

**डेथ ओवर्स में डेविड-शेफर्ड ने लूटे 96 रन** - एक वक्त मुंबई का स्कोर 17 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था और ऐसा लग रहा था कि टीम 200-210 के स्कोर पर पहुंच पाएगी। हालांकि, डेथ ओवर में टिम डेविड (45 रन*) और रोमारियो शेफर्ड (39 रन*) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई इतने विशाल स्कोर तक पहुंच पाया। इन दोनों की बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई ने आखिरी पांच ओवर में 96 रन बनाए।

**टी20 क्रिकेट में जीता 150वां मैच** - मुंबई इंडियंस की टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट की 150वीं जीत दर्ज की। अब तक कोई भी टीम दुनिया में ऐसा नहीं कर पाई है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने टी20 क्रिकेट में 148 मैच जीते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर भारतीय टीम 144 मैचों में जीत के साथ बनी है।

#### टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक मैच जीतने वाली टीमें

मुंबई इंडियंस - 150
चेन्नई सुपर किंग्स - 148
भारतीय टीम - 144
लंकाशायर - 143
नॉटिंघमशायर - 143

मुंबई ने 200+ स्कोर की लगाई झड़ी

यह आईपीएल में मुंबई का 24वां 200+ का स्कोर रहा। वह इस मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ गया है। मुंबई के अलावा बेंगलुरु ने भी 24 बार ही आईपीएल में 200+ का स्कोर बनाया है। इस लिस्ट में शीर्ष पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है। उसने 29 बार ऐसा किया है। वहीं, किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 200+ के स्कोर के मामले में मुंबई ने बेंगलुरु की बराबरी की। आरसीबी ने जहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह बार ऐसा किया है, वहीं, मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ आईपीएल में छह बार 200+ का स्कोर बनाया है।

#### आईपीएल में सर्वाधिक 200+ का स्कोर

29 बार- चेन्नई सुपर किंग्स
24 बार- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
24 बार- मुंबई इंडियंस
22 बार- पंजाब किंग्स
21 बार- कोलकाता नाइट राइडर्स

# यश की आंधी में उड़ा गुजरात

### घातक गेंदबाजी से लिया इस सीजन का पहला फाइफर, ऐसा करने वाले दूसरे गेंदबाज



आईपीएल में लखनऊ के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन

| गेंदबाज | विरोधी टीम | सीजन |
|---|---|---|
| मार्क वुड (5/14) | दिल्ली कैपिटल्स | 2023 |
| यश ठाकुर (5/30) | गुजरात टाइटंस | 2024 |
| मोहसिन खान (4/16) | दिल्ली कैपिटल्स | 2022 |
| आवेश खान (4/24) | सनराइजर्स हैदराबाद | 2022 |

**लखनऊ, एजेंसी।** इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यश ठाकुर ने पंजा खोला। उन्होंने 3.5 ओवर में 30 रन खर्च किए और पांच विकेट हासिल किए। मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज द्वारा हासिल किया गया यह पहला फाइव विकेट हॉल है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 37 रन देकर चार विकेट रहा था। यह कारनामा उन्होंने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में किया था। लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को आईपीएल 2024 का 21वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में लखनऊ के यश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने अपने करियर का पहला फाइफर हासिल किया। लखनऊ की लगातार तीसरी जीत में युवा गेंदबाज का अहम योगदान रहा। उन्होंने अपनी कातिलाना गेंदबाजी से गुजरात का बल्लेबाजी क्रम तहस-नहस कर दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यश ठाकुर ने पंजा खोला। उन्होंने 3.5 ओवर में 30 रन खर्च किए और पांच विकेट हासिल किए। मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज द्वारा हासिल किया गया यह पहला फाइव विकेट हॉल है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 37 रन देकर चार विकेट रहा था। यह कारनामा उन्होंने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में किया था।

#### यश के तूफान में उड़ा लखनऊ का खेमा

अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम सिर्फ 130 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यश ठाकुर ने शुभमन गिल (19), विजय शंकर (17), राशिद खान (0), राहुल तेवतिया (30), नूर अहमद (04) को आउट किया। उनकी आंधी में गुजरात का खेमा पूरी तरह से उड़ गया। वहीं, क्रुणाल पांड्या ने तीन जबकि नवीन-उल-हक और रवि बिश्नोई ने एक-एक शिकार किया।

# मुंबई इंडियंस ने जीत के साथ बनाया अद्भुत कीर्तिमान, केकेआर और सीएसके रह गए पीछे

**मुंबई, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने आखिरकार इस साल के आईपीएल में अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। लगातार तीन हार के बाद ये जीत नसीब हुई है, इसलिए और भी ज्यादा अहम हो जाती है। अपने घर पर यानी वानखेड़े स्टेडिय में मुंबई को पिछले मैच में हार मिली थी, लेकिन उसी जगह टीम ने हार का सिलसिला भी तोड़ दिया है। इसके साथ ही एमआई ने ऐसा नया कीर्तिमान बना दिया है, जो काम अब तक केकेआर और सीएसके भी नहीं कर पाई हैं।

**मुंबई इंडियंस की वानखेड़े स्टेडियम में ये आईपीएल की 50वीं जीत** - दरअसल मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो जीत दर्ज की है, वो उसकी इस मैदान पर 50वीं जीत भी है। इससे पहले टीम ने 49 मैच जीते थे। मुंबई इंडियंस के अलावा और कोई भी टीम ऐसी नहीं है, जो अपने होम ग्राउंड



पर इतने मैच जीतने में कामयाब रही हो। यहां ये ध्यान रखने की बात है कि जो 50 जीत का जिक्र हम कर रहे हैं, उसमें सुपर ओवर की जीत भी शामिल है।

**केकेआर और सीएसके का नंबर इसके बाद** - इस मामले में दूसरे स्थान पर केकेआर यानी कोलकाता नाइटराइडर्स है। केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में अपने होम ग्राउंड यानी कोलकाता के ईडन गार्डेंस में कुल 48 मैच जीतने में सफलता हासिल की है। वहीं 5 बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपने होम ग्राउंड चेन्नई चेपॉक स्टेडियम में अब तक आईपीएल मे 47 मैच जीते हैं। आरसीबी की टीम यहां भी फिसड्डी है। टीम ने अपने घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 41 मैच ही जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स यानी आरआर की टीम अपने घर जयपुर के सवाईमान? सिंह स्टेडियम में अब तक 36 मैच जीत चुकी है।

# दिनेश कार्तिक को सीएसके में नहीं खेल पाने का मलाल, 16 सालों का दर्द छलका तो मुंबई इंडियंस के लिए भी कही...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का 17वां सीजन जारी है. कई खिलाड़ी इस लीग से रिटायर हो चुके हैं. वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जो शायद अगले सीजन में खेलते हुए न दिखें. इस लीस्ट में सबसे पहला नाम चेन्नई सुपर किंग्स के महान खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी का आता है. उनके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक भी उन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं. बता दें कि कार्तिक पहले सीजन से ही आईपीएल में खेल रहे हैं. उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन के पॉडकास्ट 'कुट्टी स्टोरीज' में अपनी क्रिकेटिंग और आईपीएल करियर को लेकर बात की. इस दौरान उन्होंने अपने 16 साल के दर्द को बयां किया. कार्तिक ने अश्विन के यूट्यूब चैनल पर बताया कि उन्हें अपने क्रिकेटिंग को लेकर बहुत ज्यादा मलाल नहीं है. लेकिन 2013 में मुंबई इंडियंस के रिटेंशन को छोड़ना और



चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नहीं खेल पाना उनके करियर के दो सबसे बड़े रिग्रेट्स हैं. बता दें कि छ्य ने 2012 और 2013 का ढ्ढक्क सीजन मुंबई के लिए खेला था. 2013 में ही मुंबई ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी, जिसका वे हिस्सा भी थे. इसके बावजूद उन्होंने मुंबई की रिटेंशन ऑफर को ठुकरा दिया छोड़ और 2014 की ऑक्शन में गए, जहां दिल्ली डेयरडेविल्स ने उनके लिए फाइनल बोली लगाई थी ।

**कार्तिक ने मुंबई इंडियंस की जमकर की तारीफ** - कार्तिक ने अश्विन के पॉडकास्ट पर मुंबई इंडियंस के ईको सिस्टम की जमकर तारीफ की. उन्होंने बताया कि रणजी ट्रॉफी के दौरान भी आप स्ढ्ढ से प्रेक्टिस के लिए कह सकते हैं. वो तुरंत आपको कोच, बॉल, बॉलर्स, साइडआर्मर, स्टे के लिए होटल, फ्लाइट टिकट आपको जो चाहिए हर चीज दे देंगे. उन्होंने ऐसा ईकोसिस्टम तैयार किया है, जहां खिलाड़ी अपने स्किल्स को बेहतर तरीके से बढ़ा सकता है. अगर मैं वहां रुका होता तो एक खिलाड़ी के तौर पर और भी बेहतर हो सकता था ।

**सीएसके से नहीं खेलने का मलाल** - कार्तिक ने अश्विन के साथ अपना एक और दर्द बयां किया. उन्होंने बताया कि चेन्नई के लिए न खेल पाने का उन्हें बहुत मलाल है. कार्तिक ने छ्रस्य से नहीं जुड़ पाने के पीछे की कहानी भी बताई. डीके ने खुलासा किया कि ढ्ढक्क के पहले सीजन में उन्हें यकीन था कि चेन्नई उन्हें पक्का खरीदेगी. ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीबी चंद्रशेखर चेन्नई की टीम का हिस्सा थे. रणजी ट्रॉफी, इंडिया ए और नेशनल टीम में भी उन्होंने ही कार्तिक को सिलेक्ट किया था. कार्तिक के लिए हमेशा ही उनके मन एक सॉफ्ट कॉर्नर रहा था. कार्तिक ने आगे बताया कि जब छ्रस्य ने महेंद्र सिंह धोनी के लिए बोली लगाई तो वो समझ गए थे अब वो इस टीम का हिस्सा नहीं बन सकते ।

### आईपीएल 2024 के बीच सामने आई बड़ी खबर

# मार्श पर मंडराया लीग से बाहर होने का खतरा !



आईपीएल 2024 में अभी तक 21 मैचों का खेल पूरा हो गया है। सभी टीमों ने कम से कम 3-3 मैच खेल लिए हैं। इसी बीच एक टीम के खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। ये खबर दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़ी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स का एक स्टार खिलाड़ी चोट से जूझ रहा है। ये खिलाड़ी आने वाले मैचों में खेलता हुआ दिखाई नहीं देखा। वहीं, इस खिलाड़ी पर सीजन से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

**आईपीएल 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स की बढ़ी टेंशन** - आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं हुआ है। टीम 4 मैच हारकर प्वॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे चल रही है। वहीं, अब स्टार खिलाड़ी मिचेल मार्श की चोट ने टीम की टेंशन बढ़ा दी है। मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। वह इस चोट के चलते मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच का हिस्सा नहीं बने थे। अब खबर सामने आई है कि वह कम से कम एक और हफ्ते टीम से बाहर रहने वाले हैं।



## 5 करोड़ रुपये लेती है

# सामंथा एक आइटम गाने की फीस

बॉलीवुड फिल्में गानों के बिना अधूरी होती है। फिल्मों को हिट कराने में गीतों का अहम योगदान रहता है। इसके साथ-साथ अगर आइटम सॉन्ग भी जुड़ जाए तो फिल्म के धमाल मचाने को लेकर हल्ला मचने लगता है। फिल्म हिट हो या न हो, आइटम सॉन्ग फिल्म को सुर्खियों में जरुर ला देते हैं। बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियों ने अलग-अलग फिल्मों में आइटम सॉन्ग करके चर्चा बटोरी है। अभिनेत्रियां एक गाने के लिए करोड़ो रुपये लेती हैं। क्या आप जानते हैं कि कौन सी अभिनेत्री इसके लिए सबसे ज्यादा फीस लेती है?

### यह अभिनेत्री लेती है एक गाने के 5 करोड़ रुपये

अगर आपके मन में मलाइका अरोड़ा, नोरा फतेही, तमन्ना भाटिया, सनी लियोन, कैटरीना कैफ या रश्मिका मंदाना का नाम आ रहा है तो आप गलत सोच रहे हैं। दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु वह अभिनेत्री है, जो एक आइटम सॉन्ग के लिए सबसे ज्यादा फीस लेती है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म पुष्पा द राइज के गाने ऊं अंटावा के लिए उन्होंने 5 करोड़ रुपये लिए थे। यह वाकई में एक बहुत मोटी रकम है।

### नोरा फतेही और मलाइका अरोड़ा की इतनी है फीस

नोरा फतेही जैसी मशहूर डांसर ने भी इतने रुपये नहीं लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा एक गाने के लिए 2 करोड़ रुपये की फीस लेती हैं। इतने ही रुपये सनी लियोन भी लेती हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मलाइका अरोड़ा एक गाने के लिए केवल 50 लाख से 1 करोड़ रुपये ही लेती हैं। अच्छी डांसर होने के बावजूद उनकी फीस काफी कम है।

### कैटरीना और जैकलीन भी लेती हैं मोटी फीस

करीना कपूर कुछ साल पहले तक एक आइटम सॉन्ग के लिए 1.5 करोड़ रुपये लेती थीं। वहीं, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया एक गाने के लिए एक करोड़ रुपये की फीस लेती हैं।

कैटरीना कैफ की फीस इन दोनों से ज्यादा है। वे हर गाने के 2 करोड़ रुपये से ज्यादा लेती है। इस सूची में एक नाम जैकलीन फर्नांडीज का भी है। वे हर गाने के लिए 3 करोड़ रुपये की फीस लेती हैं।



# नेट वर्थ के मामले में फ्लावर नहीं फायर हैं अल्लू अर्जुन

अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा-द रुल को लेकर फिल्मी दुनिया में हल्ला मचा हुआ है। हाल ही में फिल्म निर्माताओं ने इसके पोस्टर के साथ टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा की थी। लोगों के दिलों पर राज करने वाले अल्लू नेट वर्थ के मामले में किसी के भी सामने झुकते नहीं हैं। उनका नाम फिल्म उद्योग के सबसे अमीर सितारो में शामिल है।

अल्लू अपनी एक-एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपये की फीस लेते हैं। फिल्मों के अलावा विज्ञापनों से भी उनकी जेब में तगड़ा पैसा आता है। वे कई नामी कंपनियों के उत्पादों के विज्ञापन में नजर आते रहते हैं। आपने उन्हें फ्रूटी, रैपिडो और जोमैटो के विज्ञापन में देखा ही होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन की नेटवर्थ 460 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है।

अल्लू अर्जुन का घर हैदराबाद के जुबली हिल्स इलाके में है। यह घर एकदम आलीशान है। घर की सजावट आधुनिक ढंग से की गई है। उनके घर में एक बड़ा पूल भी है। घर का आकार 8,000 वर्ग फुट बताया जाता है। इसकी कीमत सुनकर आप दंग रह जाएंगे। अल्लू का घर 50, 60 या 70 नहीं, बल्कि 100 करोड़ रुपये का है। उनके नाम हैदराबाद से बाहर भी घर है। उन्होंने 2015 में मुंबई शहर में एक 2बीएचके अपार्टमेंट लिया था।

### लग्जरी कार के मालिक हैं अल्लू

अल्लू अर्जुन के कार गैराज में एक से बढ़कर एक चमचमाती कार खड़ी है। वे कई लग्जरी कारों के मालिक हैं। ऐसी कारें जिन्हें खरीदना का सपना हर किसी का होता है, वे अल्लू के पास मौजूद है। सभी कारों की कीमत करोड़ों में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके कार कलेक्शन में बीएमडब्ल्यू, रेंज रोवर और ऑडी जैसी कार कंपनियों की महंगी-से-महंगी कार शामिल हैं।

# कंगना को दिखी आलिया भट्ट और राहुल गांधी में समानता?



कंगना रणौत आखिरकार राजनीति की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। बॉलीवुड की क्वीन को अक्सर सम-सामयिक मुद्दों पर बयान देते देखा जाता है। साथ ही वह इंडस्ट्री पर भी कटाक्ष करने से बिल्कुल नहीं कतराती हैं। कंगना को फिल्म निर्माता करण जौहर से लेकर कई बड़े सितारों पर निशाना साधते देखा जा चुका है।

वहीं अब अभिनेत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है, जिसे देखकर नेटिजन्स का मानना है कि कंगना ने एक दफा फिर आलिया भट्ट को निशाना बनाया है। कंगना रणौत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस क्लिप में अभिनेत्री नेपो किड पर उन पुरस्कारों को पाने के लिए कटाक्ष कर रही हैं जो खुद कंगना के पास प्रचुर मात्रा में हैं। नेटिजन्स की राय है कि यह आलिया भट्ट के सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार पर कटाक्ष था जो उन्हें संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए मिला था। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कंगना रणौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी से प्रत्याशी बनाया है।

इसी बीच एक इंटरव्यू में उनसे राहुल गांधी को लेकर उनके विचारों के बारे में पूछा गया। इस पर कंगना ने कहा, मैं उन्हें वैसे ही देखती हूं जैसे फिल्म इंडस्ट्री का राजा बेटा। जैसे वहां उन्होंने बेटी को अवॉर्ड्स दे दिए कि कंगना को सारे अवॉर्ड्स मिल गए, मुझे भी चाहिए। नाराज हो गई है, इस बार सारे अवॉर्ड्स उन्हीं को दो।

# अरूणा ईरानी ने सालों बाद महमूद संग रिश्तों पर तोड़ी चुप्पती

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अरुणा ईरानी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने 6 दशक के करियर में करीब 400 से अधिक फिल्मों में काम किया है और वह आज भी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। अरुणा ईरानी अपनी एक्टिंग के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रही थीं।**

**अरुणा** ईरानी अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ निजी जिंदगी को भी लेकर चर्चा में रहीं। एक समय पर अरुणा ईरानी की महमूद संग अफेयर की खबरों ने खूब लाइमलाइट बटोरी थी। वहीं अब सालों बाद इन अफवाहों पर अरुणा ईरानी ने चुप्पी तोड़ी है और नाराजगी भी जताई है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह महमूद को अपना गुरु मानती थीं।

### महमूद संग अफेयर की खबरों पर अरुणा ईरानी ने तोड़ी चुप्पी

अरुणा ईरानी ने हाल ही में जूम को दिए इंटरव्यू में कहा कि ÷मैंने और महमूद ने साथ में कई सारी फिल्में की थी। उन्होंने मुझे कॉमेडी करना सिखाया है। मैं उनको अपना गुरु मानती थी। जब कारवां' और 'बॉम्बे टू गोवा×ष8217; रिलीज हुई तो ये अफवाह फैल गई कि मैंने और महमूद ने चोरी छुपके शादी कर ली है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं था। इस गलतफहमी की वजह से मुझे कई सालों तक किसी ने काम नहीं दिया। लेकिन मेरी गलती ये थी कि मैंने उस वक्त किसी को सफाई नहीं दी, बल्कि हमें मीडिया को बुलाकर ये बात क्लियर करनी चाहिए थी।



### एक दिन महमूद मेरे पास आए

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस खबर के फैलने के बाद मैंने और महमूद ने फिर कभी साथ में काम नहीं किया। एक दिन महमूद मेरे पास आए और कहा कि इन अफवाहों की वजह से मेरी पत्नी के साथ रोज लड़ाई हो रही है। हम अब साथ काम ना ही करें तो बेहतर होगा। उनकी बीवी ने महमूद को मेरे साथ काम करने से मना कर दिया था।

### मैं उनकी करीबी दोस्त थी

आपको बता दें कि अरुणा ईरानी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था कि महमूद अच्छे आदमी थे। मैंने गलतियां की लेकिन अभी सब अतीत की बात है। शायद वो मेरे लायक नहीं थे या मैं उनके लायक नहीं थी कौन जाने? हां मेरी और उनकी दोस्ती थी। वास्तव में मैं उनकी काफी करीबी दोस्त थी। आप इसे मोह या दोस्ती कुछ भी कह सकते हैं लेकिन हमारी कभी शादी नहीं हुई थी ना ही हम प्यार में थे। लोगों ने हमारे रिश्ते को गलत समझा और शायद सोचने लगे कि हम शादीशुदा हैं।

# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'क्रू'



**राजेश** ए कृष्णन के निर्देशन में बनी क्रू को खूब पसंद किया जा रहा है। अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क, बालाजी मोशन पिक्चर्स की इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे 10 दिन हो चुके हैं। फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन अहम भूमिका है। बॉलीवुड की इन तीनों एक्ट्रेसेज का जलवा दुनियाभर में छाया हुआ है। रिलीज के पहले हफ्ते इस फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला था। वहीं अब दूसरे हफ्ते भी ये कॉमेडी ड्रामा फिल्म फैंस को एंटरटेन कर रही है। चलिए तो आपको बताते हैं कि आखिर 'क्रू ने 10वें दिन यानी सेकंड संडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? क्रू को सिनेमाघरों में खूब ऑडियंस मिल रही है। फिल्म की कमाई की बात करें तो 'क्रू' ने रिलीज के पहले दिन 9.25 करोड़ से ओपनिंग की थी। फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 43.75 करोड़ रुपये रहा। वहीं यह फिल्म दूसरे हफ्ते में भी शानदार कारोबार कर रही है। फिल्म ने शुक्रवार को 25 फीसदी की उछाल के साथ 3.75 करोड़ कमाए थे। शनिवार को फिल्म की कमाई में 40 फीसदी की तेजी आई और इसने 5.25 करोड़ का कारोबार किया। अब फिल्म का 10वें दिन यानी सेकंड संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'क्रू' ने रिलीज के 10वें दिन 5.75करोड़ की कमाई की है। इसी के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की अभी तक की कुल कमाई 58.50 करोड़ रुपये हो गई है। इसी तरह अगर यह फिल्म कमाई करती रही तो जल्द ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।



## मुझे एक ईमानदार और खूबसूरत जीवनसाथी की तलाश है

# घर बसाने को तैयार हैं नोरा

**नोरा** फतेही बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। पिछले दिनों जब उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवनसाथी में किन गुणों को देखना चाहती हैं। इस सवाल के जवाब में नोरा कहती हैं, पहले मैं जिस तरह से सोचती थी अब वह बिल्कुल बदल गया है। नोरा फतेही आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बतौर डांसर अपने करियर की शुरुआत करने वाली नोरा आज फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाती नजर आ रही हैं।

हाल ही में नोरा कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में दिखी थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आया था। पिछले दिनों अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान अपनी निजी जिंदगी और अपनी शादी के बारे में खुलकर बातें करती दिखीं।

### समय के साथ नोरा के बदले हैं विचार

नोरा फतेही बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। पिछले दिनों जब उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवनसाथी में किन गुणों को देखना चाहती हैं।

इस सवाल के जवाब में नोरा कहती हैं, पहले मैं जिस तरह से सोचती थी अब वह बिल्कुल बदल गया है। मैं प्यार और शादी के मामले में एकदम पुराने ख्याल रखती हूं। मैं भी शादी करके घर बसाना चाहती हूं।

### दिल का अच्छा होना है जरूरी

नोरा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं एक ऐसे जीवनसाथी की तलाश में जो ईश्वर में विश्वास रखता हो। साथ ही साथ उसकी परवरिश अच्छी हुई हो। मेरे लिए पैसे बाद में आते हैं उससे पहले मेरे लिए इंसान का दिल से अच्छा होना जरूरी है। सच कहूं तो आज की दुनिया में मतलबी लोग ज्यादा मिलते हैं जो आपका फायदा उठाना चाहते हैं।

# क्यों लिया आमिर से तलाक किरण राव ने फिर खोले राज

**आमिर** खान की पूर्व पत्नी किरण राव इन दिनों मीडिया में अपनी फिल्म लापता लेडीज और आमिर खान से तलाक को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। किरण राव ने 14 साल बाद निर्देशन में वापसी की है। कुल 6 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ का कारोबार करते हुए न सिर्फ अपनी लागत निकालने में सफलता पाई है अपितु अब मुनाफा भी कमा रही है। अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक साक्षात्कार में किरण राव ने आमिर खान से तलाक की वजह बताते हुए कहा मुझे ये फैसला लेते वक्त जरा भी डर नहीं लगा।



एक इंटरव्यू में किरण राव ने आमिर खान से अपने तलाक पर कहा - मुझे आमिर से तलाक लेते वक्त बिलकुल भी डर नहीं लगा था। इसी के साथ किरण राव ने उस जिम्मेदारी के बारे में बात की जो कि हर शादीशुदा महिला को निभानी पड़ती है। किरण राव ने कहा - शादी से एक साल पहले मैं आमिर खान के साथ रही थी। उस समय हम दोनों को पता था कि अगर हम अलग अलग इंडिविजुवल की तरह अच्छा काम कर रहे हैं। वैसा ही काम हम एक कपल की तरह भी करेंगे। शादी इसलिए भी जरूरी थी क्योंकि सोसाइटी में रहने के लिए उसके नियमों का पालन करना पड़ता है। इसके साथ ही शादी बच्चों के लिए भी जरूरी थी। किरण ने कहा - हमने शादी से पहले हर एक चीज को लेकर डिस्कशन किया था, लेकिन एक चीज ऐसी थी जो हमसे छूट गई थी।

वो थी शादी के बाद लड़कियों पर आने वाली जिम्मेदारी। शादी के बाद ये सिर्फ एक महिला की जिम्मेदारी तो नहीं कि वो घर को साफ रखे, सबको मिला-जुला कर रखे। किरण ने आगे कहा- मैं और आमिर हम दोनों अलग-अलग बहुत अच्छे दोस्त हो सकते हैं हम एक दूसरे की रिस्पेक्ट करते हैं ये रिस्पेक्ट और लगाव हमारे बीच हमेशा रहेगा। मैं खुश हूं कि हम दोनों समय रहते इस बात को समझ गए कि तलाक होने से रिश्ते खत्म नहीं होते।



# इम्तियाज ने शेयर किए रहमान के साथ स्टूडियो के जादुई पल

**लेखक** इम्तियाज अली इन दिनों अपनी आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने संगीत सत्र के दौरान हुए एक अनुभव के बारे में खुलकर बात की। फिल्म निर्माता ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि विदा करो गाने को बनाने की प्रक्रिया कुछ और थी। यह गाना दिलजीत दोसांझ द्वारा निभाए गए मुख्य किरदार के अंतिम क्षणों के दौरान आता है। इम्तियाज ने बताया, मेरे लिए वह जादुई क्षण था, जब रहमान सर ने आधी रात में कहा, चलो लाइटें बंद करें और मोमबत्तियां जलाएं। फिर वह पियानो बजाने लगे। वहां रहमान सर, मैं और इरशाद ( गीतकार इरशाद कामिल ) थे और हम एक सिचुएशन पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस तरह अमर सिंह चमकीला में विदा करो आया। जादुई ढंग से इरशाद ने तभी गीत लिखा। पूरा अनुभव कुछ और ही था।

- साभार एजेंसी